सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
20.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित          सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 335



12 पीएम मोदी आज बिहार को देंगे कई सौगात

## आफत की बारिश, हर ओर पानी ही पानी

### सभी नदियां उफान पर, तमाम शहर जलमग्न, कई लोगों की मौत, तेनुघाट, मैथन और चांडिल डैम के फाटक खोले गये

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** मॉनसून की आस लगाये झारखंडवासियों के लिए बारिश राहत नहीं आफत बनकर टूट पड़ी है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, धनबाद , हजारीबाग, पलामू, गुमला, लोहरदगा, लातेहार समे तमाम जिलों में लगातार भारी बारिश ने कोहराम मचा दिया है। सभी इलेके बाढ़ की चपेट में हैं। हर ओर देखने पर सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। जलप्रपात, डैम, बांध के अलावा नदी-नाले ऊफान पर हैं। कई कच्चे मकान धराशाई हो गये। इससे करीब दर्जन भर लोगों की मौत की खबर है। पानी के तेज बहाव के साथ जानवरों के साथ इंसान भी बह गये। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ को भी तैनात कर दिया गया है। पुल-पुलिया पानी में डूब रहे हैं तो खेत खलियान में पानी भर गया है।

जलप्रपातों ने रौद्र रूप ले लिया है। कई गांव जलमग्न हैं। वहीं राजधानी समेत तमाम जिलों में गली मुहल्लों ने नदी का रूप ले लिया है। कई जिलों में लगातार भारी बारिश के कारण कई शहर लबालब भर गये हैं। सड़कों पर भी पानी भर गया है। रांची के निचले इलाकों में मौजूद घरों में पानी घुस गया है। कई जिलों में डैम के फाटक खोले गये हैं। इससे किनारे के निवासियों पर खतरा मंडराने लगा है। खूंटी में एक पुल धंस गया है। लातेहार में डायवर्सन बहने की वजह से ट्रक जलमग्न हो गया है। हर जिले में प्रशासन के स्तर पर बारिश की वजह से हुई क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है।

(शेष पेज11 पर)





**बारिश से मंदिर भी आधा डूबा**

चतरा जिले में एक मंदिर की छत तक पानी पहुंच गया। पानी इतनी ज्यादा बरसा है कि मंदिर का केवल गुंबद ही नजर आ रहा है। यहां हालात गंभीर बताये जा रहे हैं और इसके आसपास किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है।





**डीपीएस का शिक्षक बहा**

डीपीएस रांची के शिक्षक भी पानी के तेज बहाव में बह गये। उनका अबतक कोई पता नहीं चल सका है। संगीत शिक्षक माइकल घोष अपने दो शिक्षक मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋत्विक सामंता के साथ गुरुवार को एक चार पहिया वाहन से करीब डेढ़ बजे जोन्हा फॉल घूमने पहुंचे थे।

**कहां क्या हुआ**

खेत, तालाब, कुआं, नदियां पानी से लबालब, पंचघाघ जलप्रपात अपने रौद्र रूप में।

**जमशेदपुर** : खरकई और स्वर्णरेखा उफान पर , लोगों से सतर्क रहने की अपील

**बोकारो**: तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट, नदी किनारे वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील।

**हजारीबाग** : बारिश से जलमग्न हुआ पूरे जिले में जगह-जगह जलजमाव की स्थिति, पानी में डूबा मंदिर।

**खूंटी** : पेलोल नदी पर बना पुल ध्वस्त, सिमडेगा और ओड़िशा से टूटा संपर्क।

**अड़की**: करकरी नदी पर निमार्णाधीन पुल में कार्यरत छह मजदूर तेज बहाव फंसे, एनडीआरएफ ने रेसक्यू कर बचाया।

घर गिरने से **तमाड़** में मासूम बच्ची, खूंटी के **तोरपा** में एक युवक की मौत।

**लातेहार** में एप्रोच पथ ध्वस्त, आवागमन बुरी तरह से प्रभावित। लातेहार में बारिश के कारण दो ट्रक नदी और नाले में डूब गये।

**धनबाद** में ओवरब्रिज की बुनियादी दीवार धंसी। हावड़ा-धनबाद-गया रेल खंड पर बरमसिया ओवरब्रिज की दीवार गिरी। आवागमन बाधित।

**कांके डैम** का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ा, राज्य के सबसे बड़े अस्पताल **रिम्स** के बेसमेंट में भी पानी भर गया है।

**भारी बारिश का असर, आज भी बंद रहेंगे सभी स्कूल**

मूसलधार बारिश को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने शुक्रवार को भी 12वीं तक की सभी कक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। लिहाजा, मौसम केंद्र, रांची से बारिश के पूवार्नुमान पर आधारित फीडबैक लेने के बाद स्कूलों को कल भी बंद रखने का फैसला लिया गया है। मौसम केंद्र ने शुक्रवार को गढ़वा, पलामू, चतरा, और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, और दुमका में येलो अलर्ट रहेगा।

**न्यूज डायरी**

### झारखंड का मोस्ट वांटेड निसार दिल्ली में धराया

**रांची।** झारखंड के मोस्ट वांटेड अपराधी निसार हसन उर्फ निशु को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया किया गया है। निसार पर जमशेदपुर में हत्या समेत कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने निसार की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार निसार बहरीन से भारत लौट रहा था, इसी दौरान लुकआउट नोटिस के जरिये उसे दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। वह जमशेदपुर के कुख्यात अमरनाथ गिरोह से जुड़ा था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। दिल्ली पुलिस की गिरफ्तारी की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हो गयी है। निसार पर करणी सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह समेत कई लोगों की हत्या का आरोप है।

### पद्मश्री छुटनी महतो के जीवन पर बनेगी फिल्म

**सरायकेला।** महिला डायन उत्पीड़न मामले में सामाजिक कार्य करने के लिए पद्मश्री से सम्मानित सरायकेला की छुटनी महतो के जीवन पर बायोपिक फिल्म बनने जा रही है। फिल्म तेलुगू के साथ हिंदी में भी रिलीज होगी और इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। पद्मश्री छुटनी महतो के जीवन पर आधारित बायोपिक में तेलुगू की एक मशहूर अभिनेत्री छुटनी महतो की मुख्य भूमिका निभायेंगी। जल्द ही फिल्म का निर्माण शुरू होगा। फिल्म की शूटिंग झारखंड में भी होगी।

### बाढ़ में बही महिला तीन बाइक सवार बचे

**चतरा।** दो दिनों से लगातार बारिश होने से जल जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरुवार को बाढ़ में एक महिला बह गयी,जिससे उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान प्रतापपुर थाना के मैराग निवासी भूपुन यादव (55) पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में की गयी। वह लथरवा नदी पार कर रही थी। तेज बहाव के कारण वह बह गयी। जब उसे निकाला तो उसकी मौत हो गई थी। वहीं टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुंदरू-गेरूआ नदी पर बने पीपा पुल पार कर रहे बाइक सवार तीन युवा पानी में बहने से बाल बाल बच गये। लोगों ने बाइक सहित युवाओं को बाहर निकाल।

### ईरान से निकाले गये 110 छात्र दिल्ली पहुंचे

नयी दिल ली। भारत के ऑपरेशन सिंधु के तहत युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र सकुशल स्वदेश पहुंच गये। इन्हें ईरान से पहले अर्मेनिया पहुंचाया गया। वहां से फ्लाइट 6ए 9487 से दिल्ली लाया गया। इनकी पहली उड़ान आज गुरुवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी पहुंची।

## ईरानी मिसाइलों से हिला इजराइल

### इजरायल ने परमाणु ठिकानों को बनाया निशाना

एजेंसी

**तेल अवीव।** ईरान और इजराइल के बीच चल रहा संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इजराइली वायुसेना ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया जिसे परमाणु हथियारों के लिए उपयोगी प्लूटोनियम उत्पादन से जोड़ा जाता है। वहीं जवाबी हमले में ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से इजराइल पर हमला बोला। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों की नयी लहर से कई शहरों पर तेज बमबारी की जिससे इजराइल हिल गया। मसाइलों की लहर थमने के बाद इजराइल के रक्षामंत्री काट्ज ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। होलोन में काट्ज ने तबाही देखकर कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आधुनिक हिटलर हैं। उन्होंने कहा कि इस आदमी को खत्म करना युद्ध के लक्ष्यों के अनुरूप है। अस्पतालों और शहरों को निशाना बनाना ठीक नहीं है।

**ईरान ने 30 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी**

ईरान ने गुरुवार तड़के करीब 30 बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल पर दागीं। इसमें बीर शीबा स्थित प्रमुख सोरोका अस्पताल और इसके मध्य क्षेत्र के सात प्रमुख स्थानों को नुकसान पहुंचा। एक मिसाइल इजरायल के दक्षिणी हिस्से के प्रमुख अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर सीधी गिरी। इसके अलावा, होलोन और रमात गन शहरों में भी ये



मिसाइलें गिरीं। यह हमला इजरायल पर एक बड़ा और गंभीर हमला माना जा रहा है। ईरानी हमले के बाद पुलिस ने एहतियातन इलाके को खाली कराना शुरू कर दिया है। सोरोका अस्पताल के पास हालांकि कोई सैन्य ठिकाना नहीं है।

**ईरान के जल रिएक्टर पर हमला**

इजराइली वायुसेना ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया जिसे परमाणु हथियारों के लिए उपयोगी प्लूटोनियम उत्पादन से जोड़ा जाता है। यह रिएक्टर तेहरान से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हमले से ठीक पहले इजराइली सेना ने चेतावनी जारी करते हुए स्थानीय लोगों से क्षेत्र खाली करने को कहा था। खबरों के मुताबिक इजराइली हमलों में अब तक ईरान में कम से कम 639 लोगों की मौत हो चुकी है।

## सिकल सेल पर नियंत्रण को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

### बेहतर इलाज देने का हो रहा प्रयास, सामूहिक प्रयासों से ही इसका उन्मूलन संभव

- पीड़ित युवक- युवतियों से किया सीधा संवाद
- जन जागरूकता की है जरूरत
- भावी पीढ़ी का सुरक्षित जीवन हमारी प्रतिबद्धता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वह गुरूवार को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रोग से प्रभावित युवक-युवतियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर दिया ताकि लोगों के बीच इस बीमारी के प्रति समझ बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है। इस दिशा में संक्रमितों को बेहतर जीवन देने का प्रयास कर



रहे हैं। इस बीमारी का असर सिर्फ मरीज को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को महसूस होता है।

**स्क्रीनिंग बढ़ाने की है जरूरत :** सीएम ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिये स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग होनी चाहिए और जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाये जायें। उनकी काउंसलिंग कर जांच दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध करायी जाये। इस बीमारी के निदान की दिशा में यह प्रयास होना चाहिए ताकि बच्चों के जन्म के साथ ही उसकी स्क्रीनिंग कराई जाये।

**मरीजों से ली जानकारी :** सीएम ने सिकल सेल से प्रभावित आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से संवाद कर उनकी बीमारी और उससे होने वाली परेशानियों और चल रहे इलाज की जानकारी ली। (शेष पेज 11 पर)

**सरकार रोकथाम को प्रयासरत**

सीएम ने कहा कि सिकल सेल से निपटने के लिये स्वास्थ्य विभाग और अन्य माध्यमों से कार्य किया जा रहे हैं। इसमें यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये कई कदम उठाये गये हैं। लोगों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को एक नियत समय पर अपडेट करते रहना चाहिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि सिकल सेल के संक्रमितों की जांच और इलाज की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिये।



## मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड के एनएसई में लिस्टिंग कार्यक्रम में बोले मंत्री राधा कृष्ण किशोर

# केंद्र सरकार की उपेक्षा के बाद भी झारखंड आत्मनिर्भर बनेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि यहां के उद्यमी की कंपनी के आईपीओ का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग हो गया। इससे कंपनी को कैपिटल मार्केट में एक प्लेटफार्म मिल गया। मुझे आशा है कि यह कंपनी आगे चलकर तेजी से विकास करेगा। वह, गुरुवार को रांची के उद्यमी प्रभात टेकरीवाल की कंपनी मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड के एनएसई में लिस्टिंग कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टैक्स की हिस्सेदारी में केंद्र सरकार का रवैया झारखंड के साथ सही नहीं है। केंद्र झारखंड को उसके हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। इससे कई योजनाएं प्रभावित हुई है।

**राज्य के ही टैक्स से झारखंड को आत्मनिर्भर बनाएंगे :** वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है कि राज्य के ही टैक्स से झारखंड को आत्मनिर्भर बनाएंगे। ताकि केंद्र के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़े। लघु उद्योगों को सहयोग के मामले में बैंकों का प्रदर्शन बहुत खराब है, इसे बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह, राज्य के उद्यमियों को विश्वास दिलाते हैं कि झारखंड सरकार उनके साथ है। बैंकों से भी आर्थिक मदद दिलाने में हर सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि मोनोलिथिश कंपनी अच्छा कार्य कर रही है। झारखंड सरकार की ओर से इस कंपनी को हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा।

### यह कंपनी तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगाः महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि रांची के व्यवसायी के कंपनी का आईपीओ एनएसई में लिस्टिंग हुआ। कंपनी के प्रति ग्राहकों के प्यार को देखते हुए लगता है यह कंपनी तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। एनएसई के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कृष्णन अय्यर ने कहा कि कैपिटल मार्केट में इस कंपनी का आना झारखंड के लिए अच्छी बात है। कंपनी का मुख्य ग्राहक देश के पूर्वी क्षेत्र के हैं। लिस्टिंग होने के बाद कंपनी को पूंजी एकत्र करने में लाभ होगा। जिसका फायदा ग्राहकों को भी मिलेगा। हेम सिक्योरिटीज के डायरेक्टर गौरव जैन ने कहा कि शुरूआती दौर में ही शेयर के लिए करीब 2 लाख आवेदन आ गए हैं। जो कंपनी के उज्जवल भविष्य को दशार्ती है।

## खबर एक नजर में

### शराब घोटाला मामले के आरोपियों की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में जेल में बंद तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह और जेएसबीसीएल के वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी से केस डायरी की मांग की। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 28 और 30 जून निर्धारित की है। गजेंद्र सिंह की याचिका पर 28 को सुधीर दास की याचिका पर 30 जून को सुनवाई होगी। गजेंद्र सिंह को 20 और सुधीर दास को 21 मई को गिरफ्तार किया था। तब से दोनों जेल में है। दोनों ने 18 जून को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

### एटीएस कोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**रांची।** एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार एवं दारोगा सोनू कुमार पर फायरिंग मामले में आरोपी चंदन साव को झटका लगा है। एटीएस कोर्ट ने उसको जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को एटीएस के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि फायरिंग की घटना के समय मुवक्किल जेल में था। इस मामले में जमानत की सुविधा मिलनी चाहिये। वहीं, एपीपी ने अदालत जमानत का विरोध किया। अदालत को जानकारी दी कि चंदन साव के खिलाफ 22 केस दर्ज है। चंदन साव को एटीएस ने उक्त मामले में तीन अगस्त 2023 को रिमांड पर लिया था। तब से वह जेल में है।

### सरकार की लापरवाही से गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज की मान्यता खतरे में : अजय साह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गोड्डा स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की गंभीर अव्यवस्था और इसकी मान्यता पर मंडरा रहे संकट को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य का एकमात्र होम्योपैथिक कॉलेज, सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते अपने अस्तित्व खोने की कगार पर है। जबकि, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय लगातार सहयोग दे रहा है। राज्य सरकार के रवैये से ऐसा प्रतीत होता है मानो वह जानबूझकर इस संस्थान को विफलता की ओर धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आज तक स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिससे संस्थान में प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गये हैं। इसके अलावा, कॉलेज में 42 स्वीकृत पदों के मुकाबले बीते एक दशक से मात्र 8-10 शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में छात्रावास की बेहद कमी है। छात्राओं को अस्पताल या हॉल जैसे स्थानों में बिना किसी मूलभूत सुविधा के एक साथ रहने को मजबूर किया गया है। साथ ही, इंटर्न हॉस्टल के अभाव में छात्रों को प्रतिदिन 40 किलोमीटर दूर गोड्डा शहर से कॉलेज तक आना-जाना पड़ता है। यह केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को 10,000 मासिक स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जो आयुष मंत्रालय के दिशा.निदेर्शों के विपरीत है। इतना ही नहीं, छात्रों को यह नाममात्र राशि भी समय पर नहीं मिलती है।

# बारिश से हुई क्षति का त्वरित आकलन कर शीघ्र भेजें रिपोर्ट डीसी: डॉ इरफान

## बाढ़, जलभराव और संकट की घड़ी में हर प्रशासनिक तंत्र अलर्ट मोड में रहें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में हो रही भारी वर्षा और संभावित बाढ़/जलभराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को आपात बैठक कर राज्य के सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, और संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग रांची द्वारा दी गई चेतावनी के अनुसार, आगामी दिनों में तेज बारिश, नदियों के जलस्तर में वृद्धि और बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सभी जिलों को एडवाइजरी भेज दी गई है। विभाग की सभी टीमें पूरी मुस्तैदी से तैयार है। लेकिन सबसे अहम है कि आमजन सचेत रहें और सरकारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। हमारा लक्ष्य हर जीवन की सुरक्षा करना है।

**बारिश से हुई क्षति का आकलन कर भेजें रिपोर्ट :** मंत्री ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देशित किया है कि वे भारी वर्षा से हुई क्षति का त्वरित आकलन कर उसका प्रतिवेदन शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रभावित लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा यथाशीघ्र प्रदान किया जा सके। आपदा की घड़ी में संयम, सतर्कता और सहयोग ही सबसे बड़ा हथियार है। झारखंड सरकार आपके साथ है।

### जारी की गई एडवाइजरी में विशेष निर्देश

**क्या करें**: बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें। जरूरी होने पर ही यात्रा करें और वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। बिजली उपकरणों को प्लग से निकालकर सुरक्षित करें। मच्छरों से बचाव हेतु उचित उपाय अपनाएं। साफ पानी का उपयोग करें और खुले खाद्य पदार्थों से बचें। मौसम अलर्ट और सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।

**क्या न करें**: जलमग्न सड़क, पुल, अंडरपास या नालों में प्रवेश न करें। बाढ़ के पानी में तैराकी या खेलकूद न करें। जेनरेटर का उपयोग घर के अंदर न करें। गिरे हुए विद्युत तारों के संपर्क में न आयें। तुरंत प्रशासन को सूचित करें। अत्यधिक बारिश के दौरान यात्रा या बाहरी गतिविधियों से बचें।

**विद्यालय बंद करने का सुझाव :** जिन जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है, वहां के उपायुक्तों को विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने का सुझाव दिया गया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनि>ित की जा सके।

### राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक ने दिया योगदान



**रांची।** झारखंड कैडर के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी सूरज कुमार ने ुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत्त राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक के पद पर अपना योगदान दिया। इसके साथ हीं उन्होंनें झारखंड राज्य आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ के रुप में भी पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होनें पदाधिकारियों से सूडा, झारखंड राज्य आवास बोर्ड और रांची स्मार्ट सिटी के तहत चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी ली तथा कई आवश्यक निर्देश भी दिये।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं०-2, राँची**

**कार्यालय आदेश**
**शुद्धि -पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No.355159 Building(25-26):D से प्रकाशित निविदा सख्या–24 / 2025–26 में निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान 04.07.2025 को 3:30 बजे नोडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडलस संख्या–02, रॉची द्वारा प्रकाशित किया गया है। निविदा सख्या–24 / 2025–26 क्र0 संख्या–04 के कार्य का नाम Renovation of "A" Type Qtr No-A 12/23, Doranda, Ranchi. के जगह पर कार्य का नाम Renovation of "A" Type Qtr No-A 12/13, Doranda, Ranchi. पढ़ा जाय। शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, रॉंची

PR 355465 Building (25-26)_D



**E-Procurement Notice**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION-2,Ranchi**
**Very Short Notice Inviting Tender 3rd Call**
Tender Reference No:-R.F.P 03 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02,RANCHI. Date:-20-06-2025

*Online* bids are invited by Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division-02,Ranchi for appointing *Consultancy Service for Preparation of DPR " Acoustics Treatment enhancement/ Design, testing of Sound system and Consultancy for the Jharkhand Vidhan Sabha Assembly Hall" at Dhurwa, Ranchi."* from qualified reputed Consultancy firms.

| | |
|---|---|
| Date of Upload of RFP Document | From 2606.2025 , 10.00 A.M. |
| Last date of online submission of RFP and Bid Document | 03.07.2025upto 1.00 P.M |
| Date and Time of Opening of Technical | 04.07.2025 at 1.00 P.M |
| Time of work completion | 02(Two) Months |
| Date of Pre Bid meeting | 01.07.2025 at 11.30 A.M. |
| Place of Pre Bid meeting | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Place of Opening | e-procurement Cell, Room No. 326A, 3rd Floor, Building Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi |
| Cost of RFP Documents | Rs.3,000/-( Three Thousand Only) |

Note-Only electronic receipt of Cost of Tender and Earnest Money Deposit (Bid Security) will be acceptable as per provisions of Standard Operating Procedure (SOP) Issued by Information Technology & e- Governance Department, Government of Jharkhand Vide Order Memo No. 120, Dt. 03.10.23 of Secretary, Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand. 2nd Call Tender Reference No-R.F.P 02 /2025-26/BCD/EE/DIV NO-02 and PR No-353634Building (25-26).D http://jharkhandtenders.gov.in

Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
BuildingConstruction Department,
Building Division-2,Ranchi.

PR 355440 Building(25-26)D


# झारखंड गौ सेवा को और सशक्त करेगी सरकार: शिल्पी नेहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में पारिस्थितिकीय संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो-सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को पशुपालन भवन, हेसाग (रांची) के सभागार में हुई। राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला का उद्घाटन कृषि, पशुपालन, सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। कार्यशाला में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशु से प्रेम व्यक्ति के व्यवहार और सोच को दशार्ता है। गौ सेवा हर किसी को निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। राज्य में गौ सेवा आयोग बेहतर काम कर रहा है। आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पास आयोग को बढ़ाने के लिए विजन है।

### पशुओं के लिए प्रति दिन 100 रुपए आहार के नाम पर होगा है भुगतान

कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जो पशुओं के लिए प्रति दिन 100 रुपए आहार के नाम पर भुगतान करती है। सरकार के द्वारा एक साल की राशि का भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के निबंधित गौशालाओं को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करने को तैयार है। कृषि मंत्री ने माना कि गौ शालाओं के जो सहयोग, अनुदान मिलना चाहिए, अपेक्षित रुप से नहीं मिल पा रहा है। सालाना अनुदान समय पर गौ शालाओं को मिले, इसके लिए प्रयास हो रहा है। कृषि विभाग अपने स्तर से गौ सेवा आयोग को और दुरूस्त करने को हरसंभव प्रयास करेगा। पिछले वर्ष में गौ शालाओं को अनुदान के तौर पर 2.50 करोड़ रुपए निबंधित गौ शालाओं को दिये जाने की भी सूचना शिल्पी नेहा तिर्की ने दी।

इस मौके पर झारखंड सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, कृषि, पशुपालन विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक पी, पूर्व केंद्रीय मंत्री और गुजरात के सांसद रहे डॉ वल्लभभाई कथीरिया, झारखंड गौ सेवा आयोग के सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, गौ अनुसंधान विकास केंद्र, नागपुर (महाराष्ट्र) के समन्वयक सुनील मान सिंहका, प्रादेशिक गौशाला संघ के महामंत्री अनिल मोदी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### अर्थव्यवस्था को गति देने में गौ माताओं का अहम योगदानः किशोर

कार्यशाला के दूसरे सत्र में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गो उद्यमिता विकास पर आधारित तकनीकी सत्र में गौ शालाओं और गो माताओं के महत्व को स्वीकार किया। कहा कि झारखंड गौ सेवा आयोग के स्तर से आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला के जरिए पता लगा कि गौमाता की और कितनी खासियत है। पहले हमसब दूध, दही, पनीर के बारे में पता था। पर सच यह है कि गोमाताओं से हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति कितनी विकसित होती रही है। हर भारतीय के मन में अपने देश के लिए जितना प्रेम रहता है, गोमाताओं के प्रति भी रहती है। दुनिया की जितनी सभ्यताएं उत्तर से दक्षिण, पूर्व से प>िम तक की रही है, उसमें सभ्यताओं के विकास में गौमाताओं का सबसे अहम योगदान रहा है। मंत्री ने गोमाताओं के महत्व को रेखांकित करते कहा कि मां की कोख से जन्म लेने के बाद वे गाय का दूध पीकर बडे हुए। उसका ही असर और परिणाम है कि आज राज्य में वित्त मंत्री के तौर पर जवाबदेही संभाल रहे हैं।

### इको सिस्टम के लिए भी पशुधन का महत्वः सचिव

सचिव अबु बकर सिद्दीक ने मौके पर कहा कि आज दुनिया में पर्यावरण बदलाव की बात हो रही है। पशु, पक्षियों के संरक्षण, संवर्धन के जरिए भी पर्यावरण संरक्षण के लिए मदद दी जा सकती है। इको सिस्टम को मजबूत करने में पशुधन का भी महत्व है। राज्य सरकार अपने स्तर से गो सेवा आयोग के जरिए और अन्य तरीकों से सहयोग दे रही है।

### गोबर, गोमूत्र का व्यावसायिक उपयोग का समयः वल्लभभाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ वल्लभभाई कथीरिया समेत सुनील मानसिंह, डॉ सत्यप्रकाश समेत अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि देश में गोमूत्र, गोबर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। मेडिकल साइंस की रिपोर्ट में इसके जरिए कई असाध्य बीमारियों के ईलाज, प्राकृतिक खेती का जिक्र हो रहा है। देशी गाय का पालन और उसके दूध के जरिए भी लाभ उठाया जा रहा है। गोपालन और इसके जरिए स्टार्ट अप के भी सफल उदाहरणों का जिक्र विशेषज्ञों ने किया।

### गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मिशन पर आयोगः राजीव रंजन

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उद्घाटन सत्र के दौरान कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों के विशेषज्ञ यहां जुटे हैं। शिमला, गोवा, राजस्थान, मैसूर (कर्नाटक), बंगाल जैसी जगहों के एक्सपर्ट गौ सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं पर चर्चा करेंगे। इसका उपयोग आनेवाले समय में आदर्श नीति बनाने में होगा। पहले यहां के गो सेवा आयोग का काम गौशालाओं को अनुदान देने और आधारभूत संरचनाओं के विकास में योगदान देने तक था। पर हेमंत सोरेन सरकार में अब गौ शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी पहल हो रही है।

### गो पालन के जरिए महिला सशक्तिकरणः राजू गिरी

उपाध्यक्ष राजू गिरी ने राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला के आयोजन के लिए सुझाव देने में कृषि सचिव को विशेष तौर पर धन्यवाद दिया। कहा कि हेमंत सरकार के मार्गदर्शन में गौशालाओं को मजबूत करने का प्रयास जारी है। राज्य भर की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अभियान चल रहा है। प्रशिक्षण देकर गोबर से दीप,अगरबत्ती तैयार कराये जा रहे हैं। अभी 200-200 महिलाओं को प्रशिक्षण मिला है। आगे 5000 से अधिक को ट्रेंड किया जायेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 24 / 2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 26-06-2025 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 28-06-2025 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 28-06-2025 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, रॉंची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) E/R to DC Residence (Inner Sides) in Simdega. (ii) E/R to DC Residence (Outer Sides) in Simdega. | 4,99,500.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 355423 Simdega(25-26).D


# एनईपी-2020 : प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए शिक्षक तैयार करेगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए शिक्षक तैयार करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम दो वर्ष का होगा, जिसमें नामांकन 12वीं कक्षा के बाद होगा। इस पाठ्यक्रम को पूरा करने वाले युवा प्री नर्सरी के साथ-साथ पहली और दूसरी कक्षा के शिक्षक बन सकेंगे

**पाठ्यक्रम का क्या है उद्देश्य :** पाठ्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षक तैयार करना है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य उन युवाओं को शिक्षक के रूप में तैयार करना है, जो तीन से आठ वर्ष के बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। यह पाठ्यक्रम बच्चों के समग्र विकास, जैसे कि सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। झारखंड में वर्तमान में मात्र एक संस्थान गढ़वा के गुरुपद शिक्षक प्रशिक्षण कालेज में इस पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है

### पाठ्यक्रम की विशेषताएं

**क्रेडिट आधारित :** यह पाठ्यक्रम नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुसार कई क्रेडिट होंगे, जिनका उल्लेख भी करिकुलम में किया गया है।

**थ्योरी और प्रैक्टिकल :** कुल 40 क्रेडिट में थ्योरी और प्रैक्टिकल का अनुपात पांच अनुपात तीन का होगा।

**स्कूल एक्सपीरिएंस प्रोग्राम :** दो वर्ष के पाठ्यक्रम के दौरान अंतिम 90 दिन स्कूलों में कक्षाएं लेनी होगी।

### चार्जशीटेड दो आरोपियों को मिली एबीपी

जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड दो आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में गुरुवार को आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रमोद राम एवं राहुल आनंद को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी।

# स्वर्णरेखा-खरकाई में उफान, कई बस्तियों में घुसा पानी

## खतरे से ऊपर बह रही दोनों नदियां, प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लगातार दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जमशेदपुर की स्वर्णरेखा और खरकाई नदी का जल स्तर आज पूर्वान्ह खतरे के निशान से ऊपर चला गया। नदियों में ऊफान के चलते जमशेदपुर के बागबेड़ा, कदमा, सोनारी और मानगो क्षेत्र के तट के समीप की बस्तियों में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति और मानगो नगर निगम के उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार को प्रभावित बस्ती क्षेत्रों में दौरा कर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

बुधवार से हो रही लगातार बारिश के कारण जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों के घरों में पानी घुस गया है। इन इलाकों में मानगो का नित्यानंद कॉलोनी, देशबंधु लाइन, कालिकानगर, टैंक रोड, शंकोसाई, रामनगर, करीम सिटी कॉलेज का इलाका प्रमुख है। सोनारी में आदर्शनगर के फेज 4, 7 और 9, अमृता अपार्टमेंट, जाहिरा बस्ती आदि में भीषण जल जमाव हो गया है।

दूसरी ओर शहर के दक्षिणी छोर पर बसे बागबेड़ा क्षेत्र की बस्तियों में पानी तेजी से बढ़ रही है। बागबेड़ा निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध झा ने खबर मन्त्र को बताया कि बागबेडा के नया बस्ती में 200 से ऊपर मकान बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सिद्धू कानू बस्ती में 13 मकान में पानी घुस गया। बाबा कुटी के निचला इलाका में कई घरों में पानी घुसा है। सीपी टोला प्रधान टोला हरहर गुट्टु के निचले इलाका में कई घरों में पानी का प्रवेश हो चुका है, लगभग 350 घरों से भी ऊपर घरों में पानी बागबड़ा क्षेत्र में प्रवेश कर गया है, शिवनगर के निचला इलाका गणेश नगर का निचला इलाका राधा कृष्ण मंदिर का निचला इलाका के कई घरों में पानी तेजी से बढ़ रहा है।




शाम साढ़े छह बजे मानगो ब्रिज से स्वर्णरेखा के उफान का दृश्य और अपराह्न 3.30 बजे स्वर्णरखा और खरकाई के संगम स्थल दोमुहानी पर बढ़ते जलस्तर को देखते लोग।

### मानगो पारडीह कालीमंदिर जलमग्न आशियाना के वुडलैंड में भी पानी घुसा



पारडीह काली मंदिर के पास जल जमाव के बाद नाव खेती एनडीआरएफ की टीम।

**जमशेदपुर।** मानगो पारडीह कालीमंदिर के दाहिनी ओर वाला क्षेत्र दलमा पहाड़ से आने वाले बारिश के पानी से जलमग्न हो गया। एनएच-33 यहीं से होकर गुजरा है। एनएच-33 के पर वर्षा जल निकासी के लिए पुल नहीं बनने के कारण यहां वर्षा जल जमाव से बिचित्र स्थिति हो गई। आशियाना वुडलैंड जैसे पॉश इलाके में भी जल जमाव हो गया तो गोल्डन लीफ जाने वाला रास्ता पुरी तरह पानी में डूब गया। यहां खतरनाक स्थिति को भांपते हुए प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को नाव के सहारे क्षेत्र का मुआयना करने के लिए भेजा। बाद में एसडीओ ने वहां अपनी उपस्थिति में एनएच-33 से वारिश के पानी की निकासी के लिए जेसीबी से रोड कटवाया ताकि पानी पश्चिमी छोर के नाले से होकर बाहर निकल जाए।




जल निकासी के लिए एनएच-33 की सड़क को जेसीबी से कटवाता प्रशासन और सोनारी के आदर्शनगर में जल जमाव की दृश्य।

### बायांगबिल-खरकाई के दो और चांडिल डैम के 6 फाटक खुले

#### विकराल बनी खरकाई और स्वर्णरिखा नदी

**जमशेदपुर।** ओडिसा स्थित ब्यांगबिल और खरकाई डैम के दो-दो फाटक वर्षा जल के दबाव के चलते खोल दिया गया है जबकि स्वर्णरेखा नदी पर बने सबसे बड़े चांडिल डैम में पानी का दबाव बढ़ने पर अपराह्न 4 बजे छह फाटक खोल दिए गए। इससे जमशेदपुर में खरकाई और स्वर्णरेखा नदी ने विकराल रुप ले लिया है। दोनों ही नदिया खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, और तटवर्ती क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। लगातार हो रही वारिश से नदियों ने विकराल रुप ले लिया है और तटवर्ती क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं। जमशेदपुर प्रशासन ने देर रात निचले तट में फंसे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरु कर दिया है।

#### नदी का जल स्तर रात्रि @ 08:45

| | |
|---|---|
| ■ स्वर्णरेखा नदी : मानगो पुल के पास जल स्तर | ■ खरकाई नदी : आदित्यपुर पुल के पास जल स्तर |
| ■ खतरे का लेवल : 121.50 मीटर | ■ खतरे का लेवल : 129 मीटर |
| ■ वर्तमान लेवल : 123.86 मीटर | ■ वर्तमान जल स्तर : 134.05 मीटर |




### पारडीह चौक के नजदीक एनएच-33 क्षतिग्रस्त, रूट डायवर्ट

**जमशेदपुर।** पारडीह चौक के नजदीक अत्यधिक वर्षा के कारण हुए जल जमाव से एनएच0-33 पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आवागमन संभव नहीं है। जमशेदपुर शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है जो निम्नवत है-

>> बहरागोड़ा, घाटशिला की ओर से आने वाली भारी वाहनों को सुरदा कसिंग (मउभंडार) अण्डर पास से सुरदा चौक (मुसाबनी हाता मुख्य मार्ग) हाता चौक जमशेदपुर रेलवे स्टेशन से आदित्यपुर : कदमा टोल ब्रिज ध्डोबो नया पुल होते हुए रांची की ओर वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है।

>> रांची की ओर से आ रहे भारी वाहन के लिए वैकल्पिक मार्ग कांड्रा से आदित्यपुर-टाटानगर रेलवे स्टेशन- हाता चौक- सुरदा चौक (मुसाबनी हाता मुख्य मार्ग)- सुरदा कसिंग (मऊभंडार) अण्डर पास होते हुए बहरागोड़ा, घाटशिला की ओर निकल जायेगी।

>> यह व्यवस्था अगले आदेश अथवा एनएच-33 का क्षतिग्रस्त हिस्सा पुर्णस्थापित होने तक प्रभावी रहेगा।



### भारी बारिश के दौरान क्या करें/ क्या न करें

- सुरक्षात्मक कपड़े पहनें और घर के अंदर आश्रय लें।
- भारी बारिश और तेज हवाओं के दौरान खिड़कियों और दरवाजों से दूर रहें।
- तूफान के दौरान संवेदनशील इलेक्ट्रनिक उपकरणों को बिजली के तीव्र प्रवाह से बचाने के लिए उनका प्लग निकाल दें।
- नदी, नालों, सड़क के अंडरपास, जल निकासी खाइयों, निचले इलाकों और उन क्षेत्रों से बचें जहां पानी इकट्ठा होता है वहां अप्रत्याशित रूप से बाढ़ आ सकती है या पानी ओवरफ्लो हो सकता है।
- खराब दृश्यता के कारण भारी बारिश में गाड़ी चलाने से बचें। यदि संभव हो तो, अपनी गाड़ी पार्क करें और तब तक प्रतीक्षा करें जब तक बारिश धीमी न हो जाए या रुक न जाए, उसके बाद ही अपनी यात्रा जारी रखें।
- बाढ़ वाली सड़क पर गाड़ी चलाने की कोशिश न करें। पानी दिखने से ज्यादा गहरा और तेज हो सकता है और उसमें मलबा, नुकीली या खतरनाक चीजें, गड्ढे या बिजली के तार हो सकते हैं।
- तेज बहाव या बाढ़ के पानी में फंसने पर वाहन अस्थिर हो सकते हैं या बह भी सकते हैं। वाहन को विस्थापित करने के लिए बस कुछ इंच पानी ही काफी होता है।
- बिजली की लाइनों या विद्युत तारों से दूर रहें। यदि आपको कोई बिजली का तार टूटा हुआ दिखाई दे तो वहां से दूर रहें और इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को दें।
- घर के अन्दर जेनरेटर का उपयोग न करें। जेनरेटर से कार्बन मोनोअक्साइड उत्पन्न होती है, जो घातक हो सकती है।
- बाढ़ का पानी दूषित हो सकता है और उसमें मलबा या तेज बहाव जैसे खतरे छिपे हो सकते हैं।
- बाढ़ के पानी में तैराकी न करें। संभावित खतरों के कारण बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मनोरंजक गतिविधियों से बचें।
- स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को नजरअंदाज न करें। स्वच्छ पानी पिएं, सड़क पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें।
- अचानक बाढ़ की चेतावनी एवं अलर्ट तथा मौसम चेतावनियों की जानकारी रखें

### जमशेदपुर एयरपोर्ट की बाउंड्री गिरी



**जमशेदपुर।** भारी वारिश के चलते जमशेदपुर एयरपोर्ट की सोनारी से कदमा जाने वाले सड़क के किनारे की बाउंड्री कई मीटर तक गिर गई। टाटा स्टील प्रबंधन ने आनन फानन में अपना क्विक रिस्पांस टीम को भेज कर मलवा हट वाया ताकि यातायात सुचारु रह सके। साथ ही टिना शीट से अस्थायी बाउंड्री बनवा दी ताकि एयरपोट में सुरक्षा बनी रहे और अवांक्षित तत्व अथवा जानवर घुसपैठ नहीं कर सकें।

## टाटानगर रेलवे यार्ड में जल जमाव, कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के औद्योगिक नगर जमशेदपुर के टाटानगर रेलवे यार्ड में मंगलवार देर रात से हुई लगातार बारिश के चलते गंभीर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाली दर्जनों ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बाधित हो गया। बुधवार, 19 जून को 25 से अधिक ट्रेनें रद्द कर दी गईं, वहीं कई महत्वपूर्ण लंबी दूरी की ट्रेनें वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट की गईं और कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन अथवा प्रस्थान किया गया।

**रेलवे यार्ड जलमग्न, निरीक्षण करने पहुंचे जीएम :** जलजमाव की स्थिति का जायजा लेने बुधवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) अनिल मिश्रा स्वयं टाटानगर पहुंचे। गौरतलब है कि उनका पूर्व निर्धारित निरीक्षण दौरा राउरकेला के लिए तय था, लेकिन रेलवे ट्रैक पर जमा पानी के चलते वह यात्रा रद्द कर सीधे टाटानगर पहुंच गए। यार्ड में निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि बारिश का पानी पटरी पर जम चुका है और जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

स्थानीय रेलवे अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जीएम अनिल मिश्रा ने चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम और टाटानगर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को यार्ड में बुलाकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्वयं यार्ड में पानी में खड़े होकर स्थिति का मुआयना किया और तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।




टाटानगर रेलवे यार्ड की पटरियों पर जल जमाव का दृश्य और रेलवे यार्ड से जल निकासी के लिए जेसीबी का सहारा लेते अधिकारी।

**रेलवे कर्मचारियों की टीम तैनात, जलनिकासी हेतु पंपिंग शुरू**

जीएम मिश्रा के निर्देश पर तुरंत रेलवे की आपातकालीन टीमें सक्रिय की गईं। यार्ड से पानी निकालने के लिए हाई कैपेसिटी पंप लगाए गए हैं। वहीं, ट्रैक की मरम्मत और सिग्नलिंग सिस्टम की जांच हेतु तकनीकी विशेषज्ञों की टीम यार्ड में लगातार कार्यरत है। रेलवे ने आश्वस्त किया है कि हालात सामान्य होने में 24 से 48 घंटे तक का समय लग सकता है।

**रेल प्रशासन का दावाः राहत कार्य तेज, जल्द बहाल होंगी सेवाएं**

रेलवे प्रवक्ता के अनुसार, टाटानगर यार्ड में जलजमाव मुख्यतः ड्रेनेज सिस्टम की अस्थायी विफलता के कारण हुआ। लगातार भारी बारिश से पानी का बहाव बाधित हुआ और प्लेटफर्म से जुड़े ट्रैक जलमग्न हो गए।

रेल प्रशासन ने बयान जारी कर कहा कि आपातकालीन टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। हाई-पावर पंपिंग सिस्टम से पानी निकाला जा रहा है। सिग्नलिंग और पथ निरीक्षण कार्य किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। रेलवे ने आग्रह किया है कि जब तक स्थितियां सामान्य नहीं हो जातीं, यात्री यात्रा से पूर्व अपने गंतव्य की स्थिति रेलवे की वेबसाइट या हेल्पलाइन से अवश्य जांच लें।

**टाटानगर स्टेशन पर विशेष हेल्प डेस्क की स्थापना**

रेलवे ने यात्रियों की सहायता के लिए टाटानगर, चक्रधरपुर, पुरुलिया और आद्रा स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किये हैं। यहां टिकट रद्द करने, वैकल्पिक बुकिंग और मार्गदर्शन हेतु कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## भुइयांडीह, बागुनहातु और बारीडीह बस्ती में घुस गया स्वर्णरिखा का पानी

- जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने तटीय इलाकों का किया निरीक्षण
- राहत कार्यों में तेजी लाने और प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर में बीते दो दिनों से जारी लगातार भारी बारिश के कारण स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे सीतारामडेरा, सिद्गोड़ा थाना क्षेत्र समेत कई तटीय इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलभराव और जनजीवन पर पड़े इसके व्यापक प्रभाव को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक साहू भुइयांडीह, कल्याण नगर, गौतम विहार, बागुनहातु एवं बारीडीह बस्ती जैसे संवेदनशील इलाकों में पहुंचीं।



जल जमाव का निरीक्षण के दौरान बस्तीवासियों से बात करती विधायक पूर्णिमा साहू।

## सीएम से मिले जुस्को यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 7वीं बार जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर आनेवाले रघुनाथ पांडेय 18 जून को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड सरकार मंत्री दीपिका पांडेय से औपचारिक मुलाकात किये। मुख्यमंत्री ने श्री पांडेय को लगातार सातवीं बार यूनियन अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहुत बधाई दी। एवं परिचर्चा के दौरान कहा कि राज्य के विकास की दिशा में मजदूर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रघुनाथ पांडे जी के नेतृत्व को सराहना की।



सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के पश्चात मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के साथ रघुनराथ पांडेय।

## सरयू राय ने किया जल जमाव वाले इलाकों का भ्रमण

- अपने सामने नाले को चौड़ा करा उसकी सफाई करवायी
- फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी से जल निकासी नालों को साफ करने को कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों के जल जमाव वाले इलाकों का अपने कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण किया। श्री राय के साथ जमशेदपुर अक्षेस और मानगो नगर निगम के पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्हें तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने का निर्देश श्री राय ने दिया।



जल जमाव वाले क्षेत्रों में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त के साथ निरीक्षण करते विधायक सरयू राय।

सरयू राय ने बताया कि मानगो फ्लाईओवर निर्माण के दौरानी जल निकासी नाला को संकरा कर दिए जाने के कारण जल प्रवाह बाधित हो गया है। श्री राय घटना स्थल पर खुद खड़े होकर 3 जेसीबी लगवाकर जल निकासी नाला को चौड़ा करवाया और अपने ही सामने इनकी सफाई भी करवाई। कालिकानगर में भी वैकल्पिक जल निकासी नाला बनाने की बात हुई। नित्यानंद कॉलोनी और देशबंधु लाइन में आजादनगर की तरफ से आनेवाले नाले की दिशा परिवर्तन करने की योजना का प्राक्कलन विगत 4 महीने से नगर विकास विभाग में पेंडिंग है। विधायक ने कहा कि अगर इसकी स्वीति हो गई होती तो वहाँ इतनी गंभीर स्थिति नहीं होती। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दीपक सहाय को भी निर्देश दिया कि फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी से वे जल निकासी नालों की बाधा को दूर कराएं।

श्री राय ने इस बात पर अचरज जताया कि डिमना चौक पर घुटना भर से अधिक तेज जल प्रवाह दिखा। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण एनएचएआई की ओर से फ्लाईओवर बनाने वाली कंपनी द्वारा काम के दौरान जल निकासी मार्गों को बाधित करना है। एनएचएआई के अभियंताओं से उन्होंने इसे ठीक करने को कहा। इसके ठीक नीचे आस्था स्पेस टाउन और वाटिका ग्रीन सिटी में भी पानी का रुका होना यही साबित करता है कि जल निकासी नालों को दुरूस्त करने का पर्याप्त प्रयास नहीं हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेसियों ने राहुल का 55वां जन्मदिन मनाया

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन का आयोजन वृहद पैमाने पर कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में हुई। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल के अलावा बड़े पैमाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### हजरत शाह अहमद अली र. की 5 वीं बरसी संपन्न

**जमशेदपुर।** पीरतरिकत हजरत शाह अहमद अली फिरदौसी र. की पांचवी बरसी (पुण्यतिथि) जाकिरनगर ईस्ट के खानकाहे शरफ मे आज श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रातः 6 बजे कुरानख्वानी , 9 बजे चादरपोशी की गयी। प्रातः 10 बजे मिलादुन नबी स. कार्यक्रम का आयोजन खानकाह के सज्जादानशीं मौलाना शाह हस्सान अहमद उसमानी की अध्यक्षता में की गयी।

### रिलायंस ज्वेल्स लाया बिग बैंगल फेस्ट

**जमशेदपुर।** भारत के सबसे भरोसेमंद एवं सबसे पसंदीदा ज्वैलरी रीटेलरों में से एक रिलायन्स ज्वैल्स ने शादियों एवं त्योहारों के आगामी सीजन को देखते हुए बिग बैंगल फेस्ट के लन्च की घोषणा की है। उपभोक्ता इस लिमिटेड-टाईम फेस्टिव अफर के तहत गोल्ड बैंगल्स के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 और डायमंड बैंगल्स पर 35 प्रतिशत छूट (डायमण्ड की कीमत और मेकिंग चार्ज दोनों को मिलाकर) का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर रिलायंस ज्वेल्स के सभी स्टोर्स एवं अनलाईन 7 जुलाई तक बैंगल्स की खरीद पर उपलब्ध है।

### 85 बार रक्तदान करने वाले पंकज सम्मानित

**जमशेदपुर।** 85 बार रक्तदान करने वाले पंकज कुमार (टाटा मोटर्स कर्मी) के सम्मान में टाटा मोटर्स ब्लड डोनेशन सेंटर में सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर कार्यक्रम किया गया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। टाटा मोटर्स कमन सर्विसेज डिपार्टमेंट के इस रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह में सीसीई के हेड गुलाम मंडल, ईआर एवं सीएसआर के जीएम सौमिक रय भी थे।

## एक नजर में

### जादूगोड़ा : स्वर्णरिखा नदी में उफान से हजारों क्विंटल मछलियां बहकर खेतों में पहुंची




**जादूगोड़ा।** बीते 48 घंटा से लगातार हो रही बारिश भले ही कई लोगों को परेशानियों से रूबरू होना पड़ा लेकिन जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के हाथीविंदा पंचायत के भालुकडीह गांव के ग्रामीणों के लिए बारिश कमाई का साधन बन गया।गांव की बगल से गुजरती स्वर्णरेखा नदी से बहकर कई क्विंटल मछली खेतों में पहुंच गई जिसे ग्रामीणों ने जाल फेक का पकड़ी। जिसे गांव में घूम ऋ घूम कर 50 रुपया किलो ग्रामीणों ने बेच कर अच्छी कमाई की। इस मौके पर ढाई किलो की मछली भालुकडीह गांव के चित्र रथ सिंह,विष्णु महतो, विश्वनाथ महतो, मनींद्र नाथ महतो ने पकड़ी व ग्रामीणों को सौंप दिया।

### गुर्रा नदी में उफान, यूसील डैम के 5 फाटक खुले

**जादूगोड़ा।** बीते 48 घंटा से लगातार हो रही बारिश से जादूगोड़ा शिव मन्दिर के नीचे से गुजरने वाली गुरा नदी उफान है व खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। खतरे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यूसिल डैम में लगे पांचों फाटक खोल दी गई है। जिससे मंदिर से सटे यूसिल कलोनी की चारदीवारी में नदी का पानी प्रवेश कर गया। यहां बने छठ घाट का शेड को नदी का पानी आपने आगोश में ले लिया हुआ। फिलहाल यूसिल कर्मी अलर्ट मोड में है व लगातार नदी का बढ़ते जल स्तर पर नजर रखे हुए है।इसी तरह लगातार बारिश हुई तो नदी से सटे यूसिल कलोनी का बी टाइप का आधा दर्जन क्वाटर में बाढ़ का पानी घुसने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सरायकेला जिला प्रशासन ने भी जारी किये आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के नंबर

**जमशेदपुर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं संभावित आपदा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन, सरायकेला-खरसावां द्वारा आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपदा संबंधी जानकारी, सहायता अथवा संदेह की स्थिति में तुरंत नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें : जिला नियंत्रण कक्ष (आपदा प्रबंधन विभाग) मोबाइल नंबर : 91 92045 87147 पर संपर्क करें।

### आज भी कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई स्थगित : डीसी



**जमशेदपुर।** भारत मौसम विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 24 घंटों में जिले में लगातार भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। साथ ही अप्रत्याशित वृष्टि के कारण जल जमाव एवं नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है जिससे जन-जीवन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा उक्त परिस्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के अंतर्गत जिले के कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी कोटि के सरकारी, निजी, अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 20062025 (शुक्रवार) को अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश एहतियातन तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनहित में जारी किया गया है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे के निर्देश यथासमय जारी किये जायेंगे।

### नव पदस्थापित डीडीसी ने ग्रहण किया पदभार डीसी से की शिष्टाचार भेंट



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में नवपदस्थापित डीडीसी नागेंद्र पासवान ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उपायुक्त ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि जिला के विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। वहीं, कार्यभार ग्रहण के दौरान उप विकास आयुक्त से निदेशक एनईपी, डीटीओ, कोषागार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात कर नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## स्पीड न्यूज

### घटिया सड़क निर्माण कार्य देख भड़के ग्रामीण, काम रोक जांच की मांग की



**पांडू, पलामू।** पूजा कंट्रक्शन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पांडू से नावा बाजार तक लगभग 11.5 करोड़ की लागत से कुल 17.5 किलोमीटर सड़क बना रही है, जो कालीकरण शुरू होते ही टूटना शुरू हो गया है। अभी महज आधा किमी ही सड़क बनी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक बारिश में भी पिच का काम कर रहा है, जिससे पैर से खोदने पर भी पिच उखड़ जा रहा है। सड़क पर पिच कम देकर उस पर जीरा गिट्टी रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित जेई पर घटिया निर्माण में संवेदक को सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने जेई पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह से तत्काल इस सड़क की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने एवं दोबारा सड़क बनाने को कहा है। मौके पर सुरेंद्र सिंह, शंभु चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, अरबिंद सिंह, मुस्लिम अंसारी, वाहिद अंसारी, गुलाम याहिया, ननदेव सिंह, नसरुदीन अंसारी का नाम शामिल है।

### नये प्रदेश अध्यक्ष को देवघर विधायक और हुसैनाबाद प्रमुख ने दी बधाई



**हुसैनाबाद, पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष की कमान हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव को मिलते ही राज्य भर के राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इसी सप्ताह राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश पर झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में उन्हें पुनः राजद प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व के लिए चुना। तब से लेकर आज तक लगातार बैठक के दौर चालू है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बारी-बारी से अपने नये व पुराने कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम को संगठित करने में लगे हुए हैं। वहीं गुरुवार को रांची प्रदेश कार्यालय में देवघर के विधायक सुरेश पासवान, हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राज अली, मदन पासवान समेत पलामू जिला व हुसैनाबाद के सैकड़ों राजद कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर बधाई दी। वहीं दूरभाष से प्रमुख ने बताया कि हुसैनाबाद के जन-जन के नेता व हमारे क्षेत्र के विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेता व केंद्रीय नेता सभी लोग धन्यवाद के पात्र है। उनके नेतृत्व राजद राज्य में एक बड़ी पार्टी बन कर उभरी है हमलोग आज के समय में चार विधायक हैं आगे उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा।

### हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



**छतरपुर पलामू।** नौडीहा बाजार पुलिस ने हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने बताया कि 18 जून को नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मंगराडीह, करकटा में दो युवक अवैध हथियार के साथ हैं, जो फोटो और वीडियो बनाकर लोगों को दिखाते हैं तथा डरा-धमका रहे हैं। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर नौडीहा बाजार थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर छापामारी की, जिसमें दो युवकों को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सोनु कुमार (20) पिता रामेश्वर राम, मंगराडीह, करकटा, थाना नौडीहा बाजार, पलामू और सुरज कुमार (19) पिता उपेंद्र राम, श्रीपालपुर, थाना पीपरा, पलामू शामिल है। पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा और एक रियलमी मोबाइल फोन बरामद किया है।

### डीसी से मिला पंचायत सचिव संघ



**मेदिनीनगर।** पंचायत सचिव संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त समीरा एस से मिलकर समस्या संबंधी आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नेतृत्व संघ के मुख्य संरक्षक मनु तिवारी व पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष विनय शर्मा ने किया। जिसमें वशिष्ठ तिवारी, पियूष तिवारी, सतीश दुबे, प्रियंका कुमारी शामिल थे। संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त के सफल नेतृत्व व दिशा-निर्देश में समर्पण भाव से पूरी तत्परता व निष्ठाभाव से अपनी सेवा देने के प्रति वचनबद्धता को दुहराते हुए पलामू जिला पंचायत सचिवों के समक्ष अपनी समस्याओं के निदान हेतु आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। उपायुक्त ने सभी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए निदान करने की दिशा में आश्वस्त कराया गया। मांगों में पंचायत सचिव को सम्यक रूप से बगैर जांच कराये हुए निर्दोष पंचायत सचिव पर निलंबन की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने, निलंबित पंचायत सचिवों को निलंबन मुक्त करने, समस्याग्रस्त पुरुष पंचायत सचिव व महिला पंचायत सचिवों को नजदीक के प्रखंड में पदस्थापित करने, ग्राम पंचायत व प्रखंड में जनप्रतिनिधि के रिश्तेदारों के द्वारा बेवजह पंचायत सचिवों पर दवाब बनाने पर रोक लगाने की मांगें शामिल है।

### आजाद समाज पार्टी किसी जाति वर्ग या समाज का विरोधी नहीं : मुमताज



**मेदिनीनगर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चंद्रशेखर आजाद के विरुद्ध सोशल मीडिया पर गाली गलौज एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल ने वीडियो वायरल किया था जिससे आहत जिला कमेटी ने एससी एसटी थाना में आवेदन देकर तथ्यों की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। इस पर पलटवार करते हुए ब्राह्मण समाज ने बैठक कर समाचार पत्रों में यह प्रकाशित किया कि आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह चेरो व अन्य ब्राह्मण समाज को बदनाम करने व ब्राह्मण समाज के सदस्य को साजिश के तहत फंसाने का षड्यंत्र किया है। इन बिंदुओं पर नावाटोली स्थित जिला कार्यालय में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज खां ने कहा कि पार्टी या भीम आर्मी किसी जाति विशेष वर्ग या समाज के विरोधी नहीं है।

# औद्योगिक क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स नहीं ले सकता है निगम : उदय शंकर दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर के द्वारा झारखंड चैंबर के रीजनल उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे उर्फ रिंकू दुबे को एक पत्र प्रेषित कर कहा गया था कि इंडस्ट्रियल एस्टेट जो जयादा अधीन है उस औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, सफाई हेतु एक अच्छी खासी रकम जयादा को उद्यमी वार्षिक देते हैं फिर नगर निगम द्वारा भी होल्डिंग टैक्स मांगा जा रहा जो गलत है। इस पत्र के आलोक में रीजनल उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्क्यूटिव बैठक में बात उठाई जिस पर बैठक में बताया गया कि निगम अलग से कोई भी पैसा औद्योगिक क्षेत्र में नहीं ले सकता है।



बैठक में यह भी बताया गया झारखंड सरकार देश-विदेश घूम कर उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्र बनाकर उन्हें उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वहीं दोहरा टैक्स का कोई प्रावधान नहीं है। बैठक के बाद झारखंड चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष द्वारा सरकार द्वारा निर्गत पत्र का कॉपी भी उपलब्ध कराया। रीजनल उपाध्यक्ष श्री दुबे ने इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु पलामू में नए औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए भूमि की अनुपलब्धता पर भी चर्चा की जिस पर कमेटी ने बताया पर उपायुक्त को उद्योग विभाग द्वारा भूमि उपलब्ध कराने हेतु पत्र दिया गया है जिसकी कॉपी भी श्री दुबे को उपलब्ध कराई गयी। श्री दुबे ने कहा कि पलामू चैंबर की एक बैठक कर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर से वार्ता करने के उपरांत पलामू आयुक्त से चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल मिलेगा और उनसे अनुरोध करेगा कि औद्योगिक विकास हेतु कम से कम 100 एकड़ का एक भूमि शहर के नजदीक उपलब्ध कराई जाए ताकि युवा उद्यमी नये-नये उद्योग लगा सके और क्षेत्र का विकास हो ।

# जनवितरण प्रणाली में कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डॉ शशिभूषण

- विधायक ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी एमओ के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पिताबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर-पीतांबरपुर, पांकी, तरहसी, मनातू एवं सतबरवा प्रखंडों के खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रखंड एमओ के साथ बैठक की।

बैठक में बिधायक डॉ मेहता ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को समय पर राशन वितरण करना सुनिश्चित करायें। किसी भी तरह की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत सभी दुकानदारों की कार्यशैली की समीक्षा करते हुए यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जन वितरण प्रणाली में कोई भी गड़बड़ी या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हर लाभुक को उसका हक सही समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रखंड एमओ अपने क्षेत्र के दुकानदारों पर निगरानी बनाए रखें और समय-समय पर निरीक्षण करें। जनता की सेवा में पारदर्शिता और ईमानदारी ही हमारी प्राथमिकता है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह उपस्थित थे।

# भूटान के अंतराष्ट्रीय सेमिनार में शामिल होंगे आरसीयू के कुलपति

- ग्लोबल लीडर्स फाउंडेशन ने सम्मेलन भूटान में आयोजित किया है छठा भारत-भूटान मित्रता, जो 19 से 25 जून तक चलेगा
- जिसमें भारत-भूटान संबंध विकास चुनौतियां तथा नवीनतम विकास विषय पर वृहत चर्चा होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय कुमार झा भूटान में आयोजित सेमिनार में शामिल होंगे। सेमिनार में शामिल होने के लिये डॉ झा दिल्ली प्रस्थान भी कर चुके हैं, जहां से वे विमान द्वारा भूटान जायेंगे।



रामचंद्र चंद्रवंशी विवि के कुलपति डॉ संजय झा।

गौरतलब है कि ग्लोबल लीडर्स फाउंडेशन के तत्वावधान में छठा भारत - भूटान मित्रता सम्मेलन भूटान में आयोजित किया गया है जो 19 से 25 जून तक चलेगा जिसमें भारत-भूटान संबंध विकास चुनौतियां तथा नवीनतम विकास विषय पर वृहत चर्चा होगी। यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार व अवार्ड वितरण समारोह भूटान के रॉयल थिंपू कॉलेज में आयोजित में किया गया है। इस सेमिनार में भूटान के कई मंत्री, प्रोफेसर तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी। कुलपति डॉ संजय कुमार झा भारत भूटान संबंध पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक विषय पर अपना विचार प्रस्तुत करेंगे।

# अनियंत्रित हाइवा ने सड़क के दूसरी ओर जाकर बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत एक घायल

राजेश प्रसाद



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द मध्य विद्यालय के समीप एनएच 139 पर बुधवार की देर रात करीब 11:30 बजे अनियंत्रित हाईवा ट्रेलर (बीआर 24 जीसी 7915) ने सड़क के दूसरी ओर जाकर बाइक (जेएच 03 एफ 4401) को रौंद डाला। जिससे बाइक सवार बेलोदर के अनिल सिंह का पुत्र रंजन (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल युवक बिगहापर टोला के रामजतन उर्फ लालू यादव का पुत्र दीपक (27) ईलाज के लिए नारायणा मेडिकल कॉलेज जमुहार जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं बाइक सवार तीसरा गंभीर रूप से घायल सन्नी पासवान का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अररूआ खुर्द मध्य विद्यालय के समीप एक ही बाइक पर सवार उक्त तीनों युवक सड़क किनारे खड़े थे। तभी छतरपुर की ओर जा रही हाइवा ट्रेलर अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में खड़ी बाइक को रौंदते हुए नाला पर चढ़ गया। इस घटना में रंजन की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दो घायल युवकों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देकर भाग रहे हाइवा ट्रेलर तथा चालक को अपने कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना में मृत दोनों युवकों के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गुरुवार को ही अंतिम संस्कार कर दिया है।

# बेहतर कार्य करने के लिए रांची में डीएसपी आरएन चौधरी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर जरका-सेवरा निवासी पुलिस उपाधीक्षक आर एन चौधरी को अपराध नियंत्रण में बेहतर भूमिका अदा करने पर रांची में सम्मानित किया गया है। उनको यह सम्मान पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंह के हाथों मिला है। गौरतलब है कि आर एन चौधरी खलारी में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदस्थापित हैं। उनके क्षेत्राधिकार के अंदर खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, चान्हो व मांडर थाना आता है। रांची एसएसपी व ग्रामीण एसपी के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल ड्राइव चलाकर श्री चौधरी ने 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पकड़े जाने से अपराध नियंत्रण में काफी सफलता मिली, जिससे आह्लादित डीआइजी सह रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने अपराध समीक्षा बैठक में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

बिश्रामपुर के जरका-सेवरा के रहने वाले हैं आरएन चौधरी, खलारी में डीएसपी के पद पर हैं पदस्थापित



# लगातार बारिश से कोयल नदी उफान पर ₹2.10 लाख क्यूसेक पानी का हुआ बहाव

अनूप

**मोहम्मदगंज।** लगातार बारिश से गुरुवार को कोयल नदी के जल स्तर में अचानक इजाफा देखने को मिला। विभागीय जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मानक आंकड़ा के मुताबिक भीम बराज गेट के कुल 40 में 32 गेट से नदी के डाउन स्ट्रीम में 2.10 लाख क्यूसेक पानी बहाव का सिलसिला चलता रहा। इसी क्रम में जलस्तर में वृद्धि से कलुवा के सरफुद्दीन अंसारी (70) पिता स्व राजन अंसारी, नदी के बीचों-बीच एक खाली जगह (डीला) पर फंस गये थे। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय गोताखोरों की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद सरफुद्दीन को सुरक्षित बाहर निकाल उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। कोयल नदी के बढ़ते जल स्तर की उफान को देखने नदी के दोनों छोर समेत भीम बराज गेट के समीप लोगों की हुजूम उमड़ते दिखी।

### बाढ़ में फंसे वृद्ध को रेस्क्यू कर बचाया गया



### सेमरी पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सेमरी पंचायत सचिवालय भवन में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत शिविर लगा। यहां आधार कार्ड, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड संबंधी कार्य निष्पादित किये गये। वहीं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। शिविर में सेमरी मुखिया सुमति देवी, शिव साव, बीडीओ अमित कुमार झा, पंचायत सचिव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा, बीएओ राजेश पाठक, राजस्व उप निरीक्षक कन्हैया राम सहित अन्य कर्मी लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया।

### प्रखंड अध्यक्ष ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**चैनपुर।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने बताया कि आज ही के दिन 19 जून 1970 को राहुल गांधी जी का जन्म हुआ था। आज उनका 55वां जन्म दिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने केक काटकर और पुष्प अर्पण कर जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। कहा कि राहुल हमारे आदर्श हैं। मौके पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र, सचिव सह ओरनाड़ के पूर्व मुखिया रामजी राम, मंडल अध्यक्ष गयास सर्वर, विद्यालय अध्यक्ष सोनी देवी, वार्ड सदस्य कंचन देवी, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, मुन्नी चौधरी, बुधन चौधरी, अनीता देवी, उदेश सिंह अजय सिंह, उपेंद्र, सूगिया देवी, उदेश सिंह, अजय सिंह, आयुष चौधरी सहित गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

### पाटन के निवर्तमान थाना प्रभारी को दी गयी विदाई, नये थाना प्रभारी का जोरदार स्वागत



**पाटन पलामू।** निवर्तमान पाटन थाना प्रभारी लालजी, एस आई आनंद कुमार, एस आई शैलभ कुमार को विदाई एवं नये थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय का स्वागत समारोह किया गया। जिसमें पाटन पुलिस इंस्पेक्टर अनील सिंह, पाटन थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी, सभी कर्मी, समाजसेवी अशोक सोनी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। समारोह में नये थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय को पुलिस पदाधिकारियों एवं समाजसेवी ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया तथा उनके अच्छे कार्यकाल की अपेक्षा की। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी लालजी को थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। नये थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय एवं निवर्तमान थाना प्रभारी लालजी ने उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।

# मिट्टी-बालू की परत से मुख्य सड़क पर जलजमाव, दुर्घटना की आशंका

- स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से की जल्द सफाई करवाने की मांग

गौतम पटेल

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जपला छटरपुर मुख्य सड़क के दोनों किनारे पर 3 से 4 फिट की चौड़ाई में सड़क पर बालू,मिट्टी 4 से 6 इंच मोटी परत जमी हुई है, जिससे बारिश की पानी मुख्य सड़क पर जगह-जगह सिद्धनाथ गेट से नहर मोड़ तक जमाव हो गयी है, अगर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा बारिश से पूर्व सड़क किनारे जमे मिट्टी, बालू की परत को हटाकर नालियों



में पानी जाने के लिए छोड़े गए रास्ते को साफ कर दिया जाता तो जल जमाव की स्थिति नही हो पाती, वही मुख्य सड़क की दोनो तरफ मिट्टी, बालू की परत से दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, कई बाइक चालक बड़े वाहनों से साइड लेने के चक्कर मे गिरते गिरते बाल बाल बचते हैं।

### क्षेत्र के लिए अहम है गोताखोर की भूमिका

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के भजनिया गांव में चौधरी की बड़ी आबादी बस्ती है। फलस्वरूप क्षेत्र में मछली का व्यवसाय भी बड़े पैमाने पर होता है। आसानी और सुलभता से वर्ष भर कोयल नदी और तालाब की मछली लोगों को मिल जाता है। मेहनतकश चौधरी परिवार की आबादी करीब 5 सौ के आस पास है। ठंड और लू के दिनों में भी इनकी उपस्थिति तालाब और नदी किनारे होती है। जिससे लोगों में किसी अनहोनी में बचाव की उम्मीद जगी रहती है।

# पाटन में नशामुक्ति अभियान को लेकर निकली प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पुलिस ने पाटन राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ पाटन बाजार में प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान नशा मुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। संचालन पाटन थाना प्रभारी लालजी ने की। इस दौरान छात्रों ने नशा मुक्ति को लेकर कई नारे लगाये। थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय ने कहा कि नशा को छोड़ नया समाज परिवार का निर्माण करें। नशा से लोगों का जीवन नाश हो जाता है। जिस घर के लोग नशा पान करते हैं उस घर का विकास अवरूद्ध हो जाता है। घर परिवार टूट जाता है इसलिए सभी लोग नशा को छोड़ कर समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। उन्होंने सभी लोगों को नशा मुक्ति अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा तथा एक दूसरे को नशा पान छोड़ने के प्रेरित करने को कहा।



# बीडीओ ने बीज वितरण करने को लेकर आयोजित की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में गुरुवार को बीज वितरण करने को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने की। संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने की। प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में निर्णय लिया गया कि कलस्टर में बीज लगाये जायेंगे। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा



बैठक में शामिल लोग।

क्लस्टर में बीज लगाने से खेतों में लगाये गये फसल की मॉनिटरिंग करने में सुविधा होगी। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि प्रशासन के सुझाव पर किसानों को अमल करने की जरूरत है। बीएओ संतोष कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा बीज आवंटन होने के बाद किसानों के बीच बीज वितरण किया जायेगा। बीटीएम वरुण सिंह यादव ने बताया कि मूंग फसल हेतु 7 गांव को चयनित किया गया है। अरहर, मक्का और उरद फसल हेतु 10-10 गांव चयनित किये गये। वही मड़ूवा फसल लगाने हेतु 8 गांव के अलावा तिल और मूंगफली हेतु 10- 10गांव का चयन जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर किया गया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, बोहिता मुखिया प्रतिनिधि लालबिहारी प्रसाद, मनिका डाल्टनगंज और पांकी विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, धावड़ीह और सतबरवा के एफपीओ आनंद पाठक, मो इमरान अंसारी के साथ पंसस में साखो देवी, जगदीश सिंह, मधु कुमारी, धावड़ीह की मुखिया रिंकी यादव, रबदा मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव, पंसस धुटूआ लक्ष्मी देवी समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास बनाने के चक्कर में बारिश में रहने का साधन भी खोया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज प्रखंड के टोला राजनडीह निवासी देवंती देवी ने अबुआ आवास बनाने के लिए जमीन के अभाव में अपनी मिट्टी का घर ध्वस्त कर अबुआ आवास बनाने में जुटी थी। दूसरे किस्त की राशि के लिए जीओ टैग दो महीने पूर्व ही हो गया है। लेकिन दूसरे किस्त की राशि अभी तक नहीं आया फलस्वरूप सात सदस्यीय परिवार का शरण स्थल लगातार बारिश की वजह से छीन सा गया है। लाभुक देवंती देवी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में पूछने पर आश्वासन दिया जाता है कि अबुआ आवास फंड का पैसा खत्म हो गया है आने का बाद देखा जायेगा। इस लचर प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर लाभुक कुंठित है। इधर अगर लाभुकों की मानें तो अबुआ आवास के नाम पर खुलेआम राशि वसूली का सिस्टम लगभग बंध सा गया है। बगैर राशि भुगतान के लाभुक को नाहक परेशान किया जाता है फलस्वरूप मजबूर होकर उन्हें चढ़ावा देना पड़ता है। पूरे क्षेत्र में इसकी चर्चा है मगर इस पर अमल की गुंजाइश नहीं दिखती है।



अबुआ आवास के चक्कर में बारिश के बीच मशक्कत करता लाभुक।

## कोयल नदी की बाढ़ में फंसे पशुपालक को

# 8 घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बचाया गया



पशुपालक के साथ एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** खरसोता गांव के समीप कोयल नदी में अचानक आई बाढ़ ने एक पशुपालक को उसके चार पशुओं के साथ दोनों ओर से घेर लिया।

नदी के ढीला पर फंसे 50 वर्षीय रमेश यादव (पिता भुनेश्वर यादव, निवासी खरसोता) को 8 घंटे की मशक्कत के बाद मोटर बोट से सुरक्षित बाहर निकाला गया, हालांकि उसके चार भैंस अब भी उसी स्थान पर फंसे हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डीसी के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी ने अनराज नावाडीह डैम में तैनात मछुआरों की रेस्क्यू टीम को मोटर बोट के साथ मौके पर भेजा।

एसपी के निर्देश पर मोटर बोट को पुलिस लाइन से गाड़ी के जरिये मौके तक लाया गया। इससे पहले भजनिया गांव (मोहम्मदगंज थाना, पलामू) से बुलाए गये मछुआरे तेज धार के कारण मौके तक नहीं पहुंच सके थे। सुबह 8 बजे दो भैंस और दो बच्चों को चराने ले गये रमेश यादव को कोयल नदी में अचानक आई बाढ़ ने घेर लिया।

घटना के समय नदी में पानी बहुत कम था, लेकिन अचानक दोनों ओर से तेज बहाव शुरू हो गया। रेस्क्यू टीम में छोटन अंसारी, आयरन सिंह, विजय सिंह, अभिजीत सिंह एवं समी अंसारी शामिल थे।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने रमेश यादव को समझाते हुए कहा कि बारिश के मौसम में नदी-नालों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि पानी का बहाव अचानक कभी भी बढ़ सकता है।

घटनास्थल पर बीडीओ कनक, सीओ प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, पंचायत सचिव प्रशांत मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि विजय राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**केतार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय, केतार में भगवान बिरसा मुंडा कल्चरल एक्टिविटी के तहत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नृत्य, गीत, भाषण जैसी कई रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा ने उपस्थित दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया जा रहा है और भविष्य में भी विद्यालय में इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से होता रहेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास के अवसर भी प्रदान करने को प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार ने किया। मौके पर सांस्कृतिक प्रभारी प्रेम कुमार गुप्ता, शिक्षक राजू कुमार सिंह, अजय कुमार, धनंजय कुमार, दिलीप कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार ठाकुर, इजहार आलम, अनुज कुमार राम, रेशमा देवी, रानी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2023-24 एवं 2024-25 के लिए

## पात्र छात्रों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित के लिए बैठक आयोजित



बैठक करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए कल्याण विभाग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जिला दण्डाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 13,167 छात्र-छात्राओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 11,370 आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है। जांच के बाद 60 संस्थानों में राज्य के अंदर पढ़ने वाले 11,054 छात्रों को योग्य और 229 को अयोग्य पाया गया। वहीं, राज्य से बाहर पढ़ने वाले 80 छात्रों को योग्य और 7 को अयोग्य पाया गया। कुल 236 को अयोग्य और 11,134 छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए योग्य मानते हुए सहमति दी गई। साथ ही वर्ष 2023-24 के बचे हुए 752 आवेदनों की जांच में राज्य के अंदर पढ़ने वाले 745 और राज्य के बाहर पढ़ने वाले 7 छात्रों को योग्य पाया गया। सभी योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए सहमति प्रदान की गई है। बैठक में डीसी श्री यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और सभी योग्य छात्रों को पारदर्शी व समयबद्ध छात्रवृत्ति भुगतान के निर्देश दिए।

## कृषि एवं उद्योग समिति की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**गढ़वा।** जिला परिषद गढ़वा की कृषि एवं उद्योग समिति की महत्वपूर्ण बैठक सभापति शंभू राम की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले के कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, पशुपालन, गव्य विकास, भूमि संरक्षण और बाजार समिति से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कृषकों के लिए संचालित योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जाए, ताकि लाभार्थियों तक उसका प्रत्यक्ष लाभ समय पर पहुंचे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि किसानों को सरकार की सभी अनुदानित योजनाओं की जानकारी मिलनी चाहिए, और आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, एलडीएम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पनन सचिव, बाजार समिति प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रखंड स्तरीय आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के आरके प्लस टू उच्च विद्यालय स्टेडियम में 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में बीडीओ नंद जी राम, थाना प्रभारी रजनी रंजन, पंचायत मुखिया बेबी देवी, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के मुकाबले में अंडर-17 बालक वर्ग में आरके प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर ने झगराखांड को 1-0 से हराया। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ने भवनाथपुर को 2-0 से पराजित किया। अंडर-15 बालक वर्ग में बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर ने झगराखांड को हराकर जीत दर्ज की। मौके पर बीडीओ ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करती हैं। मौके पर प्राचार्य दिलीप उपाध्याय, मनोज कुमार गुप्ता, राम विजय गुप्ता, विनय गुप्ता, मनोज यादव, अशोक पाल, ब्रजेश कुमार यादव सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण



उपस्थित लोग

**भवनाथपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रीबंशीधर नगर के एसडीएम प्रभाकर मिर्धा ने भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने मतदान केंद्रों की जिओ फेंसिंग, नजरिया नक्शा और की-मैप तैयार करने को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण दिया और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया को सटीक व समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर बल दिया। बैठक में बीडीओ नंद जी राम, अंचल अधिकारी शंभू राम, केतार, खरौंधी और कांडी प्रखंड के पंचायत राज पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर उपेंद्र कुमार व कमल किशोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन



चेक का वितरण करते पदाधिकारी

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत भवन में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बीपीएम, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही 15 लाख रुपए का चेक वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 42 आवेदन स्वीकृत किए गए और शेष पर जांच प्रक्रिया जारी है।

### 2025-26 की साइकिल वितरण योजना को लेकर 25084 छात्रों की सूची का अनुमोदन

**गढ़वा।** समाहरणालय में जिला दंडाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए साइकिल वितरण योजना पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त 25084 छात्र-छात्राओं की सूची पर प्रखंड स्तरीय समिति के अनुमोदनों की समीक्षा कर जिला स्तर पर अंतिम स्वीकृति दी गई। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए भौगोलिक बाधाओं से मुक्ति दिलाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है।

### जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित



उपस्थित लोग

**रमना।** प्रखंड के बुलका पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जागरूकता व सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ विकास पांडेय एवं मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 25 लोगों ने आवास, 4 ने पेंशन, 3 ने केसीसी, 2 ने केवाईसी तथा 8 लोगों ने गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सभी आवेदनों को जांचोपरांत संबंधित विभागों को भेज दिया गया। मौके पर सीओ विकास पांडेय ने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड, आधार, प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष, मनरेगा आदि के तहत लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मनोज गुप्ता ने नये प्रधानाचार्य का पदभार संभाला

**भवनाथपुर।** राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर में मनोज कुमार गुप्ता ने नये प्रधानाचार्य के रूप में योगदान दिया। पूर्व प्राचार्य विभूति प्रकाश एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद प्राचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने शिक्षकों के साथ बैठक कर कहा कि विद्यालय को आगे बढ़ाने में पूर्व प्राचार्य की भूमिका सराहनीय रही है, और अब सभी को मिलकर इसे और बेहतर दिशा में ले जाना है। उन्होंने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण व संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है।



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–478/25<br>2. आवेदक–मगरी देवी , पति–सहदेव उराँव<br>3. ग्राम–सुपा महुवाटोली , पोस्ट–भरनो , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–479/25<br>2. आवेदक–बुंदा उराँव, पिता–स्व0 एतवा उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो नवाटोली , पोस्ट–पुसो सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–480/25<br>2. आवेदक–बागी उराँव, पति–स्व0 बुंदा उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो नवाटोली , पोस्ट–पुसो सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–602/25<br>2. आवेदक–चन्द्रसेखर साहु , पिता–स्व0 रामेश्वर साहु<br>3. ग्राम–निगनी, पोस्ट–निगनी , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–505/25<br>2. आवेदक–धनेश्वर राम, पिता–स्व0 दामनु राम<br>3. ग्राम–रोकेडेगा, महुवा टोली, पोस्ट–डहुपानी, थाना–पालकोट , प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–506/25<br>2. आवेदक–लच्छु मुण्डा, पिता–स्व0 महतो मुण्डा<br>3. ग्राम–बितागुद्, पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ से विकलांग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबेर अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–481/25<br>2. आवेदक–महेश लोहरा, पिता–स्व0 फिरना लोहरा<br>3. ग्राम–चम्पा टोली, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–482/25<br>2. आवेदक–अकला उराँव, पिता–जीतिया उराँव<br>3. ग्राम–बिशुनपुर, पोस्ट–बिशुनपुर, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–483/25<br>2. आवेदक–विश्वनाथ लोहरा, पिता–केतला लोहरा<br>3. ग्राम–जमगई, पोस्ट–रायडीह, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ टूटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–484/25<br>2. आवेदक–मुनवा मुण्डा, पिता–लोया मुण्डा<br>3. ग्राम–बढ़ा टुटवा, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–485/25<br>2. आवेदक–शिलबानुस लकड़ा (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 अंजलुस लकड़ा (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–लातम, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–486/25<br>2. आवेदक–फुलो देवी, पति–कुरमा लोहरा<br>3. ग्राम–चम्पा टोली, पोस्ट–बिशुनपुर , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–487/25<br>2. आवेदक–फुलो उराईन, पति–कमला उराँव<br>3. ग्राम–बापा टोली, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–488/25<br>2. आवेदक–ललिता देवी, पति–विश्वनाथ लोहरा<br>3. ग्राम–बापा टोली, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–489/25<br>2. आवेदक–बैजू उराँव, पिता–घुमा उराँव<br>3. ग्राम–घरखरा, पोस्ट–पालकोट, थाना–पालकोट, प्रखण्ड– पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–490/25<br>2. आवेदक–विशेश्वर उराँव, पिता– स्व0 सुखू उराँव<br>3. ग्राम–जालिम, पोस्ट–सरका, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड– बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–491/25<br>2. आवेदक–अलबीना खाखा, पति–तरसियुस केरकेट्टा<br>3. ग्राम–घातम, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड– बिशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–492/25<br>2. आवेदक–तरसियुस केरकेट्टा, पिता–स्व0 अब्राहम केरकेट्टा<br>3. ग्राम–घातम, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–493/25<br>2. आवेदक–रामकुवर टाना भगत, पिता–बिघु टाना भगत<br>3. ग्राम–डिया नावा टोली, पोस्ट–हैसता, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–494/25<br>2. आवेदक–शान्ती मुन्डाईन, पति–मनुवा मुण्डा<br>3. ग्राम–बढ़ा टुटवा, पोस्ट–बिशुनपुर, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–495/25<br>2. आवेदक–जेरकू असुर, पिता–डुइया असुर<br>3. ग्राम–बोटोंगपाठ, पोस्ट–बिशुनपुर, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ टूटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–496/25<br>2. आवेदक–जगमुनी देवी, पति–नन्दा लोहरा<br>3. ग्राम–मुरली नगर, पोस्ट–मुरली नगर, थाना– पालकोट, प्रखण्ड– पालकोट<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–497/25<br>2. आवेदक–शिलबन्ती मिंज, पति–जैतुन टोप्पो<br>3. ग्राम–मकुन्दा, पोस्ट–बरगाँव, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–498/25<br>2. आवेदक–फुलमईत उराँव, पति–सुरेश उराँव<br>3. ग्राम– बिशुनपुर, पोस्ट– बिशुनपुर, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर,<br>4. लिंग– महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–499/25<br>2. आवेदक–नन्दा लोहरा, पिता–सोमरा लोहरा<br>3. ग्राम–मुरली नगर, पोस्ट– मुरली नगर, थाना– पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट,<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–500/25<br>2. आवेदक–करमा लोहरा, पिता–स्व0 फिरना लोहरा<br>3. ग्राम–चम्पा टोली, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–501/25<br>2. आवेदक–घुपन बड़ाईक, पिता–मनेश्वर चीक बड़ाईक<br>3. ग्राम–बिरोडीह, पोस्ट–सातो, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–502/25<br>2. आवेदक–प्राकृतिक उरांव , पिता–विशेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–जालिम, पोस्ट–हाड़प, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–सीना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–503/25<br>2. आवेदक–सुनील उरांव , पिता–विशेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–जालिम, पोस्ट–हाड़प, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–504/25<br>2. आवेदक–समलैत देवी, पति–सुनील उराँव<br>3. ग्राम–जालिम, पोस्ट–हाड़प, थाना–बिशुनपुर , प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग– महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज कुमार भगत , सुशील कुल्लू एवं अलेकजेन्डर मिंज द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–507/25<br>2. आवेदक–बलराम प्रधान , पिता–स्व0 रोंघा प्रधान<br>3. ग्राम–कुलमुण्डा , पोस्ट–सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–602/25<br>2. आवेदक–महेश्वर उराँव , पिता–मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–निगनी , पोस्ट– निगनी , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड– लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–508/25<br>2. आवेदक–सुमति देवी , पति–मंगल उराँव<br>3. ग्राम–रूकरूम , पोस्ट–शिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग– महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–509/25<br>2. आवेदक–महेश उराँव , पिता–विश्वनाथ उराँव<br>3. ग्राम–कुसुम टोली , पोस्ट–खोरा , थाना– गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–511/25<br>2. आवेदक–विभा तिर्की , पति –बालकृष्णा उराँव<br>3. ग्राम–घुमु नवाटोली , पोस्ट– गुमला , थाना– गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–512/25<br>2. आवेदक–कर्मेला तिर्की , पति –झाड़ी उराँव<br>3. ग्राम–चैटर सरनाटोली , पोस्ट– गुमला , थाना– गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–513/25<br>2. आवेदक–सुखदेव भगत , पिता–गोयन्दा भगत<br>3. ग्राम–घुमु नवाटोली , पोस्ट– गुमला , थाना– गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–514/25<br>2. आवेदक–सजित भगत , पिता–लक्ष्मण भगत<br>3. ग्राम–देवाकी , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाघरा , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–515/25<br>2. आवेदक–मन्दौरी देवी , पति –सोहन भगत<br>3. ग्राम–किरतो टोली , पोस्ट–बेन्दोरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–516/25<br>2. आवेदक–रंजीत तिर्की , पिता–बलासियूस तिर्की<br>3. ग्राम–बकसपुर , पोस्ट–सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–602/25<br>2. आवेदक–मनोज कुमार भगत , पिता–छेदी भगत<br>3. ग्राम–महादेव टोली , पोस्ट–लोहरदगा , थाना– लोहरदगा , प्रखण्ड– लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–517/25<br>2. आवेदक–विनय उराँव , पिता–स्व0 रघु उराँव<br>3. ग्राम–रूकरूम , पोस्ट–सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–518/25<br>2. आवेदक–संजय कुमार भगत , पिता–स्व0 बालकिशुन पन्ना<br>3. ग्राम–केदली , पोस्ट–तुसगाँव , थाना–घाघरा , प्रखण्ड– घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–519/25<br>2. आवेदक–नबोर खेस , पिता–जुलियस खेस<br>3. ग्राम–लुंगा , पोस्ट–केमटे , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–520/25<br>2. आवेदक–अर्जुन उराँव , पिता–स्व0 मन्दिरा उराँव<br>3. ग्राम–अमर चुआँ , पोस्ट–नवागढ , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–521/25<br>2. आवेदक–अमला उराँव , पिता–स्व0 खुँदु उराँव<br>3. ग्राम–लसड़ा , पोस्ट–पीबो , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–522/25<br>2. आवेदक–जनता उराँव , पिता–बिगन उराँव<br>3. ग्राम–हेसाग विरोटोली , पोस्ट–हेसाग , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–523/25<br>2. आवेदक–चन्दर खड़िया , पिता–स्व0 कन्दु खड़िया<br>3. ग्राम–सलकाया , पोस्ट–बिरकेरा , थाना–सुरसांग , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–524/25<br>2. आवेदक–बिरेन्द उराँव , पिता–चंदा उराँव<br>3. ग्राम–शिलम छेरहा टोली , पोस्ट–शीलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–525/25<br>2. आवेदक–कोमल कुल्लू , पिता–स्व0 सिमोन कुल्लू<br>3. ग्राम–सन्याकोना , पोस्ट–बिरकेरा , थाना–सुरसांग , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–526/25<br>2. आवेदक–मरियानुस टोप्पो , पिता–निकोलस टोप्पो<br>3. ग्राम–केमटे , पोस्ट–अंकित नहीं , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–527/25<br>2. आवेदक–मुक्ता ज्योति मिंज , पति –अलेकजेन्डर मिंज<br>3. ग्राम–लुंगा , पोस्ट– केमटे , थाना–रायडीह , प्रखण्ड– रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–528/25<br>2. आवेदक–घनश्याम उराँव , पिता–बुढ़ी पहान<br>3. ग्राम–महुवा टोली , पोस्ट–गुनिया , थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–529/25<br>2. आवेदक–जितु खड़िया , पिता–विशेश्वर खड़िया<br>3. ग्राम–खीरा खाड , पोस्ट–नवागढ , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–530/25<br>2. आवेदक–समतराय सिंह , पिता–स्व0 माड़लु सिंह<br>3. ग्राम–केमटे , पोस्ट– केमटे , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–531/25<br>2. आवेदक–आर्थर मिंज , पिता–स्व0 अमृतलाल मिंज<br>3. ग्राम–कुलमुण्डा , पोस्ट– सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– नाक के बाई ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–532/25<br>2. आवेदक–मागड़ उराँव , पिता–स्व0 जुबी उराँव<br>3. ग्राम–रूकरूम , पोस्ट– सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–533/25<br>2. आवेदक–जोर्ज एक्का , पिता–स्व0 तानिस एक्का<br>3. ग्राम–खटखोर, पोस्ट– सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–534/25<br>2. आवेदक–प्रेमदान एक्का , पिता–स्व0 खिरसी एक्का<br>3. ग्राम–कुलमुण्डा , पोस्ट– सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–535/25<br>2. आवेदक–मोगल उराँव , पिता–स्व0 पुनई उराँव<br>3. ग्राम–सिलम बरटोली , पोस्ट– सिलम , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया कान के बगल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355489 (Home) 25-26 (D)

# योगमय विश्व

योग दुनिया को भारत की देन है। दुनिया के 175 देशों के समर्थन के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का फैसला किया। इस बार 11 वें विश्व योग दिवस पर भी विश्व भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसकी थीम योगा फॉर वेल बीइंग यानी मानवता के कल्याण के लिए योग रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने भी स्वीकारा है कि महामारी के दौरान योग ने न केवल संक्रमितों को स्वस्थ बनाने में मदद की है बल्कि पृथकवास के दौरान अवसाद से लड़ने की ताकत दी। योग के आठ अंग-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इसे संपूर्णता प्रदान करते हैं। जहां यम के पांच प्रकार सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह हमें जीवन में वैचारिक पवित्रता की राह दिखाते हैं, वहीं नियम के पांच प्रकार शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्राणिधान व्यक्तिगत मूल्यों की स्थापना में सहायक हैं। सांसों से हम अपने तन-मन को साध सकते हैं। वहीं इंद्रियों के नियमन की प्रक्रिया को प्रत्याहार कहा जाता है। सही मायनो में योग मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व आध्यामिक रूप से सशक्त बनाने का साधन है। पतंजलि से लेकर स्वामी योगानंद, स्वामी शिवानंद सहित देश के संतों माध्यम से योग पूरी दुनिया में फैला। आज भी देश के योग गुरु पूरी दुनिया में अपना वैभव स्थापित कर रहें हैं। जिस प्रकार की हिंसक और मातम का माहौल में वैसे योग एक शांति का दूत हैं। आज विश्व जिस युद्ध और तनाव से गुजर रहा है उसमें भारत के पंतजलि के द्धारा पांच हजार साल पुरानी योग पद्धति से सुख और शांति पाई जा सकती है। योग सदैव विश्व के कल्याण से जुड़ना सीखाता है। योग से एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और वैभवशाली विश्व का निमार्ण संभव है।




**मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8**

**वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5**

**मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7**

**कर्क : अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8**

**सिंह : नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8**

**कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9**

**तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8**

**वृश्चिक : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7**

**धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8**

**मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8**

**कुम्भ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6**

**मीन : बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योगेश्वर के योग से नियंत्रित संपूर्ण विश्व




**योगियों** की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

**श्री कृष्ण के परे क्या?**

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वैत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन– सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।

ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।। का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हों, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द्व ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में । वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।



-मुरलीधर

**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।। का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हों, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव!**

बोध व बुधत्त्व

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परं सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है, जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च – मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

**शंखप्रक्षालन** की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। लाभः मोटापा कम करने के आयुर्वेदिक उपाय एड्रिनल, शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली ( घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

**गोमुखासन गोमुखासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओऱ से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओऱ से इसी प्रकार करें। जिस ओऱ का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओऱ का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है।

(लेखक खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर हैं।)

## सपनों का अंत

हाल ही में हुई अहमदाबाद विमान दुर्घटना भारतीय विमानन इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है। इसमें अनेक लोगों की जान गई और हजारों सपनों का अंत हो गया। इस हादसे ने विमानन सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सरकार और विमान कम्पनियों को इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

**-दीपांशी सैनी, हजारीबाग**

## विस्थापन की पीड़ा

महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा और सत्ता संघर्ष के कारण उत्पन्न शरणार्थी संकट को उजागर करने वाला था। रूस-यूक्रेन, इस्त्राइल-हमास युद्धों सहित सूडान, सीरिया, म्यांमार आदि देशों में विस्थापन भयावह रूप ले चुका है। खाद्य, आवास, रोजगार और मानवाधिकार की समस्याएं शरणार्थियों के लिए जीवनभर की पीड़ा बन गई हैं।

**-अनिल, रांची**

## जातिवार जनगणना

भारत में जातिवार जनगणना की अधिसूचना जारी होना ऐतिहासिक है। यह सामाजिक-आर्थिक नीतियों को वैज्ञानिक आधार देगा और मिथकों को तोड़ेगा। हालांकि, जाति आधारित आंकड़े समाधान नहीं, बल्कि एक साधन हैं। जनगणना पारदर्शिता से होनी चाहिए और समाज में वैमनस्य नहीं फैलना चाहिए। छात्रों की पढ़ाई और दैनिक जीवन में बाधा नहीं होनी चाहिए।

**- विभूति, गढ़वा**

## जनसंख्या नियंत्रण

भारत में जनसंख्या अधिक होने के कारण गरीबी बड़ी समस्या बनी है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 से 2022-23 तक गरीबी घटकर 27.1 प्रतिशत से 5.3 प्रतिशत हुई है। फिर भी गरीबी खत्म नहीं हो पाई। समय का तकाजा है कि जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी है।

**-राजेश कुमार, जमशेदपुर**

# योगिक श्वसन से हो सकती है आयु में वृद्धि

**डॉ परिणीता सिंह**

योग दर्शन

* हर वर्ष योग दिवस पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करता है।
* यौगिक अभ्यास मानव चेतना को स्थूल से कारण तक ले जाता है
* पृथ्वी का संरक्षण आवश्यक है, तभी हम शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो सकते हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक पर्व की तरह पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ ।

आज पूरा विश्व किसी न किसी आंतरिक एवं बाहरी समस्याओं से जूझ रहा है चाहे आपसी या पड़ोसी देश से युद्ध का मुद्दा हो, मूल निवासी और प्रवासी के बीच की समस्याएं हो,जाति, धर्म, पर्यावरण इत्यादि कई कारण है जो मानव एवं जगत के बीच समस्याएं उत्पन्न कर दी है ।

ऐसे में पृथ्वी को बचाना एवं अपने आप को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखना अति आवश्यक है। हर वर्ष योग दिवस न सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए मनाया जाता है बल्कि योग का जो सही अर्थ होता है पूरे सृष्टि के बीच एक तादात्म्यता उत्पन्न करना है।

इस दिशा में हम सभी कदम बढ़ते जा रहे हैं।

अयं बन्धुरयंनेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अर्थात- यह व्यक्ति मेरा है, यह व्यक्ति मेरा नही है का भेद संकीर्ण सोच वाले ही करते हैं। उत्तम चरित्र वालों के लिए पूरा विश्व ही परिवार है। ऐसा सोच, उदार हृदय की प्राप्ति योग के द्वारा ही संभव है। ईशावास्योपनिषद् मे ईश्वर की सर्वव्यापकता को बताते हुए कहा गया है कि मनुष्य को लोभ, लालच नहीं करना चाहिए। प्रकृति में उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग उतना ही करो जितना जीवन जीने के लिए आवश्यक हो, भोग के लिए नहीं ।ॐ ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत।

तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥

अर्थात इस सृष्टि में जो कुछ भी है सब ईश द्वारा दिया गया है ,और उसके अधिकार में है। केवल उनके द्वारा दिए गए का उपयोग करो, लालच मत करो, लोभ मत करो।

जीवन ईश्वर का उपहार है यानी जीवन और जगत ( पृथ्वी ) को ईश्वर का आवास समझकर उनके द्वारा दिए गए संपदाओं का समझदारी पूर्वक उपयोग करो। कामनाओं की पूर्ति के लिए जगत के चीजों का अत्यधिक उपयोग करना न सिर्फ अपना विनाश का कारण होता है बल्कि पृथ्वी का भी संतुलन बिगड़ता है, जिस कारण कई प्रकार के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक समस्याऐ उत्पन्न होने लगते हैं।

पृथ्वी जो पांच तत्वों से बना है- भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश ।

इसे पंचमहाभूत भी कहते हैं जो सृष्टि के निर्माण की मूल आधारशिला है। इनके बीच तालमेल, समरसता रखना अति आवश्यक है। आज इस आधुनिक समय में जो भी वातावरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याऐ उत्पन्न हो रहे हैं इसका कारण पृथ्वी द्वारा दिए गए संसाधनों का गलत उपयोग ही है। मानव शरीर भी इन्हीं पंचमहाभूतो का बना होता है। पृथ्वी के वातावरण का असंतुलन मानव शरीर को भी प्रभावित करता है। स्थूल शरीर जिनका निर्माण अस्थि एवं मांसपेशियों द्वारा बना होता है, जिसके पोषण के लिए भूमि द्वारा उपजाए हुए अन्न का उपयोग हम सभी करते हैं। आजकल विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाइयों से फसल तो प्रभावित होता ही है साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है, जिसका प्रभाव मानव शरीर पर पड़ता है।

हमारे शरीर में लगभग 70 से 80% जल होता है, जिसे रखरखाव के लिए प्राकृतिक जल पर निर्भरता रहती है चाहे वह पेयजल के रूप में हो या फल सब्जियों के द्वारा। प्रकृति द्वारा प्रदत इस जल को शुद्ध एवं पवित्र रखना चाहिए। जल प्रदूषण बहुत बड़ा कारण है परिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न करने में। अग्नि तत्व मानव शरीर में पाचन एवं ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है।अग्नि तत्व हमारे शरीर के अंदर के विकार, अशुद्धियों को भी खत्म करता है।

सूर्य जो ऊर्जा का स्त्रोत है जिस पर वन्य, जीवजंतु निर्भर है। पृथ्वी का तापमान में संतुलन बना रहे हैं ताकि इस पर प्राणी वन, जीव - जंतु जीवित रहे, परंतु ऐसा नहीं है दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है, मौसम में भी बदलाव हो रहे हैं। सभी चीजे व्यवस्थित हो सकती हैं, अगर चीजों का उपयोग सही से करें तो ओजोन स्तर को बचा सकते हैं। वायु तत्व जिसे जीवनीशक्ति के रूप में शरीर के अंदर श्वास के रूप द्वारा हम ग्रहण करते हैं। अतः स्वच्छ वायु अति आवश्यक है सभी के लिए। प्रदूषित वायु कई गंभीर समस्याऐ उत्पन्न कर सकती है। अपनी सुविधाओं के लिए अत्यधिक आरामदायक जीवन के लिए जिन चीजों का हम इस्तेमाल करते हैं जिससे वातावरण का वायु दूषित होता है, उसका बहिष्कार करना चाहिए। आकाश तत्व जो अनंनता एवं सूक्ष्मता से संबंधित है, यह सबसे पहला महाभूत है जिससे सभी तत्व उत्पन्न हुए हैं। इस तत्व को जानने समझने के लिए जीवन में आध्यात्मिकता की आवश्यकता है, जिसे योग के द्वारा जाना जा सकता है। यौगिक अभ्यास स्थूल से कारण तक मानव चेतना को ले जाता है जहाँ ब्रह्मांडीय चेतना से एकाकार होता है। इस एकाकार को आत्मा से परमात्मा से मिलन भी कहते हैं।

# स्वर योग से होता है शक्तियों का जागरण



**सुधांशु कुमार**

योग ज्ञान

जीवन रक्षा के लिए उसे पहली बार श्वास लेनी पड़ती है ।पहली श्वसन क्रिया में उसे जो कष्ट और पीड़ा होती है, उसकी अभिव्यक्ति शिशु के प्रथम रुदन में सुनी जाती हैं। सांस लेने और छोड़ने का यह अनवरत क्रम मृत्यु पर्यंत चलता रहता है ।सांस का चलना ही जीवन की पहचान है । सांस का रुक जाना मृत्यु है । वायुमंडल में अनेक प्रकार के गैस, धुआं, पानी की वाष्प आदि सूक्ष्म कण पाए जाते हैं। इनमें से 15 - 20% ऑक्सीजन गैस होती है, यही प्राणवायु रक्त में मिलकर पूरे शरीर में दौड़ जाती है। रक्त हमारे प्रत्येक भाग तक पहुंचकर पोषक तत्व तथा उर्जा पहुंचाता है ।

श्वास नलिका वाला मार्ग दो श्वास नलिकाओं में विभाजित होकर सूक्ष्म नलिकाओं द्वारा दोनों फेफड़ों में वायु पहुंचाता है । दोनों फेफड़ों में लगभग 65 करोड प्रकोष्ठ होते हैं ।यदि इन सब को भरा जाए तो साढे छ लीटर आयतन की वायु इसमें समा सकती हैं।उसके वायु में ऑक्सीजन का विच्छेदन तथा और अवशोषण किया जाता।वायुमंडल में ऑक्सीजन की पूर्ति करते रहने की व्यवस्था प्रकृति में वृक्षों तथा सूर्य को सौंपी है । सूर्य की रोशनी तथा ताप पाकर वृक्षों के पत्ते कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन को छोड़ते हैं।



पीपल, नीम, तुलसी और बङ के पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं । अतः श्वास रोगियों को इन वृक्षों के नीचे प्रतिदिन आधा घंटा बैठकर गहरी श्वास भरनी चाहिए । इस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा सांस लेने और छोड़ने की जो क्रिया होती है वह श्वसन क्रिया कहलाती है।

यदि व्यक्ति प्रतिदिन 10 मिनट निरंतर प्राणायम करें तो श्वास संबंधी कोई भी समस्या उस व्यक्ति को नहीं आ सकती है। प्रतिदिन व्यक्ति को अपने शरीर के श्वसन प्रक्रिया को निरंतर चलाने के लिए ताड़ासन, विरासन, त्रिकोण आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायम में कपालभाति, भस्त्रिका, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी आदि करके श्वसन क्रिया को सुचारु रुप से स्वस्थ और तंदुरुस्त रखा जा सकता है । प्राणायम करते समय श्वास नली, फेफड़ो और पेट में जो हलचल होती है, उससे शरीर के भीतर और बाहर कंपन - अकंपन उत्पन्न होती है । इन कम्पन का शरीर के भीतर भागों पर आश्चर्यजनक प्रभाव आसानी से अनुभव किया जा सकता है।इस प्रभाव व अनुभव को संवेदना भी कहा जा सकता है। सही श्वसन क्रिया में एक बार में 24 सेकंड लगते हैं ।इस प्रकार 1 मिनट में कुल ढाई बार ही श्वसन क्रिया हो सकेगा ।हम एक मिनट में 16 से 18 बार श्वास लेकर छोड़ देते हैं, इस जल्दी बाजी के कारण ना तो शरीर की आवश्यकताओं की समुचित पूर्ती हो पाती है और ना ही शरीर ठीक से शुद्ध हो पाता है । योगिक विधि से श्वास लेने वाला व्यक्ति, सामान्य श्वास लेने वालों द्वारा 1 घंटे में लिए जाने वाली ऑक्सीजन के बराबरी, सिर्फ 1 मिनट में ही कर लेता है । इस तरह 24 या 25 योगिक श्वसन भरकर सामान्य व्यक्ति से दो गुना लाभ सहज ही उठाया जा सकता है। यदि हम श्वास की समस्या है तो हमें यह पता करना चाहिए की श्वास की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कौन सा प्राणायाम करने की आवश्यकता है। (लेखक शिक्षाविद सह काउंसलर हैं।)

## स्पीड न्यूज

### दामोदर व भैरवी का जलस्तर बढ़ा



रामगढ़। लगातार हो रही बारिश से रजरप्पा में दामोदर-भैरवी नदी का जलस्तर बढा। मुंडनशाला एवं तांत्रिक घाट जलमग्न हो गया। वहीं, छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रही है। साथ ही दर्जनों पूजा प्रसादी दुकानें जलमग्न हो गये। पुल के उपर पानी बहने पर श्रद्धांलुओं को आना जाना करने में थोड़ा कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि श्रद्धांलू पिपरा जरा के समीप बने पुल की मदद से मंदिर परिसर पहुँच रहे है। वही मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना सामान्य रूप से चल रही है। इधर, न्यास समिति के सदस्य सह पुजारी सुबोध पंडा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि नदी के तेज बहाव से दूर रहें। दो दिनों से हो रही बारिश से खेत जलमग्न भी हुए। लोग घरों में दुबके हुए है। बिना काम के नहीं निकल रहे है।

### मुक्तिधाम तक पहुंचा दामोदर का पानी



**रामगढ़।** लगातार बारिश से दामोदर नदी का पानी घाट पर स्थित मुक्तिधाम तक पहुंच गया है। मुक्तिधाम में गांधी जी का समाधिस्थल है। साथ ही वहां शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। जलस्तर बढ़ने से वहां लोगों को शवों का अंतिम संस्कार करने में परेशानी हो रही है।

### कुजू में जनजीवन अस्त-व्यस्त



कुजू। तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से कुजू कोयलांचल सहित आस-पास क्षेत्र में लोगों जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार देर रात से प्रारंभ हुई बारिश गुरुवार तक लगातार होती रही। लगातार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जल जमाव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क के गड्ढों में पानी जम गया है। दिन भर बारिश होती रही। आवागमन में भी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। बारिश और शहर में चारों ओर पानी ही पानी जैसा नजारा था। लगातार बारिश से बुढाखाप गंधौनिया स्थित शिव मंदिर भी नदी में समा गया है, सिर्फ मंदिर का गुम्बद दिख रहा है। इधर लोगों का कहना है कि बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। लगातार बारिश से थोड़ी परेशानी भी हो रही है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल सा हो गया है। सुबह से शाम तक क्षेत्र में लोगों का आवागमन कम दिखा। कई दुकानदारों ने कहा कि बारिश का असर बाजार पर भी पड़ा। बारिश की वजह से कुजू नया बाजार टांड़ में लगने वाला साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या कम देखी गई। हालांकि इस बारिश से फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

### संजय यादव का भव्य स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जाने पर रांची कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान राजद नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं बिहार के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संजय कुमार सिंह यादव में विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः प्रदेश की कमान सौंपी। सभी ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में झारखंड में राजद और अधिक मजबूत व जनप्रिय बनेगा। बधाई देने वालों में झारखंड राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, युवा प्रदेश महासचिव संजय यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, अलाउद्दीन मंसूरी, जानकी ठाकुर, असगर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष वाहिद अंसारी, शौकत खान, जवाहर यादव, सुभाष तिवारी, संतोष मिश्रा, योगेंद्र मांझी आदि शामिल थे।

### रामगढ़ के डीडीसी ने संभाला पदभार



रामगढ़। रामगढ़ जिले के 19वें उप विकास आयुक्त के रूप में गुरुवार को आशीष अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में जिले का विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा।

# हजारीबाग शहर जलमग्न

## दो दिन की बारिश ने खोली प्रशासन की पोल

**अभय कुमार सिंह**

**तालाब निगल गईं इमारतें, नाले बने नालियां, अब हर बूंद पानी बनी काल**



**हजारीबाग।** हजारीबाग में आसमान से बरसी आफत की कुछ बूंदों ने जमीन की सारी सच्चाई नंगा कर दी। चंद घंटों की बारिश ने पूरे शहर को गला डाला, सड़कें नालों में तब्दील हो गईं, और लोग सोशल मीडिया पर वीडियो डाल-डाल कर रोने लगे।

सवाल यह है कि इस गंदगी, इस बर्बादी, और इस जलजमाव का असली गुनहगार कौन है? क्या सिर्फ. प्रशासन? या फिर हम सभी? शहर की हालत ऐसी हो गई है कि मानो कोई तटीय इलाका हो और समुद्री तूफान आया हो। लेकिन नहीं, यह सिर्फ. दो दिन की बारिश का असर है। चार दिन की चिलचिलाती गर्मी के बाद जब राहत की फुहारें बरसीं तो वे राहत नहीं, शहर के लिए आफत बन गईं। हजारीबाग की गलियां पानी-पानी हैं, सरकारी अस्पताल से लेकर बड़े-बड़े स्कूलों व दफ्तरों तक सब जलमग्न हैं। सड़कों पर पानी इतना भर गया कि बाइक, स्कूटर क्या, पैदल चलना तक मुहाल हो गया। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ? जवाब बेहद साफ है, 15-20 साल पहले तक हजारीबाग में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई थी। तब बारिश होती थी तो पानी बहकर नदियों-नालों में समा जाता था। लेकिन अब तो लगता है जैसे पानी के लिए कहीं कोई रास्ता ही नहीं बचा। ज़िले में तालाबों पर अपार्टमेंट खड़े हो गए, नाले दुकान बन गए, नदियों को पाटकर प्लॉटिंग शुरू हो गई। ये सब सिर्फ प्रशासन की आंखों के नीचे नहीं हुआ, बल्कि आम जनता की आंखों के सामने हुआ। आज अगर हजारीबाग डूब रहा है, तो उसकी नींव में सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की चुप्पी, स्वार्थ और अतिक्रमण की भूख भी है। लोगों ने घर बनाते वक्त एक इंच जगह भी न छोड़ी, न नाले के लिए, न पानी की निकासी के लिए। फिर अब रोना किस बात का? हकीकत ये है कि हमने खुद अपने शहर का गला घोंटा है। हर वह तालाब जो हमने निगला, हर वह नाला जो हमने पाटा, आज वहीं हमें डुबो रहा है। प्रशासन की नाकामी अपनी जगह है, लेकिन सबसे बड़ा दोष है उस सामाजिक सोच का, जिसने विकास के नाम पर विनाश को न्योता दिया। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो अगली बारिश सिर्फ सड़कों को नहीं हमारी सांसों को भी बंद कर देगी। हजारीबाग को डुबोया गया है, प्रशासन ने आंख मूँदी, जनता ने जमीर। अब वक्त है चेतने का, वरना आने वाला समय वीभत्स होगा!

# भुरकुंडा में नदियां उफान पर

## बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल क्षेत्र के भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, पतरातु, उरीमारी सहित आसपास के इलाकों में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से एक ओर जहां सड़कों पर पानी भर गया है, वहीं दूसरी ओर निचले इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय है नलकारी नदी और दामोदर नदी का बढ़ता जलस्तर, जो उफान पर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा, तो नदी का पानी रिहायशी इलाकों में घुस सकता है। इस प्राकृतिक आपदा के बीच बिजली संकट ने लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ा दी हैं। दिन हो या रात, बिजली की आँखमिचौली से जनजीवन थम सा गया है। पटेलनगर में बिजली का खंभा गिरने से विद्युत आपूर्ति 12 घंटे तक बाधित रही, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहा।

भुरकुंडा बाजार में भी बारिश का गहरा असर देखा गया। मूसलधार बारिश के चलते दुकानों में ग्राहक नहीं पहुँचे, जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा। वहीं, रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाहर निकलने वाले आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग की माने तो 24 से 48 घंटे तक भारी बारिश की संभावना है। लगातार बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के आसपास रहने वाले लोगों को खास सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### हजारीबाग में नशा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक

**हजारीबाग।** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा वर्षा के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ, जिसमें नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने नशा छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लाभों को रोचक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। एलईडी स्क्रीन पर दिखाए गए प्रेरक वीडियो, जागरूकता संदेशों और संकल्प कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास भरते हुए नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प मजबूत किया। बारिश के कारण मौसम प्रतिकूल रहने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# हजारीबाग में रेलवे परीक्षा बना मजाक, छात्र लौटे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ भारी बारिश से केंद्र में बिजली ठप और जनरेटर में पानी घुसने से नहीं हुआ चालू**



छात्रों से बात करते सदर विधायक प्रदीप प्रसाद।

**हजारीबाग।** झारखंड में मानसून की पहली बारिश ने जहां आम लोगों को राहत दी, वहीं हजारीबाग में सैकड़ों युवाओं के भविष्य पर पानी फेर दिया। इंद्रपुरी चौक स्थित रेलवे एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को ऐसी अव्यवस्था दिखी जिसने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी। दूर-दराज से परीक्षा देने पहुंचे छात्र जब केंद्र पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया गया। पता चला कि भारी बारिश के कारण केंद्र में बिजली ठप हो गई और डीजल जनरेटर में पानी घुसने से वह भी चालू नहीं हो सका। बिना किसी पूर्व सूचना के छात्रों को करीब एक घंटे तक खड़ा रखा गया। जब किसी तरह जनरेटर चालू किया गया, तो छात्रों को हड़बड़ी में परीक्षा देने को कहा गया, लेकिन परीक्षा का समय वही 90 मिनट रखा गया। इससे गुस्साए छात्रों ने परीक्षा रद्द करने और दोबारा तिथि निर्धारित करने की मांग की। हालात बिगड़ते देख सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मौके पर पहुंचे। भीगते हुए छात्रों से संवाद किया, परीक्षा एजेंसी की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल जांच व कार्रवाई की मांग की। छात्रों को निराशा हाथ लगी, वे बिना परीक्षा दिए लौट गए। अब नई तिथि की घोषणा की जाएगी, लेकिन यह घटना एक बड़ा सवाल छोड़ गई कि क्या व्यवस्था बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करती रहेगी और हम सिर्फ मूकदर्शक बने रहेंगे?

### कोलकाता से बिहार जा रही बस बरकट्ठा में पलटी

**हजारीबाग।** बरकट्ठा अनुमंडल के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार को कोलकाता से बिहार जा रही सियाराम बस पांतितीरी गांव के पास एनएच -19 पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस की छत पर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदी थी। अधिक वजन से बस का संतुलन बिगड़ गया। हालांकि बस में यात्रियों की संख्या कम होने से कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकाला। गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को हटाया और मछली की ढुलाई से की जांच शुरू की

### एलआइसी का बोनस देने का दिया झांसा, खाते से निकाले 60 हजार

**रामगढ़।** रामगढ़ में भी एक महिला को एलआईसी का बोनस देने का झांसा दिया गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से लगभग 60 हजार रुपये निकाल लिए गए। जब तक महिला को ठगे जाने का एहसास होता, उनका अकाउंट खाली हो गया। परिणीत टावर के फ्लैट नंबर 502 निवासी इंदू कुमारी के रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि 14 जून को उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया और एलआईसी का बोनस देने की बात कही गई। उन्हें एलआईसी का बोनस वास्तव में मिलने वाला था, इसलिए आसानी से उसके झांसे में आ गई। जैसे ही उन्होंने अकाउंट डिटेल शेयर किया, उनके खाते से 59123 निकल गए।

# अवैध खनन व परिवहन पर पूरी तरह लगायें रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**▸▸ खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश**

**▸▸ बालू खनन पर रोक लगायें सीओ और थाना प्रभारी**

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में गुरूवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को पीपीटी से विस्तार पूर्वक जानकारी दी । जिला खनन पदाधिकारी द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग की जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आग पर काबू पाने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल महाप्रबंधक एवं अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आग पर काबू पाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दी गई। बैठक में प्रमंडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग निबंधन कार्यालय बेहाल

हजारीबाग। एक तरफ हजारीबाग में नया समाहरणालय भवन बन चुका है, दूसरी ओर नगर निगम कार्यालय की भी भव्य इमारत खड़ी हो चुकी है। लेकिन हजारीबाग जिले का निबंधन कार्यालय आज भी उपेक्षा का शिकार है। हैरानी की बात ये है कि यही निबंधन कार्यालय हर वर्ष झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व देता है, लेकिन इसकी हालत आज भी बद से बदतर बनी हुई है। दूर-दराज के गांवों से हर मौसम में, चिलचिलाती गर्मी हो या मूसलधार बारिश लोग निबंधन के लिए यहां आते हैं। लेकिन न तो बैठने की कोई समुचित व्यवस्था है, न ही पानी या छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं। बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जिन्हें घंटों धूप में खड़े रहना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कार्यालय अक्सर बिना किसी सूचना के बंद मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे जमीन का निबंधन कराने के लिए भारी खर्च और मेहनत उठाकर यहां आते हैं, लेकिन जब कार्यालय बंद मिलता है तो उनका सारा श्रम और पैसा व्यर्थ चला जाता है। कम से कम इस सोशल मीडिया के जमाने में, अगर कार्यालय बंद हो तो पूर्व सूचना दे दी जाए, ताकि लोग बेवजह की परेशानी से बच सकें, यह मांग अब आम हो चुकी है। राजस्व अर्जन करने वाले इस महत्वपूर्ण विभाग की अनदेखी अब असहनीय होती जा रही है। जरूरत है कि सरकार इस ओर अविलंब ध्यान दे, न केवल बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करे, बल्कि एक आधुनिक सूचना प्रणाली भी लागू करे जिससे निबंधन से जुड़े नागरिकों को राहत मिल सके। वरना एक दिन यही जनता सवाल पूछेगी कि जो विभाग करोड़ों कमाता है, वो खुद इतनी बदहाल स्थिति में क्यों है?

### सीएटीसी-7 कैंप के लिए डीएवी के बच्चे रवाना



**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के 23 चयनित बच्चे 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिलवार, हजारीबाग में आयोजित सीएटीसी 7 कैंप के लिए रवाना हुए। एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण के नेतृत्व में इन सभी एनसीसी कैडेट को कैंप में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। जहां उन्हें बंदूक चलाना, अनुशासन, नेतृत्व करना, परेड और आत्म सुरक्षा के विभिन्न गुण सिखाए जाएंगे। इस 10 दिवसीय कार्यक्रम में बच्चे अपने मानसिक व शारीरिक शक्तियों का उत्तरोत्तर विकास करते हुए अपने और समाज के साथ-साथ देश के लिए भी कार्यशील बन सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि एनसीसी बच्चों के जीवन में अनुशासन के साथ-साथ कर्तव्य की भावना का भी प्रादुर्भाव करता है। जिससे यह सभी अपने जीवन में आत्म संयम बनाते हुए अपने समाज और देश के लिए सार्थक साबित हो पाएंगे। साथ ही प्राचार्य ने बच्चों के लिए मंगल कामना करते हुए कहा कि वे अपना 100 फीसदी देकर कैंप में सिखाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेकर, उसमें दक्ष बनें। जिससे वे अपने आने वाले जीवन के लिए नए-नए समस्याओं के समाधान के गुण भी सीख पाएंगे। शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ बच्चे अपने जीवन में समाज और देश की सार्थकता को अपना कर देशभक्ति के लिए स्वयं के साथ-साथ पूरे समाज को प्रेरित करेंगे।

### आम महोत्सव सह बागवानी मेला कल

**बरही।** नगर भवन में 21 जून को आम महोत्सव सह बागवानी मेला लगेगा। यह कार्यक्रम बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस मेले में आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के लाभुक भाग लेंगे और अपने आमों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को न सिर्फ आम की खेती से लाभ मिलेगा, बल्कि पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान मिलेगा। यह जानकारी बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने दी है।

### बरही : उत्कर्ष अभियान के तहत लगा शिविर

**बरही।** रानीचुआंव पंचायत सचिवालय के सभागार में गुरुवार को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मूर्ति देवी एवं आयुष चिकित्सक डॉ. अमन कुमार शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। इस दौरान जिला जिला परिषद उपाध्यक्ष यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय एवं अन्य लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। आदिवासी समुदाय से इस अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक के नाम पर इस योजना की शुरूआत करना एक ऐतिहासिक कदम है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। मौके पर उप प्रमुख किरण देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, राजस्व कर्मचारी संजीव, पंचायत सचिव सरोज कुमार, सहोदर कुमार, मोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पहली बारिश में ही सड़क कीचड़ में तब्दील

**बरही।** पहली बारिश में ही बरही के जीटी रोड पंचमाधव शिवपुर मोड़ से रालो की ओर जाने वाली सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। शिवपुर, गड़लाही और रालो गांव के लोगों के समक्ष आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण बताते हैं कि कीचड़ भरी सड़क से गिरते पड़ते आने जाने पर वे मजबूर हैं। कई लोग फिसल कर घायल भी हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य संवेदक ने अधूरा छोड़ दिया है। संवेदक ने पक्की सड़क निर्माण का संविदा लिया था। यह सड़क रालो, लाठिया, धनवार, करियातपुर, कोरियाडीह समेत हजारीबाग तक जाने वाले कई गांवों को जोड़ता है। गड़लाही मोड़ के बगल में गड्ढे में जलजमाव होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। कच्ची सड़क पर नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़क से होकर घरों में चला जाता है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। मांग करने वालों में पूरन राम, राजू रविदास, नारायण प्रजापति, बहादुर साव, राजेश पंडित, सिकंदर पंडित, धीरेंद्र कुमार यादव, दिनेश प्रजापति, राजकुमार रविदास, मनोज पंडित, प्रदीप रविदास, क्यूंम मियां, छोटू प्रजापति, दीनानाथ कुमार, मनोज दुबे, मुकेश पंडित, विनय गोप, गुंजन पंडित, रामसेवक प्रजापति, सूरज कुमार, बिनोद पंडित समेत अनेक शामिल हैं।

### दारू : झुमरा चौक बना तालाब, बढ़ीं मुसीबतें

दारू। पहली बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं झुमरा चौक के लोगों के लिए मुसीबत बन गई। एनएच-522 पर स्थित झुमरा चौक पर गुरुवार को जलजमाव के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई। साप्ताहिक बाजार में आए खरीदार और विक्रेताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समस्या नई नहीं है, हल्की बारिश में भी यहां जलजमाव हो जाता है। पिछले 10 वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2002झ03 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री देवदयाल कुशवाहा ने दोनों ओर नाली निर्माण कराया था, लेकिन अब दुकानदारों ने इन नालियों को मिट्टी और मलबे से जाम कर दिया है। इसके अलावा कुछ दुकानदारों ने एनएच की जमीन पर कब्जा कर सड़क तक दुकानें फैला दी हैं, जिससे वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोग जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी से नाराज हैं। उन्होंने दारू सीओ से अविलंब अतिक्रमण हटवाने और जल निकासी दुरुस्त कराने की मांग की है।

# मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ, समाज को है उम्मीद : डीसी




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नए उपायुक्त ऋतुराज पदभार ग्रहण करने के उपरांत गुरुवार को मीडिया से रूबरू हुए और जिले को विकास के पथ पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता बताई। वहीं उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, ऐसे में आपलोगों से समाज को काफी उम्मीदें हैं। वहीं उन्होंने कहा कि मीडिया के साथी भी समाज के अभिन्न अंग हैं, यदि उनके समक्ष भी कोई समस्या आती है तो हरसम्भव उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि वार्ता के दौरान जिले के विकास के लिए जो सुझाव दिए गए हैं, उस पर चरणबद्ध तरीके से अमल किया जाएगा। जिलेवासियों की समस्याओं के समाधान को लेकर हरसंभव उपाय किये जा रहे हैं। जनता दरबार में आने वाले मामलों को प्राथमिकता के स्तर पर सुलझाया जा रहा है, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। झुमरीतिलैया शहर के सौंदर्यीकरण की बात हो अथवा यातायात और वेंडरों की समस्या हो, सबका निदान किया जाएगा। झुमरीतिलैया में टाउन हॉल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, बस स्टैंड आदि के निर्माण को लेकर भूमि चिन्हित किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में दाखिल खारिज के लम्बित मामलों को देखते हुए सभी अंचलों में 19 से 21 जून तक विशेष कैम्प लगाया जा रहा है।

जिलेवासियों से अपील है कि अपने जरूरी कागजातों के साथ कैम्प पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि प्रत्येक माह इस तरह के कैम्प का आयोजन कर लम्बित मामलों को तेजी से निष्पादित किया जाये और आम जनता को गूड गवर्नेंस की सुविधा मिले। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जाएगा।

## सभी अंचलों में लंबित दाखिल-खारिज मामलों का हुआ निष्पादन

- डीसी, एसडीओ व एसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने कैंप का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** जिले में दाखिल-खारिज के कई मामले 30 दिनों से अधिक समय से लंबित पाए गए हैं, जो न केवल जनहित के खिलाफ हैं, बल्कि झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम 2005 का भी उल्लंघन है। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर जिले के सभी अंचलों में दाखिल-खारिज, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र समाधान हेतु विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उपायुक्त ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह और एसी पूनम कुजूर ने अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आए आवेदनों का शीघ्र और निष्पक्ष निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपने राजस्व संबंधित मामलों का समाधान कराएं। वहीं शिविर में कुल 172 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 78 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## करमा पंचायत की रेखा देवी को मिला वृद्धा पेंशन योजना का लाभ



**कोडरमा।** जिले के करमा पंचायत अंतर्गत पुतो गांव निवासी रेखा देवी ने हाल ही में आयोजित जनता दरबार में अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने उपायुक्त ऋतुराज से गुहार लगाई कि उन्हें वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। उपायुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्क्षण सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसके बाद निर्देशानुसार जांचोपरांत रेखा देवी का वृद्धा पेंशन स्वीकृत किया गया। उक्त स्वीकृति पत्र स्वयं उपायुक्त ऋतुराज द्वारा रेखा देवी को प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सतगावां अंचल में दाखिल खारिज शिविर आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को दाखिल खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एलआरडीसी ओमप्रकाश मंडल, सीओ केशव प्रसाद चौधरी, बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक उपस्थित थे। इस सम्बंध में सीओ ने बताया कि शिविर में कुल चिन्हित वादों की संख्या 15 व चिन्हित मामलों की संख्या 11 है। वहीं स्वीकृत वादों में 6 का दाखिल खारिज हुआ, शेष वाद आरएसआई लौंगिग से जीपीएस इमेज के अभाव में अग्रसारित नहीं हो पाया है। वहीं उन्होंने बताया कि अस्वीकृत वादों की शून्य है। जबकि लंबित पुनः सुनवाई हेतु कारण सहित मामले की संख्या 4 है। वहीं कैम्प में कुल 2 नए मामले आयें हैं। वहीं सीओ ने कहा कि इसी प्रकार से लाभुक अंचल कार्यालय स्वंय पहुंचकर अपना काम करवाये। कैम्प का प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण दूर दराज के लाभुकों जानकारी नहीं मिल पाई। मौके पर सीआई प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं बारिश के कारण प्रखंड के मुख्य मार्ग ग्राम नौवाचक के समीप गुरुवार की सुबह एक विशाल पीपल का पेड़ सड़क पर गिर जाने से करीब 5 घटों तक यातायात बाधित रहा। हालांकि कुछ देर बाद ग्रामीणों की मदद से पेड़ की टहनियों को काटकर हटाया गया, तब जाकर छोटे वाहनों का आवागमन चालू हो सका। मगर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। पेड़ गिरने के बाद पुलिस के सहयोग से पेड़ को सड़क से हटाया गया। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका। बता दें कि इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ है।

## तालाब निर्माण योजना में गड़बड़ी को लेकर जांच शुरू



**सतगावां (कोडरमा)।** उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर गुरुवार को एलआरडीसी ओमप्रकाश मंडल ने सतगावां प्रखंड का दौरा कर भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब निर्माण कार्य की जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय किसानों व ग्रामीणों से योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर एलआरडीसी के नेतृत्व में टीम गठित कर भूमि संरक्षण से 11 तालाबों में 8 तालाबों का निर्माण कार्य की जांच करने पहुंची टीम ने खुट्टा पंचायत के जोगीडीह में भूमि संरक्षण से साढ़े तेरह लाख रुपये की लागत से बन रहे तालाब स्थल का दौरा किया। वहीं टीम ने बताया कि प्रखंड में 11 तालाब बनने हैं, जिसमें 8 तालाब बन चुका है, शेष 3 तालाब का निर्माण कार्य होना बाकी है। फिलहाल जोगीडीह स्थित बन रहे तालाब की जांच की गयी। अन्य तालाब निर्माण स्थलों की स्थिति की जांच कर उपायुक्त को रिपोर्ट देने की बात कही। जांच टीम में एलआरडीसी ओमप्रकाश मंडल के अलावे बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव शामिल थे।

## अमेरिका और जी-7 का ईरान के प्रति आक्रामक रवैया निंदनीय : सीपीएम

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आक्रामक बयानों की कड़ी निंदा की है। इस तरह की बयानबाजी से तनाव और बढ़ेगा और पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को युद्ध और अस्थिरता की ओर धकेला जाएगा। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प अब खुलेआम ईरानी नेताओं की हत्या की धमकी दे रहे हैं और ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बेड़े का बड़े पैमाने पर जुटाना इस बात का संकेत है कि ईरान पर हमले करने के लिए इजरायल के साथ मिलकर अमेरिका तैयारी कर रहा है। ये घटनाक्रम खतरनाक है और दुनिया को विनाशकारी युद्ध के कगार पर धकेलने का कोशिश है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 15 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच की महिला समूह प्रेरणा शाखा ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कुल 15 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, कार्यक्रम की परियोजना निदेशक शैलजा केडिया, मंडल (वन) के सहायक मंत्री श्रेया केडिया व रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल, सचिव गौतम पाल, उपाध्यक्ष डॉ. सागर मणि, कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर रेड क्रॉस के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम होना माना जाता है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों युवाओं एवं आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस मानवता की सेवा में सहभागिता निभायें।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाखा की सचिव आकृति चौधरी, उपाध्यक्ष शीतल पोद्दार, सहसचिव प्रिया अग्रवाल, नेहा हिसारिया, दीपा गुप्ता व बबीता केडिया सहित रेड क्रॉस के टेक्नीशियन अमित कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

रक्तदान करने वालों में शैलजा केडिया, प्रिया अग्रवाल, दीपा गुप्ता, चिराग हिसारिया, रोहित लोहिया, अनुराग हिसारिया, आकृति चौधरी, केशव केडिया, केशव शंघाई, संतोष लड्ढा, विमल हिसारिया, बबीता केडिया व श्रेया केडिया सहित 15 युवक व युवतियों ने रक्तदान किया।

## समर शिविर के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

- नशा मुक्ति अभियान के तहत समाज को नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को समर शिविर के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह शिविर 26 जून तक चलेगा। बताते चलें कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत पोषण ट्रैकर में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंध विभिन्न चरणों के माध्यम से समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है, ताकि समुदाय स्तर पर कार्य सुचारू रूप से चलाया जा सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिन गुरुवार को 90 सेविका, एएनएम, पोषण सखी, सहिया उपस्थित हुईं, जिन्हें मास्टर ट्रेनर महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, एएनएम रीता शर्मा व जिला ट्रेनर के रूप में उपस्थित पप्पू कुमार यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सेविका, सहिया, पोषण सखी व एएनएम को इस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें समाज को नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर कमल कुमार, भारत भूषण लाल समेत दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पोषण सखी व एएनएम उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के 55वां जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने सादा समारोह का किया आयोजन

**कोडरमा।** प्रतिपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के सार्वभौम नेता राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा झुमरीतिलैया स्थित इमाम क्लीनिक परिसर में एक सादा समारोह आयोजित कर अपने नेता को शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय सेठ ने की। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू व नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम उपस्थित रहे। वहीं उपस्थित कांग्रेसजनों ने केक काटकर एवं क्लीनिक के मरीजों के बीच फल एवं मिठाई वितरण कर श्री गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सहूद खान, जहीर उद्दीन, नीरज कुमार, मो.तैजम, सुरेंद्र शर्मा, शाहजहां, धिरेंद्र गुप्ता, सूरज कुमार, अनिल राणा, मुकेश दास, खोखन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में प्रेरणादायी 'पेप टॉक' का आयोजन

- जिला टॉपर निष्ठा ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के सभागार में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी 'पेप टॉक' सत्र का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य वक्ता ग्रिजली विद्यालय की छात्रा निष्ठा भदानी रहीं, जिन्होंने सत्र 2024-25 में वाणिज्य संकाय की जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं (वाणिज्य संकाय) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रकाश गुप्ता, वाणिज्य संकाय के समन्वयक जितेन्द्र चौधरी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा काशरीना मटनिजा ने किया, जबकि प्रिफेक्ट आशी कुमारी (कक्षा 12वीं) ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं निष्ठा भदानी ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर अपने अनुभव विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए पढ़ाई की गुणवत्ता पर जोर देना चाहिए, न कि केवल घंटों की गिनती पर। उन्होंने नियमितता, निरंतरता और आत्म-अध्ययन को सफलता की कुंजी बताया तथा मोबाइल फोन के सीमित और शैक्षणिक उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें आशी कुमारी, आर्यन, ऋद्धि जैन, गितांश दुग्गड़, स्वर्णम राज सहित अन्य विद्यार्थियों ने निष्ठा से परीक्षा की रणनीति, तनाव प्रबंधन तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे। मौके पर सुधांशु कुमार, कुमार राजीव, रथिन बर्धन, सुजन कुंडू, अमित दास, अमित राय, सुनील कुमार साव, प्रीतम हरी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### चुंदरू-गेरूआ नदी उफान पर, चुन्दरू धाम का शिव लोक हुआ जलमग्न



**टंडवा (चतरा)।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मुसलाधार बारिश से पूरे प्रखंड की छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। ऐसे में टंडवा के चुन्दरू नदी का उफान भी देखते बन रहा है। गुरुवार की सुबह नदी का उफान इतना तेज बढ़ गया कि नदी के छोर पर स्थित चुन्दरू धाम का शिवलोक जलमग्न हो गया। वहीं नदी में बढ़ते जलस्तर और उफान की तस्वीरें कैद करने के लिए सुबह से लेकर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही।

### चुंदरू नदी में बाईक सवार युवकों को पीपा पुल पार करना पड़ा भारी, लोगों ने बचाई जान



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा चुंदरू-गेरूआ नदी के बीच बने पीपा पुल को पार करना गुरुवार दोपहर बाइक सवार तीन युवकों को भारी पड़ गया। उफनती नदी के बीच बने पीपा पुल को पार कर रहे तीनों युवक नदी की तेज धार में बाईक सहित बहने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने तुरन्त तत्परता दिखाते हुए बाइक सहित तीनों युवकों को बचा लिया। दरअसल लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदी पर बना पीपा पूल नदी की तेज धार में समा चुका है। इसी बीच तीन युवक चुन्दरू की ओर से बाइक पर सवार होकर टंडवा की ओर जा रहे थे, जो एकाएक नदी पर बने पीपा पुल से बाइक सहित पार होने लगे।

### मिश्रौल में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल स्थित इंटरनेशनल साइंस स्कूल के समीप निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र स्वयं सेवी संस्था भारतीय उज्जवल विकास केंद्र के द्वारा खोला गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के सचिव सचिन कुमार शर्मा, मोहसिन अंसारी व अमित साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्र के पांच सौ छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर आनंद कुमार, द्रौपदी, दिव्या, अंशु, प्रियंका सहित अन्य मौजूद थे।

### द्वारी पंचायत में समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत भवन सचिवालय में पंचायत स्तरीय पंचायत समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जगदीश यादव ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पंचायत में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही पंचायत के जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर पंचायत के विकास में गति देने का निर्णय लिया है। साथ ही बैठक में उच्च विद्यालय द्वारी, मध्य विद्यालय तिलैया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य उप केंद्र द्वारी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को बेहतर संचालन करने का निर्देश संबंधित सदस्यों ने दिया। बैठक में वार्ड सदस्य समेत अन्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

### प्लस टू उवि में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी में विद्यालय प्रबंधन समिति शिक्षक तथा अभिभावकों के बीच गुरुवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को प्रत्येक दिन बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की गयी है। वहीं अभिभावकों ने विद्यालय में मध्याह्न भोजन समेत अन्य की जानकारी लेते हुए मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की बात कही है। साथ ही साथ अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों से प्रत्येक दिन विद्यालय सही समय से पहुंचने की बात कही। पठन-पाठन में विद्यालय से बच्चों को सहयोग करने की अपील की है। बैठक में उपस्थित संगीता देवी, कौशल्या देवी, नीलम कुमारी, प्रयागराज, ममता देवी, पार्वती देवी, नीलम कुमारी, अंजू देवी, पार्वती देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवार मुख्य मार्ग के पावर हाउस (डंडाडीह) स्थित एक सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक झुमरीतिलैया की ओर से पीपचो की ओर जा रहा था, इसी दौरान जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवार मुख्य मार्ग डंडाडीह के समीप अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी एक ऑटो से जा टकराई। जिसमें बाइक सवार तीन युवक व और टेम्पू सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जयनगर पुलिस को दी, जिसके पश्चात घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बब्लू कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं घायलों में 25 वर्षीय ममता देवी पति उमेश साव, 36 वर्षीय प्रिंस कुमार पिता उमेश साव पथलडीहा निवासी, 50 वर्षीय सितारा बानो पति इम्तियाज अहमद, 15 वर्षीय सलमान आलम पिता कारू आलम मरकच्चो निवासी, 40 वर्षीय संतोष दास पिता कारू दास करमा निवासी तथा 25 वर्षीय पिन्टू दास पिता प्रसादी दास कोलुवाकला निवासी के नाम शामिल हैं। इनमें से 4 लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### जमीन के अंदर छुपा कर रखा गया विस्फोटक पदार्थ बरामद



**मरकच्चो (कोडरमा)।** जमीन के अंदर छुपा कर रखा गया विस्फोटक पदार्थ गुरुवार को मरकच्चो पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक के समीप थाना से महज कुछ ही दूरी सामने जमीन के अंदर दबे मिट्टी से बरामद किया है। बारिश से मिट्टी हट जाने के बाद सुबह ग्रामीणों द्वारा विस्फोटक जिलेटिन देखा गया, जिसकी सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी। वहीं थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी, एएसआई इसराफुल दल बल के साथ स्थल पर पहुंच कर 19 जिलेटिन बरामद किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि थाना के नजदीक से जिलेटिन मिलना चिंता का विषय है, जेलेटिन जर्जर अवस्था में पाया गया। इसकी गहन छान बीन की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक ये विस्फोटक मुख्य रूप से पत्थर खदान में विस्फोट करने में प्रयोग किया जाता है।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना के तहत मरकच्चो प्रखंड के ग्राम बंदरचौकवा में गुरुवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ऋतुराज, डीपीओ अनूप कुजूर, बीडीओ हुलास महतो, एलडीएम विमलकांत झा, प्रखंड प्रमुख विजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पौधरोपण कर किया गया। शिविर में जनजातीय समुदाय के सैकड़ों परिवारों ने भाग लिया और केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। वहीं उपायुक्त द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिसमें 11 सखी मंडलों को 41 लाख रूपये की बैंक सहायता राशि, 2 लाभुकों को केसीसी लोन, 3 लाभुकों को मुद्रा लोन, 1 लाभार्थी को पीएमएफएमई योजना अंतर्गत लोन, पेंशन, आधार कार्ड, आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आदि शामिल रहे। वहीं स्वास्थ्य जांच एवं मुफ्त दवा वितरण की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रही, जिसमें 153 पंजीकरण किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का स्थल पर ही निष्पादन किया गया, जैसे राशन कार्ड 93, उज्ज्वला योजना 18, पीएम जनधन योजना 11, आयुष्मान भारत 38, पीएम किसान 4, सर्वजन पेंशन 20, मिशन इंद्रधनुष 78, टीबी मुक्त भारत 1, स्टैंड अप इंडिया 1, पीएम विश्वकर्मा योजना 6 व अन्य शामिल हैं। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ लें और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अन्य पात्र नागरिकों तक भी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। मौके पर चितरंजन कुमार, ड.दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सर्वेश कुमार, इंद्रदेव कुमार, बिमलेश पासवान, अंकित कुमार, जावेद अंसारी, लेखराज दास, दीपक कुमार, पंकज कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, किशोर यादव, दिलीप महतो आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## धरगांव पंचायत भवन में शिविर आयोजित

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत धरगांव पंचायत भवन में बुधवार को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त मार्गदर्शन पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ भोला पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया गीता देवी, अग्रणी जिला प्रबंधक विमल कांत झा मौजूद थे।

झारखंड की कला संस्कृति लोकगीत व ढोल नगाड़ा बजाकर तथा फूल माला पहनाकर मुख्य अतिथि बीडीओ व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। विशेष शिविर में लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला।

मौके पर अनिल कुमार, राहुल कुमार, राजेंद्र चौधरी, प्रफुल्ल सिंह, तरुण कुमार, प्रशांत तर्वे, संजय कुमार शर्मा, प्रियंका कुमारी, पीयूष कुमार, सकलदेव यादव, रोहन कुमार, अशोक कुमार दास, राजेश कुमार, राहुल कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अमित अंजन आदि मौजूद थे।

# बीज उत्पादन एवं एनएफएसएम योजना अंतर्गत किसानों के बीच बीज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** गुरुवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में बीज विनिमय वितरण तथा बिरसा फसल विस्तार योजना एवं एनएफएसएम योजना अन्तर्गत बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में सभी प्रखण्डों से आये हुए किसानों को एनएफएसएम न्यूट्री सीरियल्स मडुआ मिनिकीट 04 कि.ग्रा. प्रति कृषक शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। इस योजना अन्तर्गत सिमरिया प्रखंड से 10 बिरहोर कृषकों के बीच मडुआ मिनिकीट का वितरण किया गया। इनमें मुख्य रूप से तेतर बिरहोर, हेमलाल बिरहोर, गोपाल बिरहोर आदि उपस्थित हुए। साथ ही साथ चतरा प्रखंड के मर्दनपुर गांव चतरा से अनुसूचित जनजाति महिला कृषकों के बीच हाईब्रिड धान बीज का वितरण किया गया। इसके साथ ही बीज विनिमय कार्यक्रम अंतर्गत हफुआ पैक्स के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान पर धान का राजेन्द्र मंसूरी एवं एमटीयू-1010 का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक, आत्मा चतरा के द्वारा किया गया। सभी प्रखण्डों से आये हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, लैम्पस/ पैक्स के अध्यक्ष, चतरा जिला के 20 सूत्री अध्यक्ष, मुखिया एवं सभी प्रखण्डो से आये हुए कृषक मित्र एवं कृषकों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# गर्भवती महिलाओं को पहुंचाने वाले वाहन को मिलेगा 7 सौ : अपर समाहर्ता

### सदर अस्पताल गुमला का देर रात शशिंद्र कुमार ने किया निरीक्षण


जानकारी लेते अपर समाहर्ता


पूछताछ करते एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर बुधवार की देर रात अपर समाहर्ता गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सुधार हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मेडिसिन की उपलब्धता, ऑक्सीजन आपूर्ति एवं एसएनसीयू वार्ड में चिकित्सकीय सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। निमार्णाधीन एलएमओ प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। जहां कार्य प्रगति ठप पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार से संपर्क स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। लेबर रूम की छत से हो रहे जल रिसाव की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। बेड की उपलब्धता की स्थिति का भी जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त अस्पताल में तैनात 10 होमगार्ड की संख्या बढ़ाकर 20 किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही गई। साथ ही मेडिसिन रजिस्टर, नर्स रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई। इसके अलावा 108 एंबुलेंस एवं ममता वाहन सेवा के लिए रूट चार्ट तैयार करने तथा नागरिकों को उसकी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता ने राज्य सरकार की नवीन नीति की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई गर्भवती महिला निजी वाहन से अस्पताल आती है, तो उसे 700 की राशि अस्पताल द्वारा दी जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में गर्भवती महिलाओं को निजी वाहन से भी शीघ्र अस्पताल लाएं, ताकि उन्हें समय पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के अंत में आउटसोर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी हेतु रोस्टर तैयार करने एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इधर गुरूवार सुबह सदर एसडीओ राजीव नीरज ने सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, मरीजों की सुविधा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीज को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ख्याल रखने का निर्देश सिविल सर्जन और उपाधीक्षक को दिया। उन्होंने बताया कि डीसी के निर्देश पर नियमित रूप से सदर अस्पताल का निरीक्षण किया जाना है और इसके लिए प्रतिदिन वरीय अधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई है।

# डीटीओ के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा गुमला घाघरा रोड दुनदुरिया में मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग अभियान गुरूवार को चलाया गया। इस दौरान चालकों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगो को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट प्रणय कांशी, डीटीओ ऑफिस के अश्वनी कुमार, देव कुमार सोनी कुमार शामिल थे।

# राहुल गांधी के जन्म दिवस पर सांसद भगत ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**


राहुल गांधी के साथ सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को ट्वीट कर उन्हें जन्मदिवस का बहुत-बहुत बधाई देते हुए ईश्वर से दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि जनता आपके सशक्त नेतृत्व में संपूर्ण राष्ट्र की न्याय, संविधान व लोकतंत्र संरक्षण सुनिश्चित हुआ है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में आपका अदम्स साहस सराहनीय हैं। जनता के हित और अधिकारों के लिए निडरता से संघर्ष करने का आपका जज्बा प्रत्येक कांग्रेस जनों के लिए प्रेरणादायक है।

# लोहरदगा : सीठियो सेरेंगहातू में कोयल नदी उफान पर, पुराना पुल जलमग्न


कोयल नदी उफान पर।



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में बीते दो दिनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियों और तालाबों का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जिले की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वही पहली बरसात ने शहर में नगर परिषद की व्यवस्था की भी पोल खोल दिया। जगह जगह जल जमाव से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोहरदगा-बेड़ो मुख्य मार्ग स्थित सीठियो सेरेंगहातू में दक्षिण कोयल नदी पर बना पुराना पुल पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। यह नजारा देखने के लिए लोहरदगा शहर समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। सेन्हा थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग की है ताकि लोग पानी के निकट न जा सकें। वहीं, सेन्हा सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी और थाना प्रभारी बारिश हुसैन दल-बल के साथ पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

# लगातार बारिश से गुमला जिले की कई नदियां उफान पर

## खतरे के निशान तक पहुंचा पानी, बारिश से लोग घरों पर दुबके, प्रतिष्ठनों व सड़कों पर पसरा सन्नाटा

- शहर के कई सड़कों पर भरा घूटने तक पानी, लोग परेशान, सब्जी की खेती हुई बर्बाद


लोसई नदी पर पुल के उपर से बहता पानी।


गुमला शहर के डीएसपी रोड में भरा पानी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** तीन दिनों से हो रहे लगातार बारिश से गुमला जिला में जन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। गुरूवार को सुबह से ही बारिश होने के कारण लोग घरों पर ही दुबके रहें। जरूरी काम होने पर ही सड़कों पर निकले। जिसके कारण सड़कों पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं लगातार बारिश के कारण शहर की प्रतिष्ठान खुली जरूर लेकिन ग्राहक नहीं पहुंचे। प्रखंडों में लगने वाला साप्ताहिक हाटें भी बारिश के कारण प्रभावित रही। सबसे अधिक परेशानी बारिश से फुटपाथी दुकानदारों को हुई। लागातार बारिश के कई फुटपाथ पर लोग दुकान भी नहीं लगा पाये। इधर लगातार बारिश से जिले के जीवनदायनी नदियां उफान पर है। कई नदियों में पानी का बहाव खतरे के निशान से उपर बह रहा है। गुमला का नागफेनी नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है और अगर बारिश नहीं थमी तो नागफेनी पुल को भी पानी का तेज बहाव क्षति पहुंचा सकती है। क्योंकि पुल के नजदकी तक पानी का बहाव पहुंच गया है। वहीं गुमला प्रखंड के कोयनारा गांव स्थित लोसई नदी में पानी का बहाव पुल के उपर से हो रहा है। जिसे कोयनारा, जामटोली, अंबाटोली, चरकाटांगर, कांटा टोली, हरदी टोली, कोलांबी, डीपाटोली, फुटकल टोली व गिंडरा गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। पानी का बहवा इतना तेज है कि लोग इधर से उधर पार नहीं कर पा रहे हैं। वहीं बसिया प्रखंड स्थित दक्षिणी कोयल नदी भी बारिश से पूरे उफान में है। इधर बारिश के कारण शहर की कई सड़कें तालाब का रूप धारण कर चुकी है। शहर का डीएसपी रोड में बारिश होते ही सड़क पर घूटनों तक पानी भर जाता है। इस सड़क का कई बार कायाकल्प करने का प्रयास किया गया लेकिन बारिश होते ही स्थिति जस के तस हो जाती है। बस पड़ाव मार्ग में भी बारिश से जल जमाव हो गया है। वहीं कई स्थानों पर नाली का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। जिसे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश का सबसे अधिक प्रभाव खेत पर लगी सब्जी के फसलों पर हुई। वहीं धान की फसल को लेकर किसान काफी खुश नजर आये और खेतों में पसीना भी बहाते नजर आये।

## स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने किया रक्तादान



गुमला। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल गुमला में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। मौके पर आजाद अंसारी ने कहा राहुल गांधी शोषितों, दलितों, आदिवासीयों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है। राहुल गांधी सच्चाई को सत्ता तक पहुंचाने और वंचितों का समर्थन करने के अपने मिशन को जारी रखे हैं। मौके पर उपाध्यक्ष अंजलिंता बाड़ा, सिसई विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, जिला सचिव साबिर खान, उज्ज्वल सिन्हा, सुशील उरांव उपस्थित थे।

### वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर जिले के 36 स्थानों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

गुमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने एवं 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को सफल बनाने हेतु गुमला जिले में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को इस कार्यक्रम का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उनके नेतृत्व में 21 जून की सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक कुल 36 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें गुमला नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा शेष 35 स्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 15 से 20 योगाभ्यास कराए जाएंगे।

### घाघरा के नवडीहा खेल मैदान में सुब्रतो मुखर्जी कप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

घाघरा। शिक्षा विभाग द्वारा घाघरा के नवडीहा मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पहला मैच अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी स्कूल घाघरा बनाम हाई स्कूल टोटाम्बी के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी स्कूल घाघरा की टीम दो गोल से जीत हासिल किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि झारखंड सरकार के पहल पर शिक्षा विभाग द्वारा सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता प्रखंड स्तरीय कराया जा रहा है। जो एक बेहतर प्रयास है। बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक बसंत कुमार साहू, सदय प्रताप जायसवाल सहित कई शिक्षक छात्र–छात्र उपस्थित थे।

### चुंदरी पंचायत में जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा। घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, मुखिया विनीता कुमारी शामिल हुई। कार्यक्रम में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। बीडीओ ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास और सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सीओ मंडल ने कहा ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि ग्रामीण सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आवेदन भरे। मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, बीपीओ बेबी कुमारी, शीतल, नितीश, अशोक व कर्मी उपस्थित थे।

# गुमला में विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर गुमला जिले में सिकल सेल रोग को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नर्सिंग कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीओ सदर राजीव नीरज, सिविल सर्जन नवल कुमार, एसीएमओ और डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम ने संयुक्त रूप से सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांव-गांव जाकर लोगों को सिकल सेल रोग के बारे में जानकारी देगा और जांच के लिए प्रेरित करेगा। इसके बाद कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज में एक सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें प्राचार्य मेजर नीरजा, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सेमिनार में डॉ सुनील एमडी पैथोलॉजी और यूनिसेफ कंसल्टेंट पवन ने सिकल सेल रोग की पहचान, इलाज और बचाव के बारे में सरल और उपयोगी जानकारी दी।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी फागु बेसरा एवं अर्जुन राम द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–376/25 2. आवेदक–योगेन्द्र प्रसाद , पिता–स्व0 मोहन साव<br>3. ग्राम–माण्डू , पोस्ट–माण्डू , थाना– माण्डू , प्रखण्ड– माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–377/25 2. आवेदक–बिराजी देवी , पति –मनसु मांझी<br>3. ग्राम–महतो टोला , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना– रजरप्पा , प्रखण्ड– रजरप्पा<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–378/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार , पिता–स्व0 लोकनाथ साहु<br>3. ग्राम–माण्डूीह , पोस्ट–माण्डू , थाना– माण्डू , प्रखण्ड– माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–379/25 2. आवेदक–आशुतोष कुमार , पिता–परमेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–माण्डू , पोस्ट–माण्डू , थाना– माण्डू , प्रखण्ड– माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–380/25 2. आवेदक–रेखा देवी , पति –प्रदीप कुमार<br>3. ग्राम–माण्डूीह , पोस्ट–माण्डू , थाना– माण्डू , प्रखण्ड– माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में गस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–381/25 2. आवेदक–मुन्नी देवी , पति –गोपाल किशोर गुप्ता<br>3. ग्राम–माण्डू , पोस्ट–माण्डू , थाना– माण्डू , प्रखण्ड– माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–382/25 2. आवेदक–विनोद कुमार , पिता–स्व0 देवनाथ प्रसाद<br>3. ग्राम–सी0आई0सी0 बस्ती , पोस्ट–बरकाकाना , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–460/25 2. आवेदक–राम अधार महतो , पिता–स्व0 बन्सी महतो<br>3. ग्राम–बहेरा (चरही) , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कौलेश्वर महतो एवं निवारण प्रसाद द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–383/25 2. आवेदक–मुख्तार अंसारी , पिता–फारूक अहमद<br>3. ग्राम–सोसो कला , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–384/25 2. आवेदक–राकेश कुमार मल्होत्रा, पिता–स्व0 बदेश महथा<br>3. ग्राम–सुतरी , पोस्ट– सुतरी , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–385/25 2. आवेदक–धनेश्वर महतो , पिता–धनेनाथ महतो<br>3. ग्राम–डुण्डीगाछी , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–386/25 2. आवेदक–रामचरण महतो , पिता–गुलाब महतो<br>3. ग्राम–सेरेंगातु , पोस्ट– साड़म , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–387/25 2. आवेदक–नारायण महतो , पिता–अरछु महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट– कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–388/25 2. आवेदक–भारती देवी , पति –सुनिल हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–खखरा , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–389/25 2. आवेदक–कुंज बिहारी , पिता–बैजनाथ सिंह<br>3. ग्राम–चोपादारू , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–390/25 2. आवेदक–राजु करमाली , पिता–भूखल करमाली<br>3. ग्राम– मगनपुर , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–391/25 2. आवेदक–इन्द्रदेव कुमार महतो, पिता–लाल किशोर महतो<br>3. ग्राम– चक्रवाली , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–392/25 2. आवेदक–सदमिया देवी , पति –गुलाब चन्द महतो<br>3. ग्राम–महतो टोला , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–393/25 2. आवेदक–उलासो देवी , पति –पोकलाल महतो<br>3. ग्राम–महतो टोला , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–394/25 2. आवेदक–चरका महतो , पिता–जलीया महतो<br>3. ग्राम– मगनपुर, पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–395/25 2. आवेदक–पियुस कुमार , पिता–धिरेन महतो<br>3. ग्राम– चक्रवाली , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–396/25 2. आवेदक–दाउद अंसारी , पिता–रफिउल्लाह<br>3. ग्राम–हेट कुल्ही मगनपुर , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–397/25 2. आवेदक–अनिता देवी , पति –बलराम मुण्डा<br>3. ग्राम– मगनपुर , पोस्ट– मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–398/25 2. आवेदक–कारिनाथ महतो , पिता–हरिहर महतो<br>3. ग्राम–रकुवा , पोस्ट–सुतरी , थाना–गोला , प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–399/25 2. आवेदक–मुरली तुरी, पिता–स्व0 बालो तुरी<br>3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–400/25 2. आवेदक–बाल कृष्ण मुण्डा, पिता–स्व0 पुयता मुण्डा<br>3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के नीचे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–401/25 2. आवेदक–कैली देवी, पति– रमनी महतो<br>3. ग्राम–उसरा, पोस्ट–कोरचे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– महिला, आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–402/25 2. आवेदक–युगल चौधरी, पिता– स्व0 चरकु चौधरी<br>3. ग्राम–उकरीद, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–403/25 2. आवेदक–गीता देवी, पति– सुरेश चौधरी<br>3. ग्राम–उसरा, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– महिला आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–404/25 2. आवेदक–सुरेश चौधरी, पिता– स्व0 चरकु चौधरी<br>3. ग्राम–उकरीद, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–405/25 2. आवेदक–रमली महतो, पिता– स्व0 भोला महतो<br>3. ग्राम–उसरा, पोस्ट–कोरचे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–406/25 2. आवेदक–अरूण चौधरी, पिता– मटुक लाल चौधरी<br>3. ग्राम–उकरीद, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–407/25 2. आवेदक–किशोर कुमार चौधरी, पिता– मटुक लाल चौधरी<br>3. ग्राम–उकरीद, पोस्ट–सोसो, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाया पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–408/25 2. आवेदक–उमा चरण साव, पिता– महेश साव<br>3. ग्राम–रजरप्पा प्रोजेक्ट, पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट, थाना–रजरप्पा प्रोजेक्ट,<br>प्रखण्ड–चितरपुर, 4. लिंग– पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–502/25 2. आवेदक–अश्विनी कुमार महतो, पिता– नकुल राम महतो<br>3. ग्राम–गांगाजोरी, पोस्ट–गांगाजोरी, थाना–जरीडीह, प्रखण्ड–जरीडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांये आँख मे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–503/25 2. आवेदक–राजेश्वरी देवी, पति– होपन राम मांझी<br>3. ग्राम–हरदी हरिडीह, पोस्ट–अरजू , थाना–जरीडीह, प्रखण्ड–जरीडीह<br>4. लिंग– महिला, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–ओंठ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दीपक सिंह टाईगर एवं दर्शन गंझू द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–409/25 2. आवेदक–भुवनेश्वर महतो , पिता–मंजूर महतो<br>3. ग्राम–कटिया , पोस्ट–कोतो , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–410/25 2. आवेदक–सेसली डीकुज ,पति–स्व0 ऐन्थोनी डीकुज<br>3. ग्राम–चीप हाउस बुधबाजार , पोस्ट–बुधबाजार भुरकुण्डा , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–411/25 2. आवेदक–शकुन्तला देवी ,पति–मदन रविदास<br>3. ग्राम–घुटुवाबस्ती , पोस्ट–एन टी एस बरकाकाना , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–412/25 2. आवेदक–रिझनी देवी ,पति–जगदीश रविदास<br>3. ग्राम–बड़गाँव , पोस्ट–बड़गाँव, थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–413/25 2. आवेदक–अनीता देवी ,पति–पंचम महतो<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–भुरकुण्डा, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–414/25 2. आवेदक–चैतन्य प्रसाद कुशवाहा, पिता–विश्वम्भरनाथ महतो<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–चिकोर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–415/25 2. आवेदक–लाली करमाली , पिता–मण्डरा करमाली<br>3. ग्राम–नीचे जोड़ा भुरकुण्डा , पोस्ट–भुंरकुण्डा बाजार , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–416/25 2. आवेदक–मुनिलाल दास , पिता–मालीया दास<br>3. ग्राम–सौंकुल , पोस्ट–पतरातू, थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–417/25 2. आवेदक–राजा राम महतो , पिता–दाहो महतो<br>3. ग्राम–चैनगड़ा , पोस्ट– चैनगड़ा , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–418/25 2. आवेदक–भोला प्रसाद कुशवाहा , पिता–भीखन महतो<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–भुरकुण्डा , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–419/25 2. आवेदक–पारवती देवी ,पति–गुलाबराम दोंगी<br>3. ग्राम–सोसोखुर्द , पोस्ट–सोसोकला, थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–420/25 2. आवेदक–बिरबल महतो , पिता–रामलगन महतो<br>3. ग्राम–बोरोबींग , पोस्ट–बड़की पोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–421/25 2. आवेदक–शिवशंकर दास , पिता–स्व0 जगदीश रविदास<br>3. ग्राम–बड़गाँव रविदास टोला, पोस्ट–बड़गाँव , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें के सामने कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–504/25 2. आवेदक–श्यामसुन्दर रविदास , पिता–लालू रविदास<br>3. ग्राम–खम्हरा हरिजन टोला , पोस्ट–खम्हरा, थाना–आई ई एल गोमिया`, प्रखण्ड–आई ई एल गोमिया 4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–505/25 2. आवेदक–सुरेश राम , पिता–भाईचंद राम<br>3. ग्राम–घुईटांड, पोस्ट–करगली , थाना–बेरमो, प्रखण्ड–बेरमो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–506/25 2. आवेदक–बंधन रविदास , पिता–अनु रविदास<br>3. ग्राम–खम्हरा हरिजन टोला, पोस्ट–खम्हरा, थाना–आई ई एल गोमिया , प्रखण्ड–आई ई एल गोमिया. 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–353/25 2. आवेदक–भीम दास , पिता–बैजु दास<br>3. ग्राम–श्यामडीह , पोस्ट–कतरास बाजार , थाना–कतरास , प्रखण्ड–बाघमारा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–423/25 2. आवेदक–नरेश महतो , पिता–स्व0 महालाल महतो<br>3. ग्राम–उपर टोला कटिया , पोस्ट–पतरातू, थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–424/25 2. आवेदक–सफीउद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 इब्रहीम अंसारी<br>3. ग्राम–सोलिया , पोस्ट–पलानी, थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में जख्म का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–425/25 2. आवेदक–पूरन महतो , पिता–ललकू महतो<br>3. ग्राम–कोठी , पोस्ट–पाली, थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–426/25 2. आवेदक–ललिता बेदिया , पिता–जागेश्वर बेदिया<br>3. ग्राम–अरमादाग , पोस्ट–पतरातू , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355463 Home (25-26)_D

# मानसून के प्रवेश के साथ ही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

## कई ग्रामीण इलाकों में भारी बारिश में बह गया ग्रामीण पथ, बढ़ी लोगो की परेशानी


भारी बारिश से बह गया पथ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** इस वर्ष मानसून के दस्तक के साथ ही चंदवा में विगत तीन दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के नदी, तालाब, जलाशय के साथ साथ खेत एवं कुएं जलमग्न हो गए हैं, जिससे किसानों के चेहरे में खुशी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर मानसून की शुरूआत में ही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहरी इलाकों में गली मोहल्लों में जल जमाव की समस्या देखने को मिल रही है वहीं ग्रामीण इलाकों में बारिश ने काफी तबाही मचाई है। बारिश के कारण प्रखंड में एक बार फिर से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। जगह जगह पर फॉल्ट होने के कारण तीन दिनों से शहरी क्षेत्र में ब्लैक आउट का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों के कई जरूरी कार्य भी प्रभावित हुआ है।

**ग्रामीण इलाकों में बहा सड़क व पुलिया**

प्रखंड के चीरो ग्राम के तुरी टोला एवं गड़गांवा में ग्रामीण पथ भारी बारिश में बह गया, ग्रामीणों ने बताया कि उक्त ग्रामीण पथ होते गरदाग, तुरी टोला, मुंडा टोली, गड़गांवा के सैकड़ो ग्रामीण स्कूली बच्चे व मजदूर आवागमन करते है जिन्हें काफी परेशानी होगी। ग्रामीण पथ पर जगह-जगह पर एक से डेढ़ फिट का गड्ढा बन गया है जिस कारण आपातकाल में एंबुलेंस भी गांव में नहीं पहुंच पाएगा, ऐसे में लोगों की जान भी जा सकती है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल उक्त पथ को दुरुस्त करने की गुहार भी लगाई है। इसके अलावे प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत बोरसीदाग गांव के समीप पुलिया, जमीरा पंचायत तुपी-कुसुमटोला पथ पर कलभट एवं रेलवे क्रॉसिंग के समीप कलभट बह गया, जिस कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। इधर विधायक प्रकाश राम के निदेर्शानुसार विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने अंकित कुमार व बिट्टू कुमार के साथ बोरसीदाग गांव का दौरा कर बहे पुल का जायजा लिया। रविराज ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

### लगातार बारिश से लवरबंधा नाला पुलिया का अप्रोच पथ ध्वस्त, महुआडांड़-डालटनगंज एसएच-09 पर आवागमन ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बारिश से ध्वस्थ पुलिया।

**महुआडांड।** पिछले 48 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने गारू प्रखंड अंतर्गत महुआडांड़ डालटनगंज मुख्य मार्ग (एसएच-09) पर स्थित मारोमार के निकट लवरबंधा नाला पर निमार्णाधीन पुलिया की अप्रोच पथ को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। तेज बहाव और मिट्टी कटाव की वजह से पुलिया से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग टूट गया, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इस अवरोध के कारण महुआडांड़ से डालटनगंज और लातेहार की ओर जाने वाली सभी बसें और छोटे वाहन वापस लौटने को मजबूर हो गए। स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**लवरबंधा पुलिया की अप्रोच पथ अस्थायी मरम्मत के बाद फिर शुरू हुई आवाजाही**

लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हुए लवरबंधा नाला पुलिया की अप्रोच पथ की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा किया गया। बृस्पतिवार को सुबह से गारू प्रखंड अंतर्गत महुआडांड़-डालटनगंज मुख्य मार्ग (एसएच-09) पर एक बार फिर आवागमन आंशिक रूप से बहाल हो गया है। पुलिया तक का संपर्क मार्ग तेज बहाव और मिट्टी कटाव के चलते टूट गया था, भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप था। केवल छोटे फोर व्हीलर वाहन ही कच्चे और अस्थायी रास्ते से होकर गुजर रहे थे। गारू थाना प्रभारी पारस मणि ने जानकारी दी कि सड़क मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया गया और अब छोटे वाहनों के साथ साथ बसों की भी आंशिक आवाजाही शुरू हो गई है। यदि मौसम अनुकूल रहा, तो स्थायी मरम्मत के बाद जल्द ही पूरी तरह सुचारू आवागमन बहाल हो जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के त्वरित कार्रवाई की सराहना की है, लेकिन साथ ही मांग की है कि पुलिया निर्माण को शीघ्र पूर्ण कर भविष्य में ऐसी स्थिति से बचाव किया जाए।

## तीन दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आरा, चमातू, सेरेगड़ा, गणेशपुर, मुरपा, झाबर, बालू, समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से हो रहे लगातार मूसलाधार वारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वही इस मूसलाधार वाली से नदी, तालाब, खेत ,खलिहान, कुआं में पानी लबा लब भर गया है। अत्यधिक बारिश होने से कई लोगों के मकान चारदीवारी समेत भारी संख्या में नुकसान हुआ है। जिन लोगों का मिट्टी का घर ध्वस्त हुवा है उसमें राहुल गंझु, विजय पासी, शांति देवी, दशरथ पासी, सभी दिवाकर नगर, प्रदीप गंझू, मंगल गंझू, विशाल गंझू, सभी बड़का बालूमाथ, रामचंद्र भुइया, निक्की भुइया, मोहम्मद सज्जाद, सभी हरिजन मुहल्ला बालूमाथ, विजय सिंह बाजार ताड़ का चारदीवारी ध्वस्त हो गया है। वही बालूमाथ बीआरसी एवं बेसिक स्कूल में पानी का निकासी नहीं होने के कारण पूरे


घरों में पानी भरने से परेशान लोग।

बीआरसी परिसर में लबालब पानी भर गया। वही रिया रानी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ललन कुमार गुप्ता के घर 5 फीट तक पानी घुस गया एवं उसका चारदीवारी ध्वस्त गया। बुधवार की देर रात्रि बालूमाथ पुलिस ललन गुप्ता के घर पहुंच कर ऐतिहात बरतने को कहा। काफी मशक्कत के बाद भी उसके घर में समाचार लिखे जाने तक पूरा पानी नही निकाला जा सका था जिस कारण वे लोग दूसरे के घर में शरण लिए हुए है। इधर लगातार मूसलाधार बारिश होने से एक और गरमा फसल लगाने वाले किसानों को काफी नुकसान हुआ है वही मकई एवं धान की खेती करने वाले किसान के चेहरे पर खुशी की रौनक लौट गई है। बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक महेश चंद्र जेरई ने बताया कि जो लोग मार्च एवं अप्रैल में खीरा ककड़ी , कद्दू , नैनवा ,झिंगी फसल लगाए हुए थे उन लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वही इस पानी से धान एवं मकई की खेती करने वाले किसान पानी छुट्टते ही मकई के लिए जोताई करना आरंभ कर दे। तथा धान का बिचड़े भी लगाना आरंभ कर दे। बीआरसी परिसर में भरा हुवा को पानी को काफी मशक्कत के बाद जेसीबी के माध्यम से निकल गया है। इधर अधिक बारिश होने से बालूमाथ बाजार में सन्नाटा छाया रहा। दुकानों में छाता, प्लास्टिक, तिरपाल की जमकर बिक्री हुई। बारिश होने के कारण सुबह 7:00 से ही समाचार लिखे जाने तक 8 धंटा से बालूमाथ का बिजली गुल रहा। बालूमाथ मुखिया नरेश लोहारा ने जो गरीब लोगों का घर गिरा है उनके घर जाकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### लगातार मूसलाधार बारिश से कई मिट्टी खपरैल घर गिरा, मिट्टी मोरम सड़क बहा, बिजली खम्बे भी टूटे


देवी मंडप का क्षतिग्रस्त चारदिवारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे लगातार चार दिनों से बारिश से कई लोगों का मिट्टी खपरैल घर गिरा, वहीं मिट्टी मोरम रोड बह गया साथ ही कई लोगों का चार दीवारी भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। सिबला पंचायत के भाटचतरा मे धोबीयाही कुआँ का पूरा एप्रोच क्षति ग्रस्त हो गया साथ ही देवी मंडप परिसर का चार दीवारी टूटकर बर्वाद हो गया। भाटचतरा के फूलवारिया टिभर तुरी के घर के पास चार विजली पोल गिर गया जिससे विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो गया है। पैसरा मे ग्प्रभु गंझु के घर के समीप यारह हजार वोल्ट का विजली खम्भा


क्षतिग्रस कुआं।

गिर जाने से गांव मे अंधेरा छा गया है। इधर डाढ़ा के बचरा स्थित गोखुलाबाजी मे मिट्टी मोरम रोड रोड पानी की बहाव से बह गया है जिससे लोगों को चलबा भी मुश्किल हो गया है। लगातार बारिश से कई नुकसान हुआ है। हालांकि मीडिया के पास समाचार लिखे जाने तक पूरा आंकड़ा नहीं मिल पाया है।

**स्पीड न्यूज**

### अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल जागरूकता दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, डॉक्टर रवि रंजन, डॉक्टर सुरभी, बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक ने बताया की विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस हर साल मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य सिकल सेल रोग के बारे में लोगों को जानकारी देना है। सिकल सेल एनीमिया एक वंशानुगत बीमारी है जो माता-पिता से जीन के माध्यम से बच्चों में स्थानांतरित होती है। यह लाल रक्त कोशिकाओं के आकार को प्रभावित करता है। जिससे वे दरांती के आकार की हो जाती हैं। सिकल आकार की कोशिकाएं तेजी से टूटती हैं। जिससे एनीमिया हो जाता है। क्योंकि शरीर उन्हें शीघ्रता से प्रतिस्थापित नहीं कर पाता। वहीं उन्होंने बताया कि यह अभियान बालूमाथ में आगामी 25 जून तक चलाया जाएगा। जिसमें एएनएम अपने अपने सेंटर में लोगों को जानकारी देंगी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बीज वितरण की हुई शुरूआत



**चंदवा।** प्रखण्ड के बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार प्रांगण में गुरुवार से राज्य योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण तथा फसल विस्तार योजना अंतर्गत पहले आओ, पहले पाओ स्कीम के तहत प्रखण्ड के किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान, मक्का, उड़द व अरहर बीज वितरण की शुरूआत हुई। अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रो. अंकित कुमार ने बताया कि बीज की खरीददारी में किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार के द्वारा उक्त योजना चलाई जा रही है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों के बीच बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। आगे बताया कि हाइब्रिड धान 188 रुपए 25 पैसे, हाइब्रिड मक्का 126 व 84 रुपए, उड़द 68 रुपए 25 पैसे, अरहर बीज 62 रुपए 50 पैसे किलो की अनुदानित दर सरकार द्वारा किसानों के लिए निर्धारित की गई है। किसान उक्त योजना का लाभ उठाकर अन्नपूर्णा बीज भंडार से बीज की खरीददारी कर सकते है। इन्होंने उक्त योजना का लाभ लेने के लिए किसानों से आधार कार्ड की प्रति साथ लाने की अपील की है।

### खबर का असर : सिंचाई कूप घोटाले में बड़ा एक्शन, रिकवरी आदेश से पंचायत महकमे में मचा हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ **मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व ऑपरेटर पर लगा अर्थदंड, पूरे पैसे की होगी रिकवरी**

**बरवाडीह।** मनरेगा योजनाओं में हो रहे घोटालों पर एक बार फिर मीडिया की ताकत ने असर दिखाया है। खबर मंत्र में प्रकाशित सिंचाई कूप घोटाले की खबर के बाद अब प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। मामला खुरा पंचायत के बभण्डीह गांव का है, जहां वर्ष 2023-24 में विनोद शर्मा के नाम पर 3.96 लाख रुपये की लागत से एक सिंचाई कूप स्वीकृत हुआ था। न जमीन उपलब्ध थी, न खुदाई हुई, फिर भी 73 हजार की निकासी कर दी गई। जैसे ही मामला सामने आया प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल जांच कर स्थल निरीक्षण किया और यह स्पष्ट पाया कि वहां कोई कूप मौजूद नहीं है। इसके बाद संबंधित मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए पूरी राशि की वसूली का आदेश जारी कर दिया गया।

**बिचौलियों में हड़कंप, मनीष कुमार को नोटिस**

रिकवरी आदेश जारी होते ही पंचायत महकमे और उससे जुड़े बिचौलियों में खलबली मच गई। बीडीओ ने घोटाले में संदिग्ध भूमिका निभाने वाले बिचौलिया मनीष कुमार को नोटिस भेजते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है। अब मामला जांच के घेरे में है और ग्रामीणों में यह सवाल उठने लगा है कि क्या कार्रवाई केवल रिकवरी तक सीमित रहेगी, या असली गुनहगारों पर भी शिकंजा कसा जाएगा?


**विधायक की सख्ती और मीडिया का असर**

कुछ दिन पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह ने मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। ताजा कार्रवाई उसी चेतावनी का परिणाम मानी जा रही है। यह घटना यह भी बताती है कि मीडिया की सजगता और जनता का दबाव मिलकर यदि प्रशासन में ईमानदार इच्छाशक्ति को जगाए, तो वर्षों से जमी भ्रष्टाचार की परतें भी उखाड़ी जा सकती हैं। बरवाडीह क्षेत्र में मनरेगा की योजनाओं में पहले भी फर्जीवाड़े उजागर होते रहे हैं, लेकिन अधिकतर मामले कागजों में दबकर रह जाते हैं। यह देखना अब अहम होगा कि यह ताजा कार्रवाई केवल एक रस्म अदायगी बनकर रह जाती है या उदाहरण बनेगी।

## महुआडांड़ में बिजली संकट चरम पर: दो घंटे की रोशनी , बहत्तर घंटे की अंधियारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** झारखंड के महुआडांड़ अनुमंडल में बिजली व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। बिजली विभाग की घोर लापरवाही और अधिकारियों की निष्क्रियता ने आम उपभोक्ताओं की दैनिक ज़िंदगी बेहाल कर दी है। स्थिति यह हो गई है कि स्कूली बच्चे मोबाइल चार्ज करने के लिए बाजारों का चक्कर काट रहे हैं, पढ़ाई ठप पड़ी है, वहीं अभिभावक लगातार हो रही बिजली कटौती से बेहद नाराज हैं।



**72 घंटे में सिर्फ 2-3 घंटे बिजली, बाकी समय अंधकार**

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से महुआडांड़ मुख्यालय समेत अनेकों गांवों में बिजली आपूर्ति बुरी तरह चरमरा गई है। कभी रात 11 बजे तो कभी 2 बजे बिजली आती है, और सुबह 4-5 बजे तक फिर कट जाती है। इससे लोगों का पूरा दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक दिन में मुश्किल से 2-3 घंटे बिजली मिल रही है।

**अधिकारी नहीं उठा रहे फोन, कर्मचारी गायब**

शिकायतें करने के बावजूद न तो बिजली विभाग के अधिकारी फोन उठाते हैं, न ही कोई ठोस पहल करते हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं में यह सवाल उठ रहा है कि अगर यही हाल रहा तो क्या आम नागरिकों को बिजली की जरूरतें पूरी करने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा?

**पर्यटक और सरकारी मेहमान भी हो रहे शर्मिंदा**

महुआडांड़ स्थित जिला परिषद डाकबंगला में ठहरने वाले पर्यटकों और सरकारी अधिकारियों को भी बिजली और पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। बिना बिजली के मोटर नहीं चल पा रही, जिससे नहाने-शौच जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा।

### डाक विभाग द्वारा बालूमाथ थाना में आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई प्राथमिकी दर्ज

**बालूमाथ।** एक सप्ताह पूर्व बालूमाथ सेंट्रल बैंक के मकान मालिक दिलीप कुमार पुत्र हिमांशु कुमार द्वारा डाक विभाग के बाउंड्री तोड़कर जबरन उसमें अवैध रूप से बालू का भंडारण कर दिया। इसकी सूचना डाक विभाग के पोस्ट मास्टर संदीप कुमार को होने के बावजूद भी उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में ग्रामीणों की शिकायत पर डाक अधीक्षक पलामू ने स्वयं संज्ञान लेते हुए पोस्ट मास्टर संदीप कुमार को प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। आनंन फानन में पोस्टमास्टर संदीप कुमार ने रविवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। लेकिन थाना प्रभारी द्वारा सरकारी बाउंड्री तोड़े जाने के आवेदन को गंभीरता से नहीं लेते हुए उन्होंने चार दिनों गुरुवार की शाम तक प्राथमिकी दर्ज कराने में कोई रुचि नही दिखाई।बल्कि उनके द्वारा सरकारी बाउंड्री तोड़ने वाले का बचाव करते हुए उनसे यह लिखवा कर ले लिया गया की तोड़ा गया बाउंड्री हम पुनः जोड़ देंगे। अब प्रश्न यह उठने लगा है कि सरकारी बाउंड्री या कोई भी सरकारी संपत्ति को कभी भी कोई नुकसान कर दे और वह लिखकर यह दे दे कि मैं नुकसान का भरपाई करूंगा तो क्या उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार के पुत्र हिमांशु कुमार का थाना में अच्छी पकड़ होने के कारण अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

### अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरा ट्रक



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमुहान नदी के समीप एनएच पर बने डायवर्सन के पास एक गेहूं लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पलट गया। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण पुल के नीचे जलस्तर बढ़ा हुआ था जिसके कारण ट्रक पूरी तरह दिखाई नहीं दे रहा था,बाद में डायवर्सन टूटने के बाद जब जलस्तर कम हुआ तो ट्रक दिखाई दिया। हालांकि सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा विकल्प के तौर पर नया डायवर्सन तैयार रखा गया था,जिसके कारण वाहनों का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ,लेकिन गेहूं लदे ट्रक के पानी में डूबने से भारी क्षति हुई है। बता दें कि लातेहार से पलामू तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है जिस वजह से पक्की सड़क को चौड़ा करने के लिए कई जगहों पर डायवर्सन का निर्माण किया गया है। वहीं मनिका के दोमुहान नदी के पास भी डायवर्सन बनाया गया है लेकिन डायवर्सन में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पिछले 24 घंटे में हुए मूसलाधार बारिश से नदी का पानी डायवर्सन के ऊपर से बहने लगा, इसी दौरान वहां से गेहूं लदा ट्रक गुजर रहा था जो असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही की इस दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही मनिका थाना से पुलिस की टीम के द्वारा दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था।

### चेक बाउंस मामले में 9 माह का सश्रम कारावास

**लातेहार।** चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे पंकज कुमार यादव को शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जुमार्ना लगाते हुए जेल भेज दिया। जज ने आरोपी पंकज कुमार यादव पर 50 हजार की अतिरिक्त जुमार्ना लगाते हुए नौ माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मामला वर्ष 2018 का है चंदवा निवासी कृष्ण गोपाल साहू को हजारीबाग निवासी पंकज कुमार यादव ने ढाई लाख का चेक दिया था। गोपाल साहू जब बैंक पहुंचे तो बैंक ने राशि अभाव में चेक बाउंस कर दिया। गोपाल साहू ने चेक बाउंस का मामला दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई, वही केस होने के बाद से ही आरोपी पंकज यादव फरार चल रहे थे। अदालत ने आरोपी को ढाई लाख के आलवा जुमार्ना की राशि 50 हजार मिलाकर 3 लाख रुपए परिवादी को ससमय देने का निर्देश दिया, नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। परिवादी के तरफ से अधिवक्ता मिथलेश कुमार और उनके सहयोगी मो. आरिफ खान बहस कर रहें थे।

### होल्डिंग टैक्स: जमा करने पर महिला, दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, सेना एवं ट्रांसजेंडर को 15 प्रतिशत तक का छूट

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अंतर्गत के वित्तीय वर्ष 2025 -26 आवासीय परिसर का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर महिला, दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, सेना एवं ट्रांसजेंडर को 15 प्रतिशत तक का छूट का प्रावधान है। उक्त छूट का प्रावधान 30 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा। सभी होल्डिंग धारी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द होल्डिंग टैक्स जमा करें तथा छूट का लाभ उठावे साथ ही 1 जुलाई 2025 से होल्डिंग टैक्स पेनाल्टी के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। यदि पेनल्टी जमा नहीं करना है। तो वित्तीय वर्ष 2025 -26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून से पहले जमा करें। साथ ही साथ पूर्व के बकाया होल्डिंग टैक्स में किसी प्रकार का छूट का प्रावधान नहीं है। तथा अगर किसी ने अपने घरों कार्य असेसमेंट नहीं कराया है तो वह अपना रिएसेसमेंट करवा ले साथ ही साथ जिन व्यवसाईयों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान का ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है वैसे व्यवसाईयों से अनुरोध है कि अभिलंब अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान का ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा जांच के क्रम में किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान का यदि ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान सील करते हुए झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जिन्होंने भी वॉटर कनेक्शन लिया है तथा उनका वाटर यूजर चार्ज बाकी है अथवा उनका मीटर खराब है वैसे सभी अपना वोटर यूजर चार्ज संबंधित टी.सी से संपर्क करते हुए अथवा कार्यालय से संपर्क करते हुए जमा करे अथवा यदि मीटर खराब है वह भी और अविलंब बंदवाले ले अन्यथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान संबंधित का वॉटर कनेक्शन काट दिया जाएगा।

## बरवाडीह प्रखंड के चहल-नावाडीह में जलमिनार बना सिरदर्द, ठेकेदार गायब, प्रशासन मौन

## ग्रामीणों ने डीसी को भेजा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन, कार्रवाई की उठाई मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत चुंगरू पंचायत के चहल और नावाडीह ग्राम के ग्रामीण अब प्रशासनिक उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी से त्रस्त हो चुके हैं। गांवों में 15 वें वित्त आयोग से लगाए गए जलमिनारों की मरम्मत वर्षों से अधर में लटकी है। मोटर खराब होने के बाद ठेकेदार उसे मरम्मत के नाम पर खोलकर ले जाता है और फिर महीनों तक न उसका कुछ पता चलता है और न जलमिनार की सुध ली जाती है।

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, डीसी को भेजा आवेदन**

इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त सामूहिक आवेदन जिले के उपायुक्त को भेजा है और संबंधित


छह महीने से खराब पड़ा जलमिनार।

ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड प्रशासन व पंचायत के मुखिया से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक न तो जलमिनार दुरुस्त हुआ, न मोटर वापस आई और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी गांव आकर स्थिति का जायजा लेने आया।

**ठेकेदार से न संपर्क, न समाधान**

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस ठेकेदार को मरम्मती का कार्य सौंपा गया है, वह महज मोटर खोलकर ले जाने में ही रुचि रखता है। महीनों तक गायब रहने के बाद वह फोन भी उठाने से कतराता है। यह सिलसिला एक जगह नहीं, बल्कि चुंगरू पंचायत समेत अन्य गांवों में भी देखा जा रहा है।

**प्रशासन पर गंभीर सवाल**

यह सवाल अब गहराता जा रहा है कि आखिर प्रखंड प्रशासन ऐसे गैरजिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्रवाई करने की बजाय संरक्षण क्यों दे रहा है? यही नहीं अभी पंचायतों में चल रहे शिविर में ठिकेदार को बैठे देखा जा सकता है। यही कारण है कि ठिकेदार का मनोबल बढ़ा हुआ है और जनता के पैसे से बने जलमिनार, जो गांव की जीवनरेखा हैं, यूं ही बर्बाद हो रहे हैं। अब देखना है कि उपायुक्त स्तर पर इस आवेदन को कितनी गंभीरता से लिया जाता है।

### व्यवसाई ओम साहू की हृदयाघात से मौत, शोक

**चंदवा।** शहर के चर्चित खैनी व्यवसायी ओम प्रसाद साहू (55) पिता स्व. हरिचरण साहू का आकस्मिक निधन बुधवार की रात हृदयाघात से हो गई। गुरुवार की दोपहर देवनद तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे 2 पुत्र व एक पुत्री छोड़ गये।

## बोकारो डीसी ने लगातार हो रही बारिश में शहर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

# संभावित आपात को लेकर रहे तैयार : अजय नाथ झा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा ने लगातार हो रही बारिश के बीच स्वयं मैदान में उतरकर शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलजमाव गरगा डैम की स्थिति और शहरी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए।

मौके पर एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा डीटीओ वंदना शेजवलकर डीपीआरओ रवि कुमार बीडीओ चास डा प्रदीप कुमार सीओ चास दिवाकर दूबे जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। टीम ने बीएस सिटी क्षेत्र चीराचास पांडेय पुल सोलागीडीह तालाब आइटीआइ मोड़ चास गुरुद्वारा रोड क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण क्रम में गरगा डैम की सुरक्षा को लेकर कई कमियां उजागर हुईं। डीसी ने बीएसएल प्रबंधन एवं डैम की व्यवस्था देखरेख अधिकारियों पर नाराजगी जताई।

उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मरम्मत से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को समर्पित करने को कहा। संभावित आपात स्थिति को लेकर पहले से तैयार रहने पर जोर दिया। डीसी ने शहर के कई हिस्सों में कचरा फैला होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम को अविलंब सफाई को लेकर निर्देश दिया। वहीं जल जमाव की स्थिति से निपटने को लेकर नगर निगम चास नगर परिषद फुसरो एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 24 से 48 घंटे के भीतर तत्काल उपाय करने को कहा। उन्होंने चास स्थित सोलाहडीह तालाब का निरीक्षण क्रम में निर्देश दिया कि घनी आबादी क्षेत्र स्थित तालाबों के किनारे ड्रेस चेंजिंग रूम बनाएं। डीसी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऋषि के परिजनो से मिले गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, दी आर्थिक मदद

## एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बसंतराय थाना छेत्र के मोकलचक गांव में 11 जून को हुए युवक ऋषि कुमार के संदेहास्पद मौत के मामले में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे गुरुवार को दिवंगत युवक के परिजनों से मिलने उनके पैतृक आवास मोकलचक गांव गए और उनके परिवार वालों से मिलकर एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही दोषियों को फांसी दिलाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों से बातचीत करके पता चला कि युवक की हत्या की गई है। यह देश हिंदू मुस्लिम सभी का है सभी की अपनी धार्मिक आजादी है यदि मुसलमानो को हिंदुओं के धार्मिक आयोजन से दिक्कत है तो देश खतरनाक मोड़ पर है। कहा की यदि किसी को लगता है वह हिंदुओं पर अत्याचार कर के बच जाएंगे तो ये चलने वाला नहीं है। उन्होंने पहले भी कहा है कि बसंतराय महागामा मधुपुर मार्गो मुंडा जैसे जगहों की डेमोग्राफी बदल गई है। हो सकता है बांग्लादेशी घुसपैठिए यहां आकर निवास करते हो और आपराधिक घटनाओं में सम्मिलित हो। पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ और थाना प्रभारी से बात कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। निष्पक्ष जांच नहीं होने पर इसकी एन आई ए से जांच कराई जाएगी। उन्होंने वर्तमान गोड्डा विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव का पीड़ित परिवार से अबतक नहीं मिलना को वोट की राजनीति करार दिया। कहा कि परिवार को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि बसंतराय जैसे जगहों पर भी दंगा होने नहीं दिया इसलिए डरने और घबराने की जरूरत किसी को नहीं है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, प्रदीप शर्मा, गौतम झा, प्रमोद झा सुरेश पासवान व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### जिला समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में संपन्न जिला समन्वय समिति की बैठक में मनरेगा पीएम आवास अबुआ आवास बिरसा हरित ग्राम योजना पेयजल खाद्य आपूर्ति सामाजिक सुरक्षा कृषि, पशुपालन शिक्षा व राजस्व सहित प्रमुख विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को समर्पण और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में कुछ प्रखंडों के प्रदर्शन पर असंतोष जताया गया। वहीं कुछ की सराहना की गई। डीसी ने महिलाओं और एससी/एसटी वर्ग की भागीदारी को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीसी ने डोभा योजनाओं में जियो टैगिंग लंबित 961 योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा। डीसी ने लंबित पड़े निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। डीसी ने भूमि विवाद व दाखिल–खारिज और दोहरी जमाबंदी जैसे मामलों का निपटारा मिशन मोड में करने को कहा। साथ ही अवैध कब्जा हटाने व भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। डीसी ने पेयजल, खाद्यान्न वितरण और जन–समस्याओं के निराकरण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने 7 से 15 जुलाई तक विशेष पौधारोपण अभियान चलाने की घोषणा की जिसमें आमजन छात्र एसएचजी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक मेनका एडीसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ सभी बीडीओ सीओ तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने महिलाओं के बीच की सैनिटरी पैड वितरण




फुसरो। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजंता समद ने प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के तहत महिलाओ व युवतियो के बीच सैनिटरी पैड का बितरण की। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण से प्रदेश व देश सशक्त व समृद्ध हो रहा है। प्रियदर्शिनी उड़ान योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की राहें आसान बना रही हैं। जिसमें फील्ड क्वारी और करगली बाजार में महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी नेहा यादव, निखत खातून, रश्मि देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, मनु देवी, गुंजा प्रवीण, लक्ष्मी देवी, मुस्कान कुमारी, गीता सिंह, उषा देवी, लक्ष्मी सुरीन, विजय आदि लोग मौजूद थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपित को 20 वर्ष की सजा

गोड्डा। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ लगातार दुष्कर्म करने आरोपित महागामा थाना क्षेत्र के नेमनियाकिता निवासी अनुपम तिग्गा को दोषी पाकर पोक्सो एक्ट की धारा छह के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 20,000 रुपए जुमार्ना भरने की सजा सुनाई। जुमार्ना का भुगतान नहीं करने की स्थिति में एक माह अतिरिक्त सजा से दंडित किया गया है। दो अगस्त 2022 को महागामा थाना में दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग ने कहा था कि एक वर्ष पहले उसे अनुपम तिग्गा से प्यार हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। इसी बीच अनुपम तिग्गा ने शादी का प्रलोभन देकर उसके घर में आकर 20 जून 2021 को पहली बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद भी लगातार संबंध बनाता रहा। कुछ दिन बाद वह मुझे भगाकर दिल्ली ले गया। दिल्ली में मुझे एक कमरे में कैद कर दिया गया तथा लगातार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब मेरा गर्भ ठहर गया तो जबरन गर्भपात करा दिया। इसके बाद 29 जून 2022 को उसे दिल्ली में अकेले छोड़कर भाग गया। जहां से वह अकेले घर आई।

### स्वांग वन बी और साड़म मे फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया



गोमिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार ने सशस्त्र बल के साथ गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वांग वन बी,साड़म मे फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया गोमिया थाना प्रभारी ने साड़म बाजार में सभी दुकानदारों को अपने दुकानों के सामने वाहन नहीं खड़ा करने की सख्त हिदायत दिया साथ ही प्रमुख दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश भी दिया। फूट पेट्रोलिंग के क्रम में ग्राम स्वांग से स्थानीय गण्यमान्य लोगों से संवाद किया गया। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस पब्लिक समन्वय बनाने का निर्देश देते हुए प्रभारी ने सभी को सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सशक्त है।

## 55 हजार क्यूसेक मीटर प्रति सैकेंड नदी में हो रहा है पानी का बहाव

# तेनुघाट डैम का खोला गया आठ फाटक





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लगातार बारिस होने के कारण दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ा रहा है**

**बेरमो।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेनुघाट डैम का आठ फाटक खुला हुआ है। वहीं लगातार बारिस होने के कारण दामोदर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ा रहा है। वहीं डैम में पानी रखने की क्षमता 852 फीट है जबकि अभी पानी 854 फीट तक हो गया है। वहीं कल दो फाटक खोला गया था और आज सुबह दो फाटक खोला गया है। जब दोपहर में दामोदर नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया तो चार और फाटक खोल दिया गया है। वहीं अभी कुल आठ रेडियल फाटक खुला हुआ है जिससे अत्यधिक मात्र में पानी का बहाव दामोदर नदी में हो रहा है। वहीं भारी वारिश को देखते हुए और भी फाटक खोला जा सकता है। बताते चले की लगातार हो रहे बारिश के कारण तेनुघाट डैम का दो फाटक को गुरुवार सुबह खोला गया और कल दो फाटक रेडियल गेट को खोला गया था। कुल मिलाकर चार गेट को खोला गया था। वहीं दो बजे के बाद और चार फाटक खोल दिया गया, जिससे दामोदर नदी में 55 हजार क्यूसेक प्रति मीटर सेकेंड में पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। जिससे दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ गया है ऐसे में जिला प्रशासन ने इसको लेकर लोगों को सतर्क भी किया है। दामोदर किनारे रहने वाले लोग और दामोदर नदी में मछली मारनेवाले और स्नान करने वाले लोगो को जिला प्रशासन के द्वारा आगाह करते हुए इसकी जानकारी दे दी गई है। जरूरत पड़ने पर और भी रेडियल गेट खोलने की बात कही गई है।


# डालमिया सीमेंट ने की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड की सीएसआर इकाई- डालमिया भारत फाउंडेशन ने महिलाओं को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रेड कारपेट लर्निंग इंस्टीट्यूट के साथ दीक्षा पहल के अंतर्गत एक एमओयू किया है। इस पहल के तहत असम पश्चिम बंगाल और झारखंड में 10 बैचों में कुल 300 महिलाओं को ऑटोमोबाइल सेक्टर की ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन प्रमुख क्षेत्रों- शोरूम होस्ट व टेली-कॉलर और टू-व्हीलर सर्विस असिस्टेंट में प्रशिक्षण अगस्त 2025 से शुरू होकर दिसंबर 2025 तक चलेगा। ट्रेनिंग के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की दसवीं पास महिलाएं पात्र होंगी। सफल प्रतिभागियों को लगभग 10000 प्रति माह की शुरूआती आय वाली नौकरी मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और मूल्यांकन तीन चरणों में होगा। कोर्स पूरा करने वाली महिलाओं को 90% प्लेसमेंट सहायता दी जाएगी। इस साझेदारी पर डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता और रेड कार्पेट लर्निंग इंस्टीट्यूट के पार्टनर बिटन रॉय ने हस्ताक्षर किए। दोनों अधिकारियों ने महिलाओं के कौशल विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अब तक दीक्षा के तहत 23624 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं।

# बोकारो : स्वामी अद्वैतानंद ने आत्मज्ञान के पथ पर अग्रसर होने की दी प्रेरणा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चिन्मय मिशन केंद्र जनवृत-5 द्वारा चिन्मय विद्यालय बोकारो में आयोजित छह दिवसीय ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस की संध्या पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती जी ने श्रीराम-वाल्मीकि संवाद के माध्यम से सच्चे भक्त की पहचान को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रभु उन हृदयों में वास करते हैं जहां लोभ मोह राग-द्वेष अभिमान और क्रोध नहीं होता। उन्होंने कहा कि वास्तव में धन्य वही है जो अपने सच्चिदानंद स्वरूप को जान ले और परमात्मा से एकाकार हो जाए। स्वामी जी ने कहा कि संसार की भौतिक उपलब्धियां अंत में व्यक्ति को शून्यता का अनुभव कराती हैं जबकि आत्मिक जीवन में ही सच्ची तृप्ति है। उन्होंने भक्तों को संतों की संगति में आत्मज्ञान के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। स्वामी जी ने कहा कि ज्ञान गंगा में निरंतर डुबकी लगाते रहने से हमारे भीतर छिपे दुख व दोष और अज्ञान का प्रक्षालन संभव है। उन्होंने कहा- संपूर्ण दृश्यमान जगत ही ब्रह्म से ओत प्रोत है। हमेशा इसी बोध के साथ जीएं। ज्ञान मार्गी बनें तभी आपका जीवन सार्थक और धन्य होगा। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम लला की आरती संपन्न हुई। स्वामी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पुस्तकें भेंट कीं और प्रसाद वितरण हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो के डीसी अजय नाथ झा के अलावा चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा नरमेन्द्र कुमार गोपाल चंद्र मुंशी विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी छात्र परिषद के सदस्य और चिन्मय मिशन के पदाधिकारी तथा भक्तगण उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ बासुकीनाथ महादेव मंदिर और पार्वती मंदिर महोत्सव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह 16 नम्बर मे श्री श्री बासुकीनाथ महादेव मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर का वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार की सुबह से ही यहां भक्तो की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ आई थी। बताते चले की आयोजन की शुरूआत मंदिर परिसर से भव्य रुप से गाजे बाजे के साथ कलस यात्रा निकाली गई जो यात्रा दामोदर नदी तट से जल उठाकर मंदिर परिसर में वापस लौटी। इसके बाद मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और कलश स्थापित की गई। जबकि पूजा समिति के अनुसार संध्या 6:00 बजे से यहां भजन कीर्तन का आयोजन मंदिर परिसर में किया जायेगा। वहीं 20 जून को दोपहर को प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बताया गया कि रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होगा और इस कार्यक्रम का आयोजक श्री श्री बासुकीनाथ नाथ मंदिर एवं मां पार्वती मंदिर समिति जारंगडीह 16 नंबर द्वारा किया जा रहा हैं। जबकि इस समिति के अध्यक्ष नित्य मेथी, सचिव श्याम सिंह सोनार ने उपरोक्त जानकारी मिडिया को दी।

# लाखों अर्जित हो सकते स्क्रैप से : अजय कुमार




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल के लगभग सभी क्षेत्रों में दर्जनों वहान स्क्रैप में तब्दील हो चुके हैं। किसी किसी परियोजना में 20 वर्ष 15 वर्ष 10 वर्ष से बेकार पड़े स्क्रैप के नीलामी नहीं हो पाने से लाखों रुपया का नुकसान हो रहा है। स्क्रैप पॉलिसी बनाकर इन सारे चीजों का सर्वे करवा कर स्क्रैप उठाव से जहां पर स्क्रैप पड़े हैं वहां की सफाई हो सकेगी साथ ही छोटे-मोटे चोरी के नियत से जो लोग चहल कदमी करते हैं उसमें भी कमी आएगी। कथारा क्षेत्र के सभी परियोजनाओं को मिलाकर लगभग 50 ऐसे चार पहिया छह पहिया वाहन बेकार पड़े हैं, उसके उठाव से लाखों रुपया कंपनी को अर्जित हो सकता है। लेकिन लंबे समय से इस पर ठोस कदम अथवा ठोस निर्णय नहीं ले पाने की स्थिति में स्क्रैप का उठाव संभव नहीं हो पा रहा है। सीसीएल के अध्यक्ष सह, प्रबंध निदेशक, तथा महाप्रबंधक भंडार सीसीएल मुख्यालय का ध्यान आकर्षण करते हुए स्क्रैप का उठाव जल्द करवाने से सीसीएल को लाखों रुपया प्राप्त हो सकता है इस संदर्भ में कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहां है कि प्रबंधन जल्द ही बेकार पड़े स्क्रैप की नीलामी करके बेकार पड़े वाहनों के स्थान को सफाई भी किया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### आफत की बारिश...

**बारिश ने छीनी कई जिंदगियां :** भारी बारिश से पूरे झारखंड में हर ओर तबाही ही नजर आ रही है। खूंटी जिले में निमार्णाधीन कुएं के धंस जाने से उसमें नीचे 22 घंटे तक दबे रहने के बाद दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया। तमाड़ में एक मासूम बच्ची के ऊपर दीवार गिरी और उस मलबे में दबने से उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान संयोति कुमारी के रूप में हुई। चक्रधरपुर में मिट्टी का मकान गिर जाने से एक महिला की मौत हो गयी। तीन बच्चों के घायल होने की खबर है। चान्हो के बढ़ईया में पड़ोसी की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। खूंटी के तोरपा में छत गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक युवक राजकुमार मांझी खूंटी में चौधरी मेडिकल हॉल में काम करता था। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राजकुमार को मलबे से निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि, परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**रिम्स के बेसमेंट में घुसा पानी :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भर गया है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर तक में बारिश का पानी जमा हो गया है। कर्मचारियों को पानी निकालने में लगाया गया है।

ठाकुरगांव में मूसलाधार बारिश से एकैशि महादेव मंदिर में भुर नदी का पानी उफान पर पहुंच गया है। सोनाहातू प्रखंड में लगातार हो रही बारिश से प्रखंड के सभी नदी नाले उफान पर हैं। स्वर्णरेखा नदी के उफान पर होने के चलते सतीघाट मंदिर डूब गया है। इटकी में चचगुरा से भंडरा सड़क का डाइवर्जन ही बह गया है। पर्यटनकर्मियों ने पर्यटकों को फॉल के करीब जाने पर रोक लगा दी है।

**कई ट्रेन हुई प्रभावित :** झारखंड में हो रही तेज बारिश का असर ट्रेन संचालन पर भी हो रहा है। रेलवे ने बड़काखना टाटा को रद्द कर दिया है। इसके अलावा रांची हावड़ा ट्रेन को डायवर्ट रूट से चलाने का फैसला लिया है। इलाके में तेज बारिश के कारण सड़क यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

**सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर :** रांची में भी लगातार बारिश हो रही है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की सभी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। इससे नदी के आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई इलाकों में घरों में भी पानी भरने लगा है।

**जमशेदपुर में बाढ़ जैसे हालात :** भारी बारिश का असर जमशेदपुर में भी देखने को मिल रहा है। यहां दो दिनों से लगातार बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया है। कई इलाके जलमग्न हो गये हैं। इलाके में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बारिश के कारण जमशेदपुर में सोनारी एयरपोर्ट की दीवार, जमशेदपुर में एक स्कूल की चहारदीवारी गिर गयी। जमशेदपुर की आशियाना वुडलैंड सोसाइटी में इतना पानी भर गया है कि नाव से आना और जाना करना पड़ रहा है। चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर पर पहुंच गया। डैम के सात फाटक को ढाई-ढाई मीटर तक खोल दिया गया। इससे स्वर्णरेखा नदी पूरे उफान पर आ गई। तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

**कहां कितनी बारिश :** रांची मौसम केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में बारिश में जमशेदपुर में सर्वाधिक 247.2 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। सरायकेला-खरसावां में 237.5 मिमी, रांची के कांके में 260.4 मिमी, लातेहार में 150 मिमी, चाईबासा में 123.3 मिमी, और डाल्टनगंज में 107.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी। रांची मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि गंगा के तटीय क्षेत्र पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि अगले 24 घंटों में यह क्षेत्र झारखंड से आगे बढ़ जायेगा।

**आज की मौसम चेतावनी :** 20 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा, और लातेहार जिलों में भारी बारिश की संभावना के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, और दुमका जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। मूसलाधार बारिश से अधिकतम तापमान में कमी आयी है।

**मूसलधार बारिश से रांची बेहाल :** राजधानी रांची में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर की छोटी-बड़ी सड़कें जलमग्न हैं। वहीं हरमू और स्वर्णरेखा जैसी प्रमुख नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। स्वर्णरेखा नदी के किनारे बसे कुछ इलाकों में पानी घरों में घुस गया है। कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा। हरमू नदी और अन्य बड़े नाले भी उफान पर हैं, जिससे आस-पास के इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात हैं।

**एयरपोर्ट जाने वाली सड़क भी जाम :** भारी बारिश से शहर में ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो गयी है। इधर एयरपोर्ट रोड पर भी एक ट्रैक्टर, रोड धंसने के कारण पलट गया। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाने वाली सड़क में जाम की स्थिति बन गयी, जिससे एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। फिलहाल रांची व आसपास के जिलों में राहत व बचाव दल को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

### सिकल सेल पर...

उन्होंने यह भी कहा कि वे सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं मानते हैं, फिर भी इस संक्रमण से प्रभावित लोगों का इलाज और अन्य समस्याओं का समाधान तभी सम्भव होगा जब वे अपनी बातें तथा परेशानियों को खुलकर रखेंगे। युवक-युवतियों ने अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने खुलकर रखा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा डॉ कनीनिका मित्र, प्रमुख, यूनिसेफ झारखंड, डॉ विवेक सिंह, आस्था अलंग, डॉ वनेश माथुर, शिवानी मौजूद थीं।

स्पीड न्यूज

## राजा हत्या में सोनम और राज की पुलिस हिरासत दो दिन बढ़ी

शिलांग। इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा की पुलिस हिरासत को शिलांग के जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार को दो दिन के लिए बढ़ा दिया। इस सनसनीखेज हत्या मामले में मेघालय पुलिस ने गुरुवार को सभी पांच आरोपितों सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को अदालत में पेश किया। पुलिस ने सोनम और राज की हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच के शेष हिस्से पूरे करने के लिए और समय चाहिए। इस पर कोर्ट ने दोनों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी।

## नेपाल में मिथेन गैस का बड़ा भंडार मिला

काठमांडू। नेपाल के दैलेख जिला में प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार मिलने का दावा किया गया है। तेल उत्खनन करने गई चीनी कंपनी को मिथेन गैस का भंडार मिलने की जानकारी नेपाल सरकार को दी गई है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि प्राकृतिक गैस का मिला भंडार नेपाल की घरेलू खपत के लिए 50 वर्षों के लिए पर्याप्त है। चाइना जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले दैलेख में भौगोलिक अध्ययन कराया था, जिसमें इस क्षेत्र में ट्रैक भंडार होने की रिपोर्ट सौंपी गई थी। उद्योग वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री दामोदर भंडारी ने कहा कि उत्खनन की प्रारंभिक रिपोर्ट से वहां मिथेन गैस होने की बात सुनिश्चित हुई है।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को चार दिन के बाद गुरुवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें पेट से संबंधित बीमारी के कारण 15 जून को भर्ती कराया गया था।डिस्चार्ज होने पर सोनिया गांधी को लेने उनके बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अस्पताल पहुंचे थे। पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने सोनिया गांधी के जल्द ठीक होने की कामना की है। डॉक्टरों ने सोनिया को आराम करने की सलाह दी।

## भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस के बीच हर दो वर्ष में होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति बुधवार को फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कैवेलरी में शुरू हुआ। शक्ति के आठवें संस्करण में भारतीय सेना की टुकड़ी में 90 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। इस टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 कर्मी शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 डीबीएलई) कर रही है।

## तीन देशों की यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद गुरूवार अपराह्न स्वदेश लौट आये। मोदी पांच दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया से राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री रविवार को यात्रा के पहले पड़ाव पर साइप्रस के लिए रवाना हुए थे। साइप्रस में उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ह्यग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ह्व से सम्मानित किया। साइप्रस में दो दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को वह कनाड़ा पहुंचे जहां उन्होंने जी-7 देशों की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की। मोदी बुधवार को यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। किसी भारतीय पीएम की यह पहली क्रोएशिया यात्रा थी।

# ट्रंप ने ईरान पर हमले को दी मंजूरी

- मैं अंतिम निर्णय समय से एक सेकंड पहले लेना पसंद करता हूं, खासकर युद्ध के समय : राष्ट्रपति

एजेंसी



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान पर हमले को मंजूरी दी है। उन्होंने इस बात पर अंतिम निर्णय नहीं लिया कि हमला किया जाए या नहीं। औपचारिक रूप से वह यह भी तय नहीं कर पाए हैं कि इजराइल के हवाई अभियान में शामिल हुआ जाए या नहीं। अमेरिका के सीबीएस न्यूज चैनल ने अपनी 18 जून को प्रसारित रिपोर्ट में यह दावा एक वरिष्ठ खुफिया सूत्र और रक्षा विभाग के अधिकारी के हवाले से किया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अगर तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने पर सहमत हो जाता है तो अमेरिका हमला नहीं करेगा। यह बात ट्रंप ने हमले की योजना को मंजूरी देते हुए कही। चैनल के अनुसार, यह खबर सबसे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी। व्हाइट हाउस ने इस पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। ट्रंप ईरान के फोर्डो भूमिगत यूरेनियम संवर्धन सुविधा पर अमेरिकी हमले पर विचार कर रहे थे। पिछले सप्ताह के अंत में ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बमबारी शुरू करने के बाद से इजराइल ने अभी तक फोर्डो पर हमला नहीं किया है। ट्रंप ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने ईरान पर हमला करने के बारे में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि मैं अंतिम निर्णय समय से एक सेकंड पहले लेना पसंद करता हूं, क्योंकि चीजें बदलती रहती हैं, खासकर युद्ध के साथ। उन्होंने बुधवार को पहले कहा कि मैं यह कर सकता हूं। मैं यह नहीं भी कर सकता। मेरा मतलब है, कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर बातचीत करे। ईरान ने बुधवार को कहा कि वह दबाव में बातचीत नहीं करता है। उसने कहा कि वह किसी भी खतरे का जवाब धमकी से देगा। एक वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी और मामले की जानकारी रखने वाले पेंटागन अधिकारी के अनुसार, यदि अमेरिका इजराइली अभियान में शामिल होता है तो ईरान ने मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर हमले के लिए मिसाइल और उपकरण तैयार किए हैं।

यूएस टुडे अखबार के अनुसार, पेंटागन के पास ईरान पर संभावित हमले के बाद की स्थिति संभालने के लिए कम से कम 40,000 सैनिक पहले से मध्य पूर्व में हैं। यह सैनिक इस समय बहरीन से लेकर सीरिया और बीच के स्थानों पर तैनात हैं। अगर अमेरिका ईरान की परमाणु सुविधाओं पर चल रहे हमले में इजरायल के साथ शामिल होता है, तो यह सैनिक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन या आतंकवाद से जुड़े जवाबी हमलों में मदद करेंगे।

## इजराइल कर सकता है खामेनेई के बंकर पर हमला

- ईरान के सर्वोच्च नेता को अब जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है : काट्ज
- खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

एजेंसी



**तेल अवीव।** इजराइल के रक्षामंत्री इजराइल काट्ज ने यह कहकर सनसनी मचा दी है कि उसके सबसे बड़े अस्पताल में मिसाइलों से हमला कराने वाले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अब जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसके बाद ऐसी आशंका है कि इजराइल अब बंकर में परिवार समेत छुपे खामेनेई पर कभी भी हमला कर सकता है। आर वोलंट मीडिया यूके लिमिटेड के ईरान इनसाइट की एक खबर के अनुसार, संभव है अब 86 वर्षीय खामेनेई को बंकर से सुरंग के रास्ते कहीं और भेज दिया गया है। अब किसी को नहीं पता कि सर्वोच्च नेता को किस जगह रखा गया है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि खामेनेई को सुरंगों के माध्यम से मशहद में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। मशहद पूर्वी ईरान में है। यह राजधानी तेहरान से करीब 850 किलोमीटर दूर है।

**खामेनेई ने शक्तियां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को सौंपी :** इस बीच एक खबर में कहा जा रहा है कि खामेनेई ने ईरानी सेना की सर्वोच्च परिषद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को प्रमुख शक्तियां सौंप दी हैं। ईरान इनसाइट के अनुसार, खामेनेई को उनके बेटे मोजतबा सहित उनके करीबी परिवार के सदस्यों के साथ उत्तर-पूर्वी तेहरान में एक भूमिगत बंकर में भेज दिया गया है। ईरानी राज्य मीडिया ने इस खबर पर चुप्पी साध रखी है। अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि सेना अब रणनीतिक संचालन, खुफिया निर्देशों और क्षेत्रीय कमांड समन्वय पर विस्तारित नियंत्रण रखती है।

**काट्ज ने की हिटलर से तुलना :** इजरायल के रक्षामंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अब जीवित रहने का अधिकार नहीं है। होलोन के केंद्रीय शहर में पत्रकारों से कैट्ज ने कहा कि ईरान की मिसाइलों ने रातभर तबाही मचाई है। सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला किया है। उन्होंने खामेनेई की तुलना जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर से की।

**ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट :** इंटरनेट गवर्नेंस की निगरानी करने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार दोपहर ईरान में इंटरनेट कनेक्टिविटी 78 फीसद से घटकर 3 फीसद रह गई। ईरान के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा कारणों से अस्थायी इंटरनेट प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसा इसलिए कि इजराइली हमलों के शुरू होने के बाद से ईरान को आंशिक इंटरनेट आउटेज का सामना करना पड़ रहा है।

**इजराइल ने सेना से हमला तेज करने को कहा :** इजराइल के रक्षामंत्री काट्ज ने अस्पतालों और आवासीय भवनों के खिलाफ जानबूझकर किए गए हमलों का हवाला देते हुए सेना को ईरान में रणनीतिक लक्ष्यों के खिलाफ हमले तेज करने का निर्देश दिया है।

### तेहरान के आसमान पर किलेबंदी

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे से ठीक पहले टेलीग्राम पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया है कि तेहरान के ऊपर वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के स्थानों पर अब इजराइल के लिए हमला करना आसान नहीं होगा। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि हम आत्मरक्षा के लिए काम कर रहे हैं।

### इरान के अराक जल रिएक्टर पर हमला

ईरान ने कहा कि इजराइल ने गुरुवार को उसके अराक भारी जल रिएक्टर पर बम बरसाए हैं। यह स्थान राजधानी तेहरान से लगभग 155 मील (250 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में है। यह एक परमाणु सुविधा केंद्र है। स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे के आसपास सुविधा पर दो प्रोजेक्टाइल दागे गए।

# प्रधानमंत्री आज बिहार में कई योजनाओं का देंगे सौगात

- सिवान में पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंद भारत एक्सप्रस को रवाना करेंग
- मढ़ौहारा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो गिनी को भेजा जायेगा



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 और 21 जून को बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह तीनों राज्यों में जल, रेल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सड़क और स्वच्छता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का पहला पड़ाव 20 जून को बिहार के सिवान में होगा, जहां वह दोपहर 12 बजे से विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री वैशाली से देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना करेंगे, जो मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी, जिससे उत्तर बिहार में कनेक्टिविटी को बड़ा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौहारा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बिहार में 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की जाएगी।

# जेंडर बजट विकास का दृष्टिकोण: अन्नपूर्णा

- 4.49 लाख करोड़ रुपये के बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 4.49 लाख करोड़ रुपये के जेंडर बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिला हितधारकों की प्राथमिकता–यह साबित करता है कि अब बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण है। यह बदलाव महिलाओं को लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता बना रहा है। जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मंत्रालयों, राज्यों, सहयोगी संस्थानों और विशेषज्ञों की सहभागिता ने महिला नेतृत्व में विकास के साझा संकल्प को सशक्त किया। यह संवाद, समावेशी नीति निर्माण की दिशा में अहम कदम रहा। अन्नपूर्णा देवी गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मौजूद विशेषज्ञों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने ऐसे भविष्य की नींव रखी है जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं बल्कि- वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की महिलाओं ने अपने दृढ़-संकल्प से, विकसित भारत निर्माण में नित नए आयाम स्थापित किए हैं। वे चुनौतियों को अवसर में बदल रही हैं। अन्नपूर्णा ने कहा कि मंत्रालय द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, वुमन हेल्पलाइन ने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लिए इस बार के बजट में 3150 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। जिससे 3 करोड़ 66 लाख लाभार्थी महिलाओं को स्वस्थ व सुरक्षित शिशु जन्म व उसकी देखभाल में सहायता प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की दो प्रमुख योजनाएं- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया- इस परिवर्तन में एक निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिला उधमियों को प्रदान किए गए हैं। यह महिलाओं के नेतृत्व वाले बिजनेस महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमी को प्रोत्साहित करने में केंद्र सरकार की भूमिका को दर्शाता है।

# रांची समेत 11 ठिकानों पर ईडी का छापा

- नीट-यूजी पेपर लीक और बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाला मामले में संजीव मुखिया के कई ठिकानों पर दबिश

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार को 2024 के नीट-यूजी पेपर लीक मामले और बिहार बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले के सिलसिले में देशभर के 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। नीट पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने की एक टीम ने बिहार के नालंदा के नगरनौसा में संजीव मुखिया के बलवा गांव में डॉ शिव कुमार और गोसाईमठ निवासी संदीप कुमार के घर छापेमारी कर तलाशी ली। पूरे मामले में नालंदा के संजीव मुखिया, उसका पुत्र और उसके गैंग का नाम सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम जब नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र में एक आरोपित के घर छापेमारी करने पहुंची तो वहां लोगों ने हंगामा किया। छापेमारी के दौरान घर के एक सदस्य ने ईडी अधिकारी का मोबाइल फोन छीन लिया। हालांकि नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन मिश्रा ने मोबाइल छीनने की बात से इंकार किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसके साथ ही बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले के सिलसिले में देशभर के 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। ईडी अधिकारी के अनुसार यह कार्रवाई दिल्ली ईडी टीम की अगुवाई में की जा रही है जिसमें पटना, नालंदा, रांची, लखनऊ और कोलकाता समेत कई शहर शामिल हैं। ईडी की शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि इस भर्ती घोटाले के पीछे वही मास्टरमाइंड हैं जो 2024 के चर्चित नीट-यूजी पेपर लीक कांड में शामिल थे। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई पीएमएलए) के तहत की जा रही है। नीट-यूजी और बिहार कॉस्टेबल भर्ती घोटाले के मास्टरमाइंड एक ही हैं। नीट यूजी पेपर लीक कांड का मुख्य आरोपित संजीव मुखिया पुलिस गिरफ्त में है जबकि उसका बेटा डॉ शिव कुमार जो हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया है। वह अपनी मां ममता सिन्हा के चुनाव प्रचार में सक्रिय है। ममता सिन्हा 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में हरनौत सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एयर इंडिया ने 15 % की कटौती

**नयी दिल्ली।** टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करने का ऐलान किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करने का ये फैसला 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद शुरू हुई सुरक्षा जांच, ईरानी एयर स्पेस के बंद होने और अन्य तकनीकी कारणों की वजह से लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई ये कटौती कम से कम जुलाई के पहले पखवाड़े तक जारी रहेगी। एयर इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि एयर इंडिया के सामने उत्पन्न कठिन स्थितियों को देखते हुए एयरलाइन के ऑपरेशन की स्थिरता और बेहतर दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए तथा मुसाफिरों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन ने अगले कुछ सप्ताह तक अंतरराष्ट्रीय विमान की उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कटौती शुक्रवार 20 जून से लागू की जाएगी, जो कम से कम मध्य जुलाई तक जारी रहेगी।




# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 83 और निफ्टी 19 अंक फिसला




एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संकेतों और मध्य-पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा। सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093.75 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा।

निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और 24,733.40 अंक के निचले जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

### निवेशकों को पौने चार लाख करोड़ नुकसान

शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने चार लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 442 .58 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को इनका मार्केट कैप 446 .28 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3 .70 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

